e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 12, अंक 117
मंगलवार
29.04.2025
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

जो बिन कहे सुन ले वो दिल के बेहद करीब होते है, ऐसे नाजुक एहसास बड़े भाग्य से नसीब होते है!

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### टेलीग्राम टास्क के जरिए ठगी, पांच आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद :** टेलीग्राम टास्क के जरिये पैसे कमाने का लालच देकर ठगी करने के मामले में पांच आरोपियों को साइबर थाना एनआईटी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने सोमवार को बताया कि साइबर थाना एनआईटी में फ्रेंड्स कॉलोनी, फरीदाबाद के रहने वाले व्यक्ति ने शिकायत दी जिसमें आरोप लगाया कि उसके फोन पर 27 मार्च को पार्ट टाइम जॉब के लिए मैसेज आया। जिसके बाद उसने ठगों से बात कि और उन्होने उसे टेलिग्राम पर जुडने की बात कही, जिस पर ठगों ने उसे गुगल मेप की रेटिंग का टास्क दिया। जिसके बाद ठगों ने उसे पैड टास्क के जरिये अधिक पैसे कमाने का लालच दिया और लालच में आकर शिकायतकर्ता ने टास्क के लिए ठगों के द्वारा दिए गए खाता में कुल चार लाख छह हजार 500 रुपए ट्रांस्फर कर दिये। जिसके बदले में शिकायतकर्ता को कोई पैसा वापिस नहीं किया गया। जिसपर साइबर थाना एनआईटी में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए 5 आरोपी मनोज सिंह निवासी दुर्गा कॉलोनी जयपुर, जतिन सिंह निवासी जयपुर राजस्थान, गौतम मीणा निवासी दौसा जयपुर राजस्थान, कल्पेश निवासी टीबा वाली ढाणी दौसा राजस्थान हाल जयपुर राजस्थान, महेन्द्र मीणा निवासी प्रहलादपुरा, दौसा राजस्थान को दौसा से गिरफ्तार किया है।

### एरियर भुगतान के बदले प्रभारी अकाउंटेंट ने मांगी 6600 रुपये रिश्वत, लोकायुक्त ने रंगे हाथों पकड़ा

**बड़वानी :** मध्य प्रदेश में लोकायुक्त पुलिस द्वारा लगातार भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई जारी है। इसके बाद भ्रष्टाचार के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे है। ताजा मामले में बड़वानी जिले में सोमवार को लोकायुक्त ने प्रभारी अकाउंटेंट को 6,600 रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा है। आरोपित अकाउंटेंट द्वारा एरियर भुगतान के एवज में राशि मांगी गई थी।जानकारी के अनुसार आरोपी प्रभारी अकाउंटेंट हीरालाल गुप्ता ठीकरी विकासखंड के शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मदरानीया में बतौर अतिथि शिक्षक भी पदस्थ है। लोकायुक्त में मामले की शिकायत प्राथमिक शिक्षक संजय वर्मा ने की थी। फरियादी वर्मा ने बताया कि उनका जनवरी 2020 से अक्टूबर 2024 तक का वेतन विसंगति का एरियर एक लाख 33 हजार 805 रुपये बकाया था। इसके भुगतान के लिए जब वे लेखापाल से मिले तो आरोपित हीरालाल गुप्ता ने कुल राशि का पांच प्रतिशत यानी 6,600 रुपये की रिश्वत मांगी। जांच उपरांत शिकायत सही पाये जाने पर लोकायुक्त ने आरोपी को रंगे हाथों पकड़ने की योजना बनाई। तय योजना के अनुसार सोमवार सुबह फरियादी रिश्वत की रकम लेकर देने पहुंचा। तभी टीम ने इसे स्कूल के मेन गेट पर पकड़ लिया। शिकायत की जांच के बाद लोकायुक्त की 8 सदस्यीय टीम ने कार्रवाई की।

### केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल लंदन पहुंचे, यूके के व्यापार सचिव के साथ की बातचीत

**नई दिल्ली :** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल सोमवार सुबह लंदन पहुंचे। गोयल ने यूके के व्यापार और व्यापार सचिव जोनाथन रेनॉल्ड्स के साथ बातचीत की। वे तीन शहरों- लंदन, ओस्लो और ब्रुसेल्स के 5 दिवसीय आधिकारिक दौरे पर हैं। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने 'एक्स' पोस्ट पर बताया कि द्विपक्षीय व्यापार और निवेश संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से दो दिनों की आकर्षक चर्चा के लिए सुबह लंदन पहुंचा।

### चुटकी




### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 24⁰ |
| न्युनतम | 13⁰ |

भारत और फ्रांस ने दिल्ली में 63 हजार करोड़ रुपये के रक्षा सौदे पर किए हस्ताक्षर

# भारत खरीदेगा 26 राफेल मरीन लड़ाकू विमान

एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारत और फ्रांस ने सोमवार को दिल्ली में 26 राफेल मरीन लड़ाकू विमानों के लिए 63 हजार करोड़ रुपये के सौदे पर हस्ताक्षर किए। भारतीय पक्ष का प्रतिनिधित्व रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने किया,जबकि नौसेना के उप प्रमुख वाइस एडमिरल के स्वामीनाथन भी मौजूद थे। इससे पहले फ्रांस के रक्षा मंत्री खुद हस्ताक्षर समारोह में शामिल होने वाले थे, लेकिन उन्हें व्यक्तिगत कारणों से अपनी यात्रा रद्द करनी पड़ी। हालांकि, हस्ताक्षर समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मौजूद थे।जुलाई 2023 में रक्षा मंत्रालय ने विचार-विमर्श और मूल्यांकन परीक्षणों के बाद मेगा अधिग्रहण के लिए प्रारंभिक स्वीकृति दी थी। इस सौदे के तहत भारतीय नौसेना को राफेल (मरीन) जेट विमानों के निर्माता डसॉल्ट एविएशन से हथियार प्रणाली और कलपुर्जे सहित संबंधित सहायक उपकरण भी मिलेंगे। राफेल एम जेट आईएनएस विक्रांत से संचालित होंगे और मौजूदा मिग-29के बेड़े का सहयोग करेंगे। भारतीय वायु सेना पहले से ही 2016 में खरीदे गए 36 राफेल विमानों का बेड़ा संचालित कर रही है। ये विमान अंबाला और हासीमारा में स्थित हैं। इस नए सौदे से भारत में राफेल जेट विमानों की कुल संख्या बढ़कर 62 हो जाएगी, जिससे देश के 4.5 पीढ़ी के लड़ाकू विमानों के बेड़े में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। सूत्रों ने बताया कि भारतीय विमानवाहक पोतों, विशेष रूप से आईएनएस विक्रांत पर तैनाती के लिए 26 राफेल मरीन लड़ाकू विमानों की तत्काल आवश्यकता है। बता दें कि खराब प्रदर्शन और रखरखाव संबंधी मुद्दों के कारण मिग-29के लड़ाकू विमानों के मौजूदा बेड़े को हटाने की तैयारी की जा रही है।

9 अप्रैल को समिति ने सबसे बड़े रक्षा सौदे को दी थी मंजूरी

भारत ने इस महीने की शुरुआत में 9 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में सुरक्षा पर कैबिनेट समिति की बैठक के दौरान 26 राफेल समुद्री लड़ाकू विमानों के लिए अपने सबसे बड़े रक्षा सौदे को मंजूरी दी थी। इस अनुबंध में 22 सिंगल-सीटर और चार ट्विन-सीटर जेट शामिल हैं, साथ ही बेड़े के रखरखाव, रसद सहायता, कर्मियों के प्रशिक्षण और स्वदेशी घटक निर्माण के लिए एक व्यापक पैकेज भी शामिल है।

### पाकिस्तान ने स्कर्दू एयरबेस पर तैनात किया लड़ाकू विमान

**इस्लामाबाद:** पाकिस्तान, भारत से बुरी तरह घबराया हुआ है और उसे डर है कि कहीं भारत उसके खिलाफ एयरस्ट्राइक ना कर दे। इसी बात को ध्यान में रखते हुए पाकिस्तान ने स्कर्दू एयरबेस को एक्टिव कर दिया है और उनके लड़ाकू विमान काफी नीचे उड़ते हुए दिखाई दे रहे हैं।पाकिस्तान ने दक्षिण सेक्टर में फाइटर जेट्स की तैनाती की है। पाकिस्तान ने चीन के जे-10, जेएफ-17, एफ-16 फाइटर जेट्स को दक्षिण सेक्टर में तैनात किया है। पाकिस्तान को अपनी लाइफलाइन कही जाने वाले कराची पोर्ट पर अटैक का डर सता रहा है।हिंदुस्तान के मूवमेंट से पाकिस्तानी फौज भी डरी हुई है। पाकिस्तान ने बॉर्डर एरिया की तरफ फौज के ट्रक भेजे हैं। बॉर्डर इलाकों में पाकिस्तानी सैनिकों का मूवमेंट बढ़ा दिया गया है। पाकिस्तानी सैनिकों और हथियारों की खेप को बॉर्डर की तरफ रवाना कर दिया गया है। पाकिस्तानी फौज को भारतीय सेना की कार्रवाई का डर सता रहा है। हाल ही में पाकिस्तान के रेल मंत्री हनीफ अब्बासी ने भारत को गीदड़भभकी दी थी और कहा था कि हमारे पास 130 परमाणु हथियार तैयार हैं। रेल मंत्री की ये धमकी पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ, पीपीपी के नेता बिलावल भुट्टो की गीदड़भभकी के बाद सामने आई थी।



### राफेल मरीन की खासियत

राफेल मरीन विमान एक मिनट में 18 हजार मीटर की ऊंचाई पर जा सकता है। पाकिस्तान के पास मौजूद ए-16 और चीन के पास मौजूद जे-20 विमानों से राफेल ज्यादा बेहतर है। ये विमान अपनी अपनी उड़ान वाली जगह से 3700 किलोमीटर दूर तक हमला कर सकता है।इसको विमानवाहक युद्धपोत के लिए खास तैयार किया गया है। यह दुश्मनों के रडार को चकमा देने में सक्षम है। राफेल विमान हिमालय के ऊपर बेहद सर्द मौसम में भी उड़ सकता है। इस फाइटर जेट के वजन की बात करें तो राफेल की तुलना में राफेल मरीन का वजन थोड़ा अधिक है। जानकारी के मुताबिक, इस लड़ाकू विमान का वजन लगभग 10,300 किलोग्राम है। राफेल विमान के विंग्स मुड़ नहीं सकते हैं, लेकिन राफेल मरीन के विंग्स पूरी तरह से मुड़ सकते हैं।

# कांग्रेस नेताओं के बयान बेशर्मी भरे : रविशंकर



एजेंसी

**नई दिल्ली :** भाजपा ने सोमवार को कुछ कांग्रेस नेताओं के पहलगाम हमले को लेकर दिए बयानों पर पार्टी के नेताओं राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे को घेर लिया। भाजपा के वरिष्ठ नेता रवि शंकर प्रसाद ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कांग्रेस नेताओं के बयानों को असंवेदनशील और बेशर्मी भरा बताया। दरअसल कुछ कांग्रेस नेताओं ने पहलगाम हमले के पीड़ितों के उस दावे पर सवाल उठाए, जिसमें उन्होंने कहा था कि लोगों के धर्म पूछकर गोली मारी गई। रविशंकर प्रसाद ने कहा कि एक तरफ राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे पहलगाम हमले पर एकजुटता की बात करते हैं तो दूसरी तरफ उनके नेता इस तरह के बयान दे रहे हैं। प्रसाद ने पूछा कि क्या राहुल गांधी और खरगे के बयान महज औपचारिकता ही हैं।पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया का बयान पाकिस्तान के न्यूज चैनलों द्वारा दिखाया जा रहा है। जब पूरी दुनिया के देश भारत के साथ हैं, तो कर्नाटक जैसे अहम राज्य के सीएम ऐसा बयान दे रहे हैं। भाजपा नेता ने महाराष्ट्र कांग्रेस के नेता विजय वडेट्टीवार , कर्नाटक कांग्रेस के नेता आरबी तिम्मापुर और प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा के बयानों का जिक्र किया और कांग्रेस पार्टी को जमकर लताड़ा। रविशंकर प्रसाद ने कहा कि क्या राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे का अपनी पार्टी पर कोई नियंत्रण नहीं है? या सिर्फ दोनों खुद औपचारिकता करके अन्य नेताओं को मन मुताबिक कुछ भी बोलने की आजादी दे रहे हैं? प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस नेताओं के बयान पाकिस्तानी मीडिया द्वारा भारत को बदनाम करने के लिए इस्तेमाल किए जा रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस नेताोओं के बयानों को असंवेदनशील और बेशर्मी भरा बताया।

**फिजूल की बयानबाजी न करें: कांग्रेस:** कांग्रेस आलाकमान ने पार्टी के नेताओं को नसीहत दी है कि पहलगाम हमले पर फिजूल की बयानबाजी करने के बचें. पार्टी ने हाल के दिनों में नेताओं द्वारा दिए गए विवादित बयानों से भी किनारा कर लिया है.कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा- कांग्रेस कार्य समिति ने 24 अप्रैल 2025 को बैठक की और दो दिन पहले पहलगाम में पर्यटकों पर हुए बर्बर आतंकी हमले पर एक प्रस्ताव पारित किया. इसके पश्चात 25 अप्रैल 2025 को कांग्रेस अध्यक्ष और लोकसभा में विपक्ष के नेता ने सर्वदलीय बैठक में भाग लिया और पार्टी का पक्ष रखा.कांग्रेस के कुछ नेता मीडिया से चर्चा कर रहे हैं. वे केवल अपनी व्यक्तिगत राय रखते हैं, वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के विचारों का प्रतिनिधित्व नहीं करते. ऐसे अत्यंत संवेदनशील समय में इस बात में कोई संदेह नहीं होना चाहिए कि केवल कांग्रेस कार्य समिति का प्रस्ताव, मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी द्वारा व्यक्त विचार और अधिकृत एआईसीसी पदाधिकारियों के विचार ही कांग्रेस की आधिकारिक स्थिति का प्रतिनिधित्व करते हैं.

# रिम्स निदेशक को हटाने के आदेश पर हाई कोर्ट की रोक




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** रिम्स निदेशक डॉ. राजकुमार को हटाए जाने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सोमवार को हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। न्यायमूर्ति दीपक रौशन की अदालत ने राज्य सरकार के आदेश पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। साथ ही राज्य सरकार सहित अन्य पक्षों को नोटिस जारी कर शपथ पत्र के माध्यम से जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की विस्तृत सुनवाई अब छह मई को होगी।कोर्ट ने कहा कि यह आदेश स्टिगमैटिक (कलंक लगाकर हटाना) है, जो यह कानून के विरुद्ध है। हटाने की पहले प्रक्रिया अपनाई जाने चाहिए थी। उन्हें एक मौका मिलना चाहिए था। जनहित की बात कहते हुए हुए उन्हें हटाया गया था।उल्लेखनीय है कि 17 अप्रैल को स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी के हस्ताक्षर वाला एक लेटर जारी किया गया था जिसके माध्यम से रिम्स के तत्कालीन निदेशक डॉ राजकुमार को बर्खास्त किया था। जिसे डॉक्टर राजकुमार ने हाई कोर्ट में चुनौती दी थी।इधर झारखंड में जेल मैनुअल में सुधार और कैदियों की स्थिति को लेकर स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई सोमवार को हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एम.एस. रामचंद्र राव की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई। सुनवाई के दौरान राज्य की गृह सचिव वंदना दादेल कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुई।महाधिवक्ता राजीव रंजन और अधिवक्ता पियूष चित्रेश ने अदालत को अंडरटेकिंग देते हुए आश्वस्त किया कि झारखंड जेल मैनुअल को आगामी 30 दिनों के भीतर नोटिफाई कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि मैनुअल का ड्राफ्ट तैयार है और अब केवल कैबिनेट से मंजूरी लेना बाकी है। कोर्ट ने सरकार को समय प्रदान करते हुए मामले की अगली सुनवाई के लिए 10 जून की तिथि निर्धारित की है।

# प्रवासी मजदूरों की सुरक्षित वापसी हेतु सरकार ने शुरु किया पहल



**प्रवासी मजदूर जिनका हुआ अपहरण**

1. फलजीत महतो (पिता - नारायण महतो, पासपोर्ट सं. W7735287)
2. राजू कुमार (पिता - फागु महतो, पासपोर्ट सं. R6801714)
3. चंद्रिका महतो (पिता - शंकर महतो, पासपोर्ट सं. X7456752)
4. संजय महतो (पिता - जागेश्वर महतो, पासपोर्ट सं. X7453938)
5. उत्तम महतो (पिता - तालो महतो, पासपोर्ट सं. X8970245)

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर नाइजर में प्रवासी मजदूरों के अपहरण पर त्वरित कार्रवाई करते हुए विदेश मंत्रालय एवं भारतीय दूतावास को मेल कर पांचों श्रमिकों की सकुशल वापसी के प्रयास तेज कर दिए हैं। विदित हो कि 27 अप्रैल को पूर्व विधायक श्री विनोद कुमार सिंह ने राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष को ग्राम दोन्दलो एवं मुंडरो (थाना बगोदर, जिला गिरिडीह) के पाँच प्रवासी श्रमिकों के अपहरण एवं गायब होने की सूचना दी थी। प्रवासी मजदूरों के नाम और उनके पासपोर्ट का जिक्र करते हुए त्वरित सकुशल वापसी हेतु कार्रवाई की मांग की गई थी।

सभी श्रमिक नाइजर (दक्षिण अफ्रीका क्षेत्र) में ट्रांसमिशन लाइन के क्षेत्र में कार्य करने वाली कंपनी के चक्क्षष्ट प्रोजेक्ट में कार्यरत थे। दिनांक 25/04/2025 (शुक्रवार) को कुछ हथियारबंद लोगों द्वारा इन पाँचों श्रमिकों का अपहरण कर लिया गया, और अपहरण के बाद से उनका कोई पता नहीं चल सका है एवं परिजनों ने चिंता व्यक्त की है। राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष ने त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रोजेक्ट हेड/कंट्री मैनेजर से संपर्क कर घटना की अद्यतन जानकारी प्राप्त की। जानकारी अनुसार, सभी श्रमिक कंपनी साइट से 25ङ्क30 किमी दूर तेलाबारी क्षेत्र में कार्यरत थे। यह पूरी तरह से एक मिलिट्री ऑपरेशन था, जिसमें कुल 26 स्थानीय एवं 12 अन्य देशों के श्रमिक शामिल थे। इस घटना में 12 लोगों की मृत्यु की भी सूचना मिली है। वहाँ की कंपनी, गवर्नर कार्यालय, भारतीय राजदूत एवं भारतीय दूतावास इस मामले पर सक्रियता से कार्य कर रहे हैं। राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष ने दिनांक 28/04/2025 को मामले का सत्यापन करते हुए प्रोटेक्टर ऑफ इमिग्रेंट्स, रांची, भारतीय दूतावास तथा विदेश मंत्रालय को तत्काल आवश्यक कार्रवाई हेतु ईमेल भेजा है तथा पाँचों श्रमिकों की सुरक्षित वापसी हेतु प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही का अनुरोध किया है। आज भारतीय दूतावास व कंपनी से दुबारा कण्ट्रोल रूम की बातचीत व ईमेल द्वारा सूचना दी गयी है कि भारत के नाइजर स्थित दूतावास को दुर्भाग्यपूर्ण घटना की जानकारी है और नागरिकों की सुरक्षित एवं शीघ्र रिहाई के लिए वह संबंधित नाइजीरियाई अधिकारियों के साथ इस मामले को उठा रहा है।

# राष्ट्रपति मुर्मू ने प्रदान किए पद्म पुरस्कार

एजेंसी

**नई दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु राष्ट्रपति भवन में आयोजित नागरिक अलंकरण समारोह-ढ्ढ में पद्म पुरस्कार 2025 प्रदान किया है। पहले चरण में 71 विशिष्ट हस्तियों को सम्मानित किया गया। बता दें कि, इस वर्ष 139 लोगों को पद्म पुरस्कारों के लिए चुना गया है। इस कड़ी में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने प्रसिद्ध मलयालम लेखक एम. टी. वासुदेवन नायर को फिल्म निर्देशक, पटकथा लेखक, संपादक और वक्ता, को मलयालम भाषा, साहित्य और सिनेमा में उनके अद्वितीय योगदान के लिए पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। बता दें कि, एमटी वासुदेवन नायर अमर उजाला शब्द सम्मान के सर्वोच्च अलंकरण 'आकाशदीप' से भी सम्मानित थे।तेलंगाना के प्रख्यात गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डॉ. दुव्वुर नागेश्वर रेड्डी को एंडोस्कोपी में उनकी अभूतपूर्व नैदानिक प्रगति और अग्रणी चिकित्सा अनुसंधान के लिए पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। इस दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कला और संगीत के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए डॉ. लक्ष्मीनारायण सुब्रमण्यम को पद्म विभूषण से सम्मानित किया है। बता दें कि, डॉ.सुब्रमण्यम विख्यात वायलिन वादक हैं। वे कर्नाटक और पश्चिमी संगीत में पारंगत हैं इसके साथ ही वे संगीत के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट शैली के लिए जाने जाते हैं। वहीं जापान के दिवंगत उद्योगपति ओसामु सुजुकी, जो सुजुकी मोटर कॉर्पोरेशन के पूर्व प्रमुख थे, को भारत के दूसरे सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार, पद्म विभूषण से मरणोपरांत (व्यापार और उद्योग में) सम्मानित किया गया है। बता दें कि, ओसामु सुजुकी को भारत को अपने दूसरे घर के रूप में मानते थे। उनके बेटे और सुजुकी मोटर के सीईओ तोशीहिरो सुजुकी ने राष्ट्रपति भवन में एक समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से यह पुरस्कार प्राप्त किया।



# 2010 के कॉमनवेल्थ खेलों से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सुरेश कलमाड़ी-ललित भनोट के खिलाफ ईडी की क्लोजर रिपोर्ट मंजूर

एजेंसी

**नई दिल्ली :** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने 2010 के कॉमनवेल्थ खेलों से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सुरेश कलमाड़ी और ललित भनोट के खिलाफ ईडी के क्लोजर रिपोर्ट को मंजूर कर लिया है। राऊज एवेन्यू कोर्ट के स्पेशल जज संजीव अग्रवाल ने कहा कि इस मामले में सीबीआई ने भी जांच बंद कर दी है और सीबीआई के केस के आधार पर ही ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग का केस दाखिल किया था। ऐसे में अब सुरेश कलमाड़ी और ललित भनोट के खिलाफ केस चलाने का कोई मतलब नहीं है। कोर्ट ने ईडी की इस रिपोर्ट पर गौर किया कि जांच के दौरान मनी लॉन्ड्रिंग का कोई सबूत नहीं मिला। कोर्ट ने कहा कि जांच के दौरान ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग कानून की धारा-3 के तहत किसी अपराध के घटित होने का कोई साक्ष्य पेश नहीं किया। कोर्ट ने कहा कि इस मामले की ईडी ने गहन जांच की थी, ऐसे में ईडी की ओर से दर्ज अभियोजन शिकायत को बंद करने की मांग मंजूर की जाती है।

असर्फी कैंसर संस्थान
Any Type, Any Stage
आयुष्मान भारत एवं मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत भी सभी प्रकार के कैंसर का ईलाज
Chemotherapy, Radiotherapy, PET CT SCAN, Brachytherapy, Mammography की सुविधाएं उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity,Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad-828105

## प्रशासनिक अधिकारियों की टीम पहुंची बराही धाम, लिया जायजा

# 14 मई को विश्व की सबसे ऊंची 551 फिट मां दुर्गा मंदिर और 151 फिट नवग्रह मंदिर निर्माण का होगा भूमि पूजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** झारखंड राज्य के पलामू जिला में स्थित एतिहासिक बराही धाम परिसर में सोमवार को स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों की टीम पहुंची. स्थानीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव जिप उपाध्यक्ष सह शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट के सचिव आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह, प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी के नेतृत्व में अनुमंडल पदाधिकारी गौरांग महतो. एसडीपीओ एस मोहम्मद याकूब, अंचल पदाधिकारी पंकज कुमार, बीडीओ सुनील कुमार वर्मा ने परिसर स्थित भूमि पूजन हेलीपैड सांस्कृतिक कार्यक्रम, का स्थल के साथ साथ वीआईपी अतिथियों की आगमन, श्रद्धालुओं की व्यवस्था का अवलोकन किया.

**ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम की जानकारी दी**

निरीक्षण के बाद बराही धाम गेस्ट हाउस में अधिकारियों को जानकारी देते हुए शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट के सचिव आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह, ट्रस्ट के संयोजक रंधीर कुमार सिंह, कार्यक्रम व्यवस्थापक आकाश सिन्हा ने बताया की आगामी 6मई से 14मई तक बराही धाम महोत्सव की शुरुआत होने वाली है। 14मई को इस धाम परिसर में विश्व की सबसे ऊंची 551फिट मां दुर्गा मंदिर और 115फिट नवग्रह मंदिर निर्माण का भूमि पूजन अनुष्ठान कार्यक्रम होना है, जिसकी तैयारी काफी तेजी के साथ किया जा रहा है. कार्यक्रम में भारत वर्ष के कई महान साधु संतों के अलावा कई प्रदेशों के राजनीतिक हस्तियों के साथ साथ ब्यूरोक्रेट के अलावा कई धार्मिक संगठनों के लोगों की पहुंचने की संभावना है। मौके पर हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी, दंगवार ओपी प्रभारी सोनू गुप्ता, राजद के अनुमंडलीय अध्यक्ष खुर्शीद खान, विनय सिंह यादव, विजय गुप्ता,झारखंड के चर्चित इवेन्ट्स आयोजक रविन्द्र कौर, खुशी कक्कन, सात्विक आनंद, चंदन सिंह के अलावा ट्रस्ट के पदाधिकारी मौजूद थे,

# केतार में आज आतंकी हमले के विरोध में झामुमो निकालेगा कैंडल मार्च

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार :** झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड इकाई केतार के तत्वावधान में आज ही मंगलवार को कश्मीर के पहलगाम में हुए कायरतापूर्ण आतंकी हमले के विरोध में मशाल जुलूस और कैंडल मार्च निकाला जाएगा। यह कार्यक्रम केतार बाजार के अंबेडकर चौक से कर्पूरी गेट तक आयोजित किया जाएगा, जो शाम 5 बजे शुरू होगा। झामुमो प्रखंड अध्यक्ष लालेश्वर राम ने महागठबंधन के सभी नेताओं, कार्यकर्ताओं, झामुमो के बूथ, पंचायत एवं प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ताओं के साथ-साथ युवा मोर्चा, महिला मोर्चा एवं अल्पसंख्यक मोर्चा के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों से अपील की है कि वे बड़ी संख्या में इस विरोध मार्च में शामिल होकर आतंकवाद के खिलाफ अपनी एकजुटता प्रकट करें।कार्यक्रम के दौरान शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाएगी और आतंकवाद के खिलाफ आवाज बुलंद की जाएगी। साथ ही उन्होंने ने कहा कि उक्त आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं।

# आज गुरी में रामवृक्ष मिश्रा मेमोरियल ट्रस्ट के द्वारा मनाई जाएगी भगवान परशुराम की जयंती



**बिश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के बिश्रामपुर प्रखंड स्थित ग्राम गुरी में आज रामवृक्ष मिश्रा मेमोरियल ट्रस्ट व प्रकाश पुस्तकालय के द्वारा भगवान परशुराम की जयंती मनाई जाएगी। प्रकाश पुस्तकालय के संस्थापक मिथिलेश मिश्रा ने पत्रकारों से बात करते हुए यह जानकारी दी है, उन्होंने बताया 29/4/2025 दिन मंगलवार को 11:00 बजे यह कार्यक्रम सुनिश्चित की गई है। जिसमें प्रखंड एवं क्षेत्रीय ग्रामीण जनता काफी संख्या में भगवान परशुराम के जयंती पर सम्मिलित होने की बात बताई है।

# गेट पर पकड़े गये फर्जी परीक्षार्थी

**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एके सिंह कॉलेज, जपला में विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्रथम पाली एवं द्वितीय पाली की परीक्षा में दूसरे के बदले परीक्षा देने के प्रयास में गेट पर ही फर्जी परीक्षार्थी पकड़ लिये गये। प्राचार्य-सह-केन्द्राधीक्षक सूर्य मणि सिंह ने बताया कि फर्जी विद्यार्थियों के नाम इस प्रकार हैं-1 चांदनी कुमारी, पिता- दिनेश राम, ग्राम- खडारपर, पो0- झरगाडा 2-अंकित कुमार, पिता- स्व0 गुप्ता सिंह, ग्राम- साया, पो0- नबीनगर 3-अंकित पाल, पिता- संजय पाल, ग्राम- सडेया, पो0- बिलासपुर 4- सुजीत कुमार, पिता- मंदीश यादव, ग्राम- लावादाग, पो0- लठेया 5- लव कुमार यादव, पिता- विनोद यादव, ग्राम कनुआबिगहा, पो0- जपला। केन्द्राधीक्षक ने कहा कि परीक्षा कक्ष में किसी के बदले परीक्षा देने पर दोनों पर केस दर्ज कर जेल भेज दिया जाएगा। कोई भी व्यक्ति इस तरह की आपराधिक चेष्टा न करे। अभिभावक भी अपने बच्चों को समझायें।

# जपला आरपीएफ ने चलाया ऑपरेशन सतर्क अभियान, अंग्रेजी शराब जब्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** जपला आरपीएफ इंस्पेक्टर आर के मीना के निर्देशानुसार सहायक उप निरीक्षक अरविंद कुमार मिश्रा, सुधीर कल्लू व सुनील राय ने एसीपी की रोकथाम अवैध भेंडरो की धर पकड़ अपराधिक गतिविधि निगरानी व शराब तस्करी की रोकथाम के लिए ऑपरेशन सतर्क अभियान चलाया। इस दौरान आरपीएफ की टीम ने मोहम्मदगंज रेलवे स्टेशन से गाड़ी संख्या 13349 आप सिंगरौली पटना एक्सप्रेस में चेकिंग करते हुए जपला लौटने के दौरान मोहम्मदगंज स्टेशन से गाड़ी खुलने बाद गार्ड ब्रेक से सटे जनरल कोच के सीट के नीचे एक ग्रे रंग का पूमा कंपनी का पिठु बैग संदिग्ध अवस्था में पाया गया। संदेह होने पर मौजूद यात्रियों से पूछताछ करने पर किसी ने भी उक्त बैग को अपना नहीं बताया और न ही उक्त स्थान पर कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया। उक्त बरामद बैग को जपला स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 3 पर उतारा गया। उक्त बैग में 5 बोतल रॉयल डीलक्स व्हिस्की ,हंटर स्ट्रांग बियर, एक बोतल मैजिक मूवमेंट की बोतल बरामद किया गया। मौके पर आरपीएफ ने जप्ती नियमों का पालन करते हुए सहायक उप निरीक्षक अरविंद कुमार मिश्रा द्वारा जप्ती रिपोर्ट तैयार कर जप्त किया गया। जप्त किए गए माल को अग्रिम कार्रवाई हेतु उत्पाद अधीक्षक डाल्टनगंज पलामू झारखंड को प्रेषित किया गया।

## संविधान के अनुसार देश नहीं चलाया जा रहा है : बिट्टू पाठक

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं की हुई बैठक, जिलाध्यक्ष ने किया प्रेसवार्ता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक सोमवार को बी मोड़ स्थित शाहिद स्मारक भवन में हुयी.जिसमें विश्रामपुर, उंटारी रोड, नावा बाजार व पांडू प्रखंड के कार्यकर्ता शामिल हुये.बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस के बिश्रामपुर प्रखंड अध्यक्ष रवींद्र शुक्ला गुड्डू ने किया. संचालन उंटारी रोड प्रखंड अध्यक्ष रिंकू सिंह ने किया. बैठक में कांग्रेस द्वारा रांची में आयोजित संविधान बचाओ महरौली की सफलता पर चर्चा हुयी. निर्णय लिया गया कि बिश्रामपुर क्षेत्र से भी हजारों कार्यकर्ता महारैली में शामिल होंगे. बैठक के बाद कांग्रेस द्वारा प्रेसवार्ता का भी आयोजन किया गया. जिसमे कांग्रेस जिलाध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने कहा कि मोदी सरकार में देश का शासन संविधान के अनुसार नहीं चल रहा है. देश को मनमाने तरीके से चलाया जा रहा है, जो लोकतंत्र के लिये सही नहीं है.पूर्व विस प्रत्यासी सुधीर चंद्रवंशी ने कहा कि केंद्र सरकार बारी - बारी से सभी समुदायों के अधिकारों का हनन कर रही है. संविधान के बजाए आरएसएम के विचारों से देश को चलाने का प्रयास किया जा रहा है. जिसे कांग्रेस कभी सफल नहीं होने देगी. उन्होंने आम लोगों से संविधान बचाओ रैली में ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होने का अपील किया. मौके पर वरीय कांग्रेसी सतनारायण तिवारी, वरीय जिला उपाध्यक्ष संतोष कुमार चौबे, बीस सूत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित, अशोक सिंह, मीर खुर्शीद आलम, सच्चिदानंद शुक्ला, तुलसी पासवान, सज्जाद अली सहित कई कांग्रेसी नेता-कार्यकर्ता मौजूद थे।

# डीसी एवं एरिया मैनेजर ने बंधन बैंक के शाखा का किया शुभारंभ



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बंधन बैंक की शाखा का भव्य शुभारंभ सोमवार को किया गया। बंधन बैंक की नई शाखा का भव्य उद्घाटन जिले के उपायुक्त शेखर जमुआर और बंधन बैंक के एरिया मैनेजर नवीन सिन्हा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर किया।इस अवसर पर उपायुक्त शेखर जमुआर ने कहा बंधन बैंक की शाखा का शुभारंभ श्री बंशीधर नगर के आर्थिक विकास में एक मील का पत्थर साबित होगा। इससे छोटे व्यवसायियों, किसानों, महिलाओं और उद्यमियों को सुलभ बैंकिंग सुविधाएं मिलेंगी, जिससे उनकी आर्थिक गतिविधियों को नया बल मिलेगा। बैंकिंग सेवाओं की उपलब्धता से न केवल व्यापार में तेजी आएगी, बल्कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आर्थिक समावेशन भी सशक्त होगा। मैं बैंक प्रबंधन को इस पहल के लिए बधाई देता हूं और उम्मीद करता हूं कि बैंक अपनी सेवाओं के माध्यम से क्षेत्र की जनता का विश्वास अर्जित करेगा।बंधन बैंक के एरिया मैनेजर नवीन सिन्हा ने कहा कि बंधन बैंक का उद्देश्य हमेशा से समाज के हर वर्ग को बैंकिंग से जोड़ना और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना रहा है। श्री बंशीधर नगर में शाखा की शुरुआत हमारे इस लक्ष्य की दिशा में एक अहम कदम है। हमारा फोकस ग्राहकों को सरल, पारदर्शी और समयबद्ध बैंकिंग सेवाएं प्रदान करना है। विशेष रूप से महिलाओं, छोटे व्यापारियों और स्वरोजगार से जुड़े लोगों के लिए विशेष योजनाएं लाई जाएंगी, ताकि वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें। बंधन बैंक की नई शाखा में बचत खाता, चालू खाता, ऋण सुविधा, डिजिटल बैंकिंग, बीमा सेवाएं, फिक्स्ड डिपॉजिट, एटीएम सुविधा समेत विभिन्न आधुनिक बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। बैंक प्रबंधन ने भरोसा दिलाया कि ग्राहक संतुष्टि को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी और हर ग्राहक को त्वरित व गुणवत्तापूर्ण सेवा उपलब्ध कराई जाएगी।इस मौके पर एसडीओ प्रभाकर मिर्धा, बीडीओ रौशन कुमार, सीओ विकास सिंह, कार्यपालक पदाधिकारी राजकमल मिश्रा,शाखा प्रबंधक अवधेश कुमार पांडेय,उप शाखा प्रबंधक मृत्युंजय सरकार, डॉ अभिमन्यु सिंह सोनू, पीयूष जायसवाल, डॉ धर्मचंद लाल अग्रवाल, बबलू चौबे,विजय नन्दन सिन्हा,अनिल लाल अग्रवाल,विश्वनाथ जायसवाल, कृष्णा जायसवाल,अमित शुक्ला, डब्लू शुक्ला,क्षेत्रीय प्रबंधक तस्लीमुद्दीन अंसारी, खजांची रानी कविता सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# उपायुक्त के अनुसंशा पर पथरा पंचायत में हाई मास्ट सोलर लाइट लगाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद प्रखंड के पथरा पंचायत के अंतर्गत कई जगहों पर पलामू उपायुक्त महोदय के अनुसशा के आधार से जे आरई डीए के द्वारा सोलर हाई मार्ट लाइट का अधिस्थापन किया गया विदित हो की पथरा ग्राम पंचायत जिला प्रशासन पलामू के द्वारा मॉडल सोलर भिलेज के लिए चयन किया गया पथरा पंचायत के मुखिया नरेश कुमार पासवान सहित ग्रामीण जनता खुशी का माहौल है। जिला प्रसाशन को पथरा पंचायत ने आभार व्यक्त किया।

# अपनी बदहाली पर आठ-आठ आंसू बहा रहा है हुसैनाबाद का बक्शी उच्च विद्यालय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** एक तरफ सरकार के द्वारा उच्च शिक्षा व्यवस्था पर बेतहासा पैसा खर्च किया जा रहा हैं। चारदीवारी निर्माण हो या उसके सुन्दरीकरण आदि कई क्षेत्रों में बड़ी राशि की खर्च की जा रही हैं।विभाग व प्रधानाध्यापक की उदासीनता के कारण सभी व्यवस्था अपने दिन पर आंसू बहा रही हैं।इसका ताजा उदाहरण हुसैनाबाद शहर में जिला के मशहूर स्कूल के नामो में सुमार बक्शी उच्च विद्यालय जिसकी भवन आज भी अंग्रेजों के समय स्थापित दीवार व स्कूल की बनावटी लाल दीवार के साथ साथ इस स्कूल से पढ़ने वाले सैकड़ो विद्यार्थी जो कि देश अन्य कई प्रशासनिक सेवा में विराजमान है उतना ही नही इस स्कूल के विद्यार्थी महामहिम राज्यपाल जैसे पद पर भी रह चुके हैं लेकिन इस स्कूल की दुर्दशा देखकर आज कोई नही कह सकता कि यह वही बक्शी उच्च विद्यालय हैं। पहले तो बहाना था कि स्कूल में शिक्षक की कमी हैं लेकिन हाल के 4 से 5 वर्षो में सभी उच्च विद्यालय में पर्याप्त शिक्षक हैं इसके बाद भी शिक्षा व्यवस्था भगवान भरोसे पर चल रहा हैं, सोमवार को सुबह 8:30 बजे तक विद्यालय में एक भी बच्चा नही पाए गए सभी क्लास रूम में ताला लटका हुआ मिला वही प्रधानाध्यापक का कहना हैं सभी शिक्षक मैट्रिक परीक्षा के कॉपी जांच में लगे हुए हैं अब सवाल उठता हैं क्या स्कूल को बंद कर कॉपी जांच का कार्य करने का आदेश किसने दिया उसका कोई लिखित पत्रचार नही और ना ही सूचना पठ पर नोटिस जारी किया गया हैं।सबसे गौरतलब बात हैं बीते वर्ष ही नगर विकास मद की राशि से करीब 50 लाख रुपये से स्कूल के मैदान में मॉर्निंग वॉक करने लिए फेफर ब्लॉक का पाथवे लगाया गया था मैदान के चारो तरफ लाईट व सीट की व्यवस्था की गई थी जिसे बने हुए एक वर्ष भी नही हुई हैं और एक भी लाईट नही हैं फेवर ब्लॉक भी बर्बाद हो गया ।वहीं कच्छप गति से चारदीवारी का निर्माण कराया जा रहा जिसके सभी मलवा को यत्र तत्र बिखेर कर मॉर्निंग वॉक के लिए बनाए गए बाथवे पर रख दिया गया हैं जिससे आम जनता व कई प्रबुद्ध लोग मॉर्निंग वॉक में जाते हैं लेकिन घूमने की जगह कचरा नसीब हैं तथा उन्हें परेशानी होती हैं।वहीं इन सभी मामलों पर रख रखाव की जबाबदेही प्रधानाध्यापक की हैं लेकिन उनको इन सारी चीजों से कोई सरोकार नही हैं ।यह तो केवल बक्शी ऊंच विद्यालय का हाल है जो बीच शहर हैं सभी अधिकारियों के नाक के नीचे लेकिन हुसैनाबाद में अन्य ऊंच विद्यालय जैसे पोलडीह उच्च विद्यालय, आदि अन्य दर्जनो स्कूल की स्थिति बत से बत्तर है। हलांकि इस सबन्ध में जिला शिक्षा पदाधिकारी ने मीडिया को फोन पर बताया हम मामला को देखते हैं।

# गायत्री शक्तिपीठ में शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा और पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का भव्य आयोजन



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर के जंगीपुर स्थित पेट्रोल पंप के निकट गायत्री शक्तिपीठ में सातवें वार्षिकोत्सव एवं शिव परिवार के प्राण प्रतिष्ठा के दूसरे दिन रविवार को श्रद्धा और भक्ति का अनुपम संगम देखने को मिला। प्रातः काल गायत्री परिवार के जिला प्रचारक संतान मिश्रा के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान नर्वदेश्वर महादेव पर रुद्राभिषेक कर घर-परिवार की सुख-शांति एवं समृद्धि की मंगलकामना की। **शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न :** वैदिक रीति-रिवाजों के बीच शिव परिवार की भव्य प्राण प्रतिष्ठा संपन्न कराई गई। श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजा अर्चना कर पुण्य अर्जित किया। प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही मंदिर परिसर 'हर हर महादेव', 'जय भोलेनाथ' जैसे जयघोषों से गूंज उठा। पूरा वातावरण भक्ति, श्रद्धा और आस्था से सराबोर हो गया। **पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ में उमड़ा आस्था का सैलाब :** इस अवसर पर पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आहुतियां समर्पित कीं। यज्ञ स्थल पर मंत्रोच्चारण और अग्निहोत्र की लहराती ज्वालाओं के बीच अध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत संचार हुआ। **शहीदों की आत्मा की शांति के लिए दी गई आहुतियां :** यज्ञ के दौरान कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में शहीद हुए जवानों और नागरिकों की आत्मा की शांति हेतु विशेष आहुतियां अर्पित की गई। श्रद्धालुओं ने देशभक्ति और करुणा के भाव से दिवंगत आत्माओं के मोक्ष के लिए प्रार्थना की। **भजन-कीर्तन ने बांधा समा :** भजन-कीर्तन के दौरान गायत्री परिवार के वरिष्ठ सदस्य लालसू राम एवं उपेंद्र कुमार ने एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। बांसुरी वादक सुजीत कुमार, तबला वादक सुजीत कुमार तथा कीबोर्ड प्लेयर विपिन कुमार ने अपनी मधुर धुनों से वातावरण को संगीतमय बना दिया। श्रद्धालुओं ने भक्ति रस में डूबकर भगवान का गुणगान किया। **गणमान्य अतिथियों को किया गया सम्मानित :** कार्यक्रम में धुरकी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार तथा जीवन हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के संचालक डॉ. अभिमन्यु सिंह उर्फ सोनू सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। गायत्री परिवार की ओर से दोनों अतिथियों को पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी के लिखी किताब देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने आयोजन की भव्यता की सराहना करते हुए भगवान शिव का रुद्राभिषेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

# रेलवे ओवरब्रिज के नीचे अतिक्रमण कर किया गया है कब्जा, प्रशासन मौन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** पलामू जिला के हुसैनाबाद नगर पंचायत अंतर्गत जपला रेलवे ओवरब्रिज के नीचे अवैध अतिक्रमण कर दुकानदारो द्वारा कब्जा किया जा रहा है, रेलवे ओवरब्रिज के ऊपर चढ़ कर रेलवे लाइन लाइन पार करने वाले सीढ़ी को भी अतिक्रमण करने वालो ने नही छोड़ा उस स्थान पर कब्जा कर फल दुकान लगाकर बैठे हुए है, हुसैनाबाद के स्थानीय प्रशासन प्रतिदिन उसी रास्ते आते जाते है लेकिन उन्हें अतिक्रमण दिखाई नही पड़ता है, बतादे की हुसैनाबाद जेपी चौक से हैदरनगर की ओर जाने वाली मुख्य सड़क पर मोड़ है जहा एल सेप में मुड़ाव है, वही मोड़ पर अतिक्रमण कर फल दुकान लगा कर रखा गया है, हैदरनगर से जपला की ओर आने जाने वाली बड़ी वाहनों को मुड़ने में काफी दिक्कतो का सामना करना पड़ता है, साथ ही मोड़ पर प्रतिदिन कुछ समय के लिए जाम लग जाता है, जिससे आने जाने वाले लोग परेशान रहते है, बतादे की धीरे-धीरे रेलवे ओवरब्रिज के नीचे अतिक्रमण करने वालो की संख्या में लगातार बढ़ोतरी होते जा रहा है, लेकिन प्रशासन मौन नजर आ रही है, तत्काल तो जपला रेलवे क्रॉसिंग के समीप हैदरनगर मोड़ पर फल दुकानदारो द्वारा जो अतिक्रमण कर रखा गया है उसे अतिशीघ्र प्रशासन हटाने की पहल करे जिससे बड़ी वाहनों को मुड़ने में कोई दिक्कत न हो, प्रश्न तो यह भी उठता है कि हुसैनाबाद सीओ एक ओर अवैध खनन को लेकर लगातार कार्रवाई करते दिखते है तो दूसरी ओर अवैध अतिक्रमण कर बैठे पर प्रशासन चुप क्यों रहती है, यही अतिक्रमणकारियों को आगे चल कर हटाने में प्रशासन के समक्ष बड़ा चुनौती का रूप ले लेता है। कभी कभी तो यह भी देखने को मिलता है कि अतिक्रमणकारियो द्वारा दबंगई से ओवरब्रिज के नीचे छोटे वाहनों को भी खड़ा नही करने दिया जाता, अब देखना यह है कि हुसैनाबाद प्रशासन क्या करती है, अतिक्रमण के विरुद्ध कार्रवाई शुरू करती है मौन धारण कर बैठी रहती है।

# पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में झामुमो का आक्रोश मार्च




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के खिलाफ शनिवार की शाम झामुमो द्वारा आक्रोश मार्च निकाला गया। इस दौरान झामुमो नेताओं और कार्यकर्ताओं ने हमले में मारे गए निर्दोष पर्यटकों की आत्मा की शांति के लिए मौन रखकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान देश की एकता और अखंडता बनाए रखने तथा आतंकवाद के खिलाफ कड़े कदम उठाने की जोरदार मांग उठाई गई। आक्रोश मार्च गढ़वा बस स्टैंड से शुरू होकर सहिजना मोड़ स्थित बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमा के पास जाकर श्रद्धांजलि सभा में तब्दील हो गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला अध्यक्ष शंभू राम ने किया। आक्रोश मार्च में उपस्थित भवनाथपुर विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा ने पहलगाम हमले को मानवता के खिलाफ कुकृत्य बताया। उन्होंने कहा कि आतंकियों ने निर्दोष पर्यटकों को निशाना बनाकर जिस तरह से निर्ममता से हत्या की, वह अत्यंत शर्मनाक और निंदनीय है। इस जघन्य अपराध को अंजाम देने वालों को तत्काल पकड़कर एनकाउंटर कर देना चाहिए। उन्होंने केंद्र सरकार से आतंकवाद के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा ने कहा कि आतंकवाद देश की अखंडता और शांति के लिए सबसे बड़ा खतरा है। अब समय आ गया है कि देश के नागरिक एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ मजबूती से आवाज उठाएं। झामुमो के वरिष्ठ नेता ताहिर अंसारी ने कहा कि पाकिस्तानी आतंकवादियों ने जानबूझकर निर्दोष हिन्दू पर्यटकों पर हमला किया है। अगर ऐसे आतंकवादी हमारे भारतीय मुसलमानों के हाथ लग जाएं तो हम उनका सीना चीरकर कलेजा निकालने का काम करेंगे। आक्रोश मार्च में भवनाथपुर विधायक अनंत प्रताप देव, पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा, केंद्रीय सदस्य ताहिर अंसारी, झामुमो के जिला अध्यक्ष शंभु राम, सचिव शरीफ अंसारी, मदनी खान, नितेश सिंह, केंद्रीय सदस्य मनोज ठाकुर, अनीता दत्त, जितेंद्र सिन्हा, चंदन जायसवाल, फरीद खान, कंचन साहू, अंजली गुप्ता, रेखा चौबे, दीपमाला कुमारी समेत बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और आम नागरिक शामिल हुए। कार्यक्रम का समापन शहीदों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट के मौन और सामूहिक श्रद्धांजलि के साथ किया गया।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




**संक्षिप्त खबरें**

### विशेष प्रशिक्षित शिक्षक संघ के शिक्षकगणों ने मंत्री को सौंपा ज्ञापन

रांची। मंत्री आवास पर प्रशिक्षित विशेष शिक्षक संघ के विशेष शिक्षकगणों (बाह्य स्रोत) ने झारखण्ड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता सह मद्य निषेध विभाग के मंत्री योगेन्द्र प्रसाद से मिले और विभिन्न समस्याओं से मंत्री जी के पास रखते हुए! जैसे राज्य अंतर्गत समग्र शिक्षा अधीन संविदा/दैनिक कर्मी/बाह्य स्रोत पर कार्यरत विशेष शिक्षकों का समायोजन प्रशिक्षित विशेष सहायक आचार्य के पद पर करने का अनुरोध करते हुए मान पत्र भी सौंपे ! मंत्री ने सभी विषयों पर गंभीरतापूर्वक सुनने के बाद तत्काल मंत्री, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग तथा निबंधन विभाग, झारखण्ड सरकार को पत्र लिख कर विशेष शिक्षकगणों (बाह्य स्रोत) की उक्त मांग को पूरा करने की दिशा में आवश्यक कदम उठाने का आग्रह भी किए । साथ ही मंत्री योगेन्द्रद्वप्रसाद ने कहा कि राज्य सरकार हर वर्ग के कल्याण के लिए समर्पित है। सभी की समस्याओं को सुनना और उनका समाधान करना हमारी प्राथमिकता है।

### धर्म परिवर्तन मामले में सरायकेला पुलिस ले संज्ञान : बाबूलाल

रांची : भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि सरायकेला की एक बेटी का धर्म परिवर्तन कर बंगाल में विवाह कराने का मामला सामने आया है। मरांडी ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि युवक तस्लीम, तीन बच्चों का पिता है, जबकि युवती इंटरमीडिएट की छात्रा बतायी जा रही है। 19 वर्षीय युवती की उम्र भी संदेहास्पद मानी जा रही है। बाबूलाल मरांडी ने सरायकेला पुलिस से मामले का संज्ञान लेकर शीघ्र उचित कार्रवाई की उम्मीद जतायी है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी अपील की है कि समर स्पेशल हॉली डे और शॉपिंग फेस्टिवल से वापस लौटने के बाद इस संवेदनशील मामले में कठोर कार्रवाई का आदेश अविलंब दें।

# दुष्कर्म के मामले में तीन युवकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**पूछताछ में तीनों अभियुक्तों ने अपने अपराध को स्वीकार किया है । पुलिस तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस घटना में पुलिस ने तीन मोबाइल भी जप्त किए हैं।**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि दुष्कर्म के मामले में तीन युवकों को जगदीश ,विष्णु और दीपक मुंडा को गिरफ्तार किया है । उन्होंने बताया कि घटना 27 अप्रैल की है । पीडिता के पिता ने मामला दर्ज कराया था कि उसकी पुत्री नामकुम थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले हहाप के साथ सरवाल बाजार से घर लौट के क्रम में सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया । इस मामला को लेकर नामकुम थाना में मामला दर्ज कराया गया और अनुसंधान के क्रम में पाया गया की घटना हुई है । उस घटना का त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में तीनों अभियुक्तों ने अपने अपराध को स्वीकार किया है । पुलिस तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस घटना में पुलिस ने तीन मोबाइल भी जप्त किए हैं। वहीं छापे मारी अभियान में नामकुम थाना प्रभारी मनोज कुमार, पुअनिरीक्षक गौतम कुमार, जयदेव कुमार शामिल थे।

# संविधान बचाओ अभियान के सफलता को लेकर कांग्रेस आज करेगी बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची।** झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी द्वारा आयोजित संविधान बचाओ अभियान के सफलता को लेकर आज 29/4/2025 को दिन के 11.45 बजे से कांग्रेस भवन, रांची में जिला नोडल पदाधिकारियों, एवं केन्द्रीय कंट्रोल रूम के सदस्यों की एक आवश्यक बैठक बुलाई गई है। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और कार्यक्रम के राज्य समन्वयक डॉ प्रदीप कुमार बलमुचू मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे ।प्रदेश कांग्रेस कमिटी के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने बताया कि कि 40 दिनो के संविधान बचाव अभियान कार्यक्रम की सफलता के लिये जिलावार नोडल पदाधिकारी बनाये गये है जो 28 अप्रैल तक जिला दौरा एवं बैठक कर कल की आहूत बैठक में अपना प्रतिवेदन प्रदेश अध्यक्ष को देंगे और जिलों में होने वाले संविधान बचाव रैली की संभावित तिथियों को लेकर चर्चा करेगें। शाहदेव ने बताया कि कार्यक्रम में व्यापक प्रचार प्रसार के उद्देश्य से प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने दिनांक 30 अप्रैल 2025 को राज्य के 6 स्थानों में प्रेस वार्ता करने के लिये कांग्रेस नेताओं को जिम्मेवारी दी है जिसमें रांची के लिये, राकेश सिन्हा, सतीश पाल मुंजिनी, जमशेदपुर के लिये संजय पाण्डेय एवं खुर्शीद हसन रूमी, डालटनगंज के लिये सोनाल शांति, शांतनु मिश्रा, ऋषिकेश सिंह, हजारीबाग के लिये राजीव रंजन प्रसाद, रियाजुल अंसारी, देवघर के लिए शमशेर आलम, श्यामल किशोर सिंह, राजेन्द्र दास एवं धनबाद के लिए लाल किशोर नाथ शाहदेव एवं शकील अहमद अंसारी का नाम चयन किया गया है।शाहदेव ने कहा एक ओर जहां नोडल पदाधिकारी जिला का दौरा कर 3 मई को आयोजित राज्य स्तरीय संविधान बचाओ महारैली की सफलता सुनिश्चित कर रहे हैं वहीं वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष लगातार सांसद, विधायक और प्रदेश पदाधिकारियों के साथ बैठक कर रहे हैं। श्री शाहदेव ने दावा किया कि पुराना विधानसभा मैदान, एसईसी धुर्वा में 3 मई का महारैली ऐतिहासिक होगा जिसमें लाखों लोग भाग लेंगे।

## समर्पण शाखा ने खुलवाया चार बच्चियों का सुकन्या खाता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा की ओर से चार दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को चौथे चरण में कन्या भ्रूण हत्या को रोकने के लिए जागरूकता अभियान रांची के अपर बाजार स्थित भुईया टोली में चलाया गया। जागरूकता अभियान के दौरान सुकन्या समृद्धि योजना की जानकारी जानकारी बैंक के अधिकारियों ने उपस्थित लोगों को दी। मौके पर बैंक के अधिकारियों ने चार बच्चियों का सुकन्या खाता भी खोला। कार्यक्रम को आयोजित कराने में कन्या भ्रूण प्रभारी स्मिता अग्रवाल संयोजिका आशा सर्राफ की महती भूमिका रही। इसके साथ ही शाखा ने स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी किया। स्वास्थ्य शिविर को मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा के अध्यक्ष पूजा अग्रवाल के नेतृत्व में आयोजित किया गया। स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हरमू रोड स्थित श्याम मंदिर में किया गया। इसमें ब्लड शुगर, थायराइड , बीपी और अन्य की जांच की गई। शिविर से 32 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। शिविर का आयोजन फोर क्योर फाउंडेशन ने किया था। मौके पर सचिव शुभा अग्रवाल, सपना सिंघानिया , स्मिता अग्रवाल, आशा सराफ, वर्षा धानुका, वेदिका सिंघानिया, आशा संथालिया, शुभा अग्रवाल, सपना सिंघानिया, स्मिता अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित थे।

# झारखंड में मौसम के बदलाव से तापमान में 10 डिग्री की गिरावट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची :** काल बैसाखी के चलते मौसम में बदलाव से तापमान में 10 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। इससे लोगों को ठंड महसूस हुई। राजधानी रांची में तापमान में 10 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा अन्य जिलों में भी तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। इनमें जमशेदपुर में 10 डिग्री, डाल्टेनगंज में तापमान सात डिग्री, बोकारो के तापमान में तीन डिग्री और चाईबासा के तापमान में भी 10 डिग्री गिरावट दर्ज की गई है। वहीं सोमवार को रांची और आसपास के इलाकों में मौसम साफ रहा। मौसम साफ होने से तापमान में फिर वृद्धि दर्ज की गई। रांची में अधिकतम तापमान 35 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने एक मई तक गर्जन, वज्रपात और 40-50 किमी की गति से तेज हवा चलने की आशंका जताई है। इसे लेकर विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं सोमवार के लिए विभाग ने राज्य के कई इलाकों के लिए ऑरेन्ज अलर्ट जारी किया है।

## मंत्री हफिजुल ने ली शरीयत के नाम पर फर्जी डिग्री, पाकिस्तान से जुड़ा नेटवर्क : अजय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने राज्य के मंत्री हफ़ज़ुिल अंसारी की डॉक्टरेट उपाधि को लेकर जमकर निशाना साधा है। अजय साह ने आरोप लगाया कि मंत्री हाफ़ज़ुिल अंसारी को मिली डॉक्टरेट की डिग्री एक फर्जी विश्वविद्यालय से प्राप्त की गई है, जिसे उन्होंने भारत वर्चुअल ओपन एजुकेशनल यूनिवर्सिटी बताया। एक ऐसी संस्था जिसे न तो विश्वविद्यालय शब्द का प्रयोग करने का अधिकार है और न ही किसी प्रकार की शैक्षणिक उपाधि प्रदान करने की मान्यता प्राप्त है। साह सोमवार को भाजपा कार्यालय में प्रेस वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि जैसा कि यूजीसी एक्ट 1956 के सेक्शन 22 में स्पष्ट है। इस फ़ज़ी यूनिवर्सिटी को ना तो यूजीसी, ना तो भारत सरकार और ना ही झारखंड सरकार ने कोई मान्यता दी है। साह ने आगे कहा कि हफ़ज़ुिल अंसारी ने भारतीय संविधान के तहत संचालित मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों से डिग्री प्राप्त न कर पाने के बाद शरीयत कानून का अनुसरण करते हुए ऐसे लोगों द्वारा संचालित एक फर्जी विश्वविद्यालय से पीएचडी की उपाधि हासिल कर ली, जो शुद्ध रूप से एक कागज़ी संस्था है। साह ने यह भी दावा किया कि यह फर्जी विश्वविद्यालय सेंट्रल क्रिश्चियन यूनिवर्सिटी, अफ्रीका से अपनी संबद्धता बताता है, जबकि गहन जांच में पता चला कि इस विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. उस्मान को इस्लामाबाद, पाकिस्तान की एक संस्था द्वारा प्रोफेसर की उपाधि प्रदान की गई थी।

## अक्षय तृतीया 30 अप्रैल को, सोने की खरीदारी और दान का विशेष महत्व

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**रांची :** वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को अक्षय तृतीया के रूप में मनाया जाता है। इसे युगादि तिथि भी कहा जाता है, क्योंकि इसी दिन त्रेता युग का आरंभ हुआ था। इस वर्ष अक्षय तृतीया मंगलवार से प्रारंभ होकर 30 अप्रैल को पूरे दिन रहेगी। उदयातिथि के अनुसार व्रत और पर्व 30 अप्रैल को ही मनाया जाएगा। पंडित (पुरोहित) मनोज पांडेय ने सोमवार को बताया कि सोना और चांदी को धन की देवी लक्ष्मी का प्रतीक माना गया है। यह समृद्धि का भी प्रतीक है। इसलिए इस दिन की गई खरीददारी को अक्षय माना गया है। इस बार बुधवार और रोहिणी नक्षत्र का संयोग बन रहा है, जो शुभफलदायी है।

इस दिन पीली धातु सोने को सबसे पवित्र माना गया है और इसे भगवान विष्णु से संबंधित बताया गया है, इसलिए सोने की खरीददारी सौभाग्य का सूचक है। पद्म पुराण के अनुसार, इसी दिन कुबेर की देवताओं का खजाने का मालिक बनाया गया था। इस तिथि को लक्ष्मी माता पूजा का विशेष महत्व है। पुरोहित ने कहा कि अक्षय तृतीया को आखा तीज के नाम से भी जानते हैं, जो कि धर्मग्रंथों के अनुसार एक शुभदिन है। यह सौभाग्य, सुख और समृद्धि का प्रतीक है। इस दिन भगवान विष्णु, गणेश और देवी लक्ष्मी की पूजा का विधान है। इस वर्ष यह त्योहार 30 अप्रैल को होगा।

## राज्यपाल से की जनजातीय विभाग में धांधली के जांच की मांग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची :** पूर्व विधायक देवकुमार धान के नेतृत्व में सोमवार को आदिवासियों का प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल संतोष गंगवार से मिला और उन्हें ज्ञापन सौंपा। सौंपे गये ज्ञापन में रांची विश्वविद्यालय में पीएचडी शोध पंजीकरण रद्द करने और सात नवंबर 2022 के पीएचडी रेगुलेशन को लागू कराने की मांग की गई। साथ ही ज्ञापन में कहा गया कि विश्वविद्यालय के जनजातीय और क्षेत्रीय भाषा विभाग में पीएचडी शोध कार्य में भारी धांधली की ओर ध्यान आकृष्ट कराया गया। कहा गया कि धांधली से विभाग में जो शिक्षक पीएचडी उपाधि धारक नहीं है वे भी शोध गाइड और निदेशक बन गए हैं। साथ ही कहा गया कि नागपुरी भाषा के शोध निदेशक और गाइड मुंडारी भाषा के शिक्षक बन रहे हैं। इस तरह की गड़बड़ी कुडुख, संथाली, खड़िया, हो, मुंडारी सहित अन्य भाषाओं में भी हो रही है जो नियम संगत नहीं है। प्रतिनिधिमंडल ने आरोप लगाया कि पीएचडी शोध की गड़बड़ी कुलपति अजीत कुमार सिन्हा और संकाय अध्यक्ष तथा डीन डॉ अर्चना दुबे की छत्रछाया में हो रहा है। साथ ही कहा गया कि साजिश के तहत आदिवासी भाषा और साहित्य लेखन में भारी गड़बड़ी हो रही है। साथ ही प्रतिनिधिमंडल ने आदिवासियों के इतिहास और भाषा को समाप्त करने की हो रही साजिश की जांच कर कार्रवाई करने और दोषियों को सजा दिलाने की मांग की।

# आरपीएफ पोस्ट रांची एवं फ्लाइंग टीम रांची द्वारा सराहनीय कार्य

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** आरपीएफ कमांडेंट श्री पवन कुमार के नेतृत्व में रांची मंडल में आरपीएफ द्वारा बहुत बेहतर कार्य किया जा रहा है। 26.04.2025 को आरपीएफ पोस्ट रांची एवं फ्लाइंग टीम रांची द्वारा नियमित चेकिंग, तलाशी एवं घात निगरानी अभियान चलाया गया। यह अभियान रेलवे स्टेशन पर संदिग्ध व्यक्तियों, अपराधियों एवं अवैध सामग्री की रोकथाम के लिए चलाया गया। इस दौरान लगभग 08:45 बजे प्लेटफार्म संख्या 1 पर एक युवक को संदिग्ध अवस्था में रोका गया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम मोहम्मद समीर, उम्र लगभग 21 वर्ष, पिता का नाम अब्दुल गफ्फार, निवासी इस्लामनगर, पथलकुदवा, थाना लोअर बाजार, जिला रांची, झारखंड बताया। उसकी तलाशी लेने पर उसकी नीली जींस की दाहिनी जेब से 2000/- नकद बरामद किया गया। पूछताछ के दौरान उसने स्वीकार किया कि रांची स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 1 पर खड़ी रांची-टोरी मेमू ट्रेन में चढ़ने के दौरान उसने एक यात्री की जेब से उक्त राशि चोरी की थी। उसी समय वहां एक व्यक्ति आया और बताया कि उसकी जेब से पैसे चोरी हो गए हैं। पैसे दिखाने पर उस व्यक्ति ने उन्हें पहचान लिया और बताया कि यह उसके पैसे हैं। व्यक्ति ने अपना नाम रामचंदर लोहरा, उम्र करीब 57 वर्ष, पिता का नाम स्वर्गीय विश्वनाथ लोहरा, निवासी गड़गांव, थाना सेन्हा, जिला लोहरदग्गा, झारखंड बताया। इसके बाद एएसआई अनिल कुमार द्वारा 2000/- विधिवत जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया और सराहनीय कार्य में शामिल अधिकारी एवं कर्मचारी:- प्रभारी निरीक्षक - शिशुपाल कुमार, एएसआई अनिल कुमार, आर.के. सिंह, हेमंत, प्रदीप, रिंकू यादव।

# मंईयां सम्मान योजना के लाभुक अपना आधार कार्ड बैंक खाता से जुडवा ले आज : डीसी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची।** उपायुक्त- सह- जिला दण्डाधिकारी मंजूनाथ भजन्त्री के निदेशानुसार 29.04.2025 को रांची जिला में झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों के लिए पंचायतवार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों के आधार सीडिंग का कार्य किया जायेगा। जिला के सभी पंचायत में पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक शिविर का आयोजन किया जायेगा। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा जिला के सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को पूर्व में ही शिविर के सफल संचालन हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का निदेश दिया जा चुका है।

**शहरी क्षेत्र के लाभुक संबंधित बैंक में करा पायेंगे आधार सीडिंग**

29.04.2025 को ही शहरी क्षेत्र के सभी बैंक शाखाओं में लाभुकों के आधार सीडिंग का कार्य सम्पादित किया जायेगा। जिसमें योजना अंतर्गत शहरी क्षेत्र के लाभुक संबंधित बैंक में उपस्थित होकर अपना आधार सीडिंग करवा सकेंगे। कैंप में योजना अंतर्गत उन लाभुकों के बैंक खाते से आधार सीडिंग की जाएगी, जिन्हें 3 महीने की एकमुश्त सम्मान राशि 7500 रुपए 03.04.2025 या उसके पश्चात मिली है। जिन लाभुकों को 03.04.2025 से पहले एकमुश्त तीन महीने की सम्मान राशि बैंक खाते में स्थानांतरित की गई थी, उन्हें कैंप में आने की आवश्यकता नहीं है, उनका आधार बैंक खाते से सीडेड है।आपको बतायें कि विभागीय संकल्प के आलोक में योजना के लाभुकों को अप्रैल-2025 से केवल आधार लिंक्ड सिंगल बैंक खाता के माध्यम से ही सम्मान राशि का भुगतान किया जाना है।

## रांची राउंडटेबल-244 दो महीने में स्कूल ब्लॉक करेगा तैयार : अविनाश जैन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची।** सामाजिक सरोकारों से जुड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर की संस्था राउंड टेबल इंडिया के सिटी चैप्टर रांची समैरिटन राउंड टेबल-244 एवं लेडीज सर्कल 169 ने राउंडटेबल द्वारा निर्मित पारसनाथ पब्लिक स्कूल हजाम बस्ती हटिया में नए दो क्लासरूम ब्लॉक का भूमिपूजन किया । साथ ही पाँच सौ से अधिक स्कूली बच्चों के बीच इस शुभ अवसर पर सोलह सौ कॉपी बांटी गई । राउंडटेबल 244 के अध्यक्ष अविनाश जैन ने कहा की ये दो नए क्लासरूम राउंडटेबल के सदस्य अपने व्यय एवं चैरिटी के माध्यम से बच्चों के लिए बना रहे है, जो दो महीने में बन कर तैयार हो जायेगा । राउंडटेबल एवं लेडीज़ सर्कल संस्था के सौजन्य से भूमि पूजन के मौके पर हटिया के हजाम बस्ती स्थित पारसनाथ पब्लिक स्कूल में छात्र-छात्राओं के बीच पठन-पाठन व अन्य उपयोगी सामग्रियों का वितरण किया गया । विदित हो कि सामाजिक कार्यों के प्रति समर्पित अंतरराष्ट्रीय स्तर की संस्था राउंड टेबल इंडिया व लेडिज सर्किल द्वारा सामुदायिक विकास कार्यक्रम के तहत समाज के कमजोर वर्ग के लोगों को सहयोग किया जाता है। पीड़ित मानवता की सेवा के प्रति संस्था तत्पर है। शिक्षा के क्षेत्र में संस्था द्वारा कई उल्लेखनीय कार्य किए गए हैं। इसके तहत हटिया के हजाम बस्ती में पारसनाथ पब्लिक स्कूल की स्थापना संस्था द्वारा कराई गई है। मौके पर रांची समेरीटन राउंडटेबल-244 के अध्यक्ष अविनाश जैन, आकाश खोसला, लेडीज़ सर्कल चेयरपर्सन प्रीति सराफ, पीयूष सरावगी, आयुष मोदी, साकार मोहता, संदीप खेमका, लेडीज सर्कल की नेहा खेमका, सन्नी केडिया, मनीष जैन एवं अन्य सदस्य ने स्कूली बच्चों संग खुशियां साझा की ।

उक्त जानकारी राउंड टेबल इंडिया के सिटी चैप्टर रांची समेरिटन राउंड टेबल-244 के प्रचार-प्रसार समन्वयक पौरुष जैन ने दी।

## पोस्टल आर एम एस पेंशनर्स एसोसिएशन ने गुगल मीट से की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** गूगल मीट पर ऑल इंडिया पोस्टल/ आर एम एस पेंशनर्स एसोसिएशन झारखंड की बैठक साधन कुमार सिंहा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में धनबाद, जमशेदपुर, रांची, पलामू, हजारीबाग, गिरिडीह, सिमडेगा, गोमो के एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में पहलगाम में 22अप्रैल को आतंकियों द्वारा की गई 26 निर्दोष लोगों की निरशंस हत्या की कड़े शब्दों में निंदा की गई और शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की गई तथा सरकार से मांग की गई कि आतंकियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर पीड़ित परिवारों को न्याय सुनिश्चित किया जाए। 28 अप्रैल को डाक लेखा निदेशक के निर्देश पर उनके कार्यालय में आयोजित एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल से सफल वार्ता एवं लिखित आश्वासन के पश्चात आम सहमति से 29 अप्रैल के प्रस्तावित राज्य स्तरीय धरना को स्थगित कर दिया गया. धरना की ज्ञात हो कि धरना की नोटिस 19 अप्रैल को निदेशक लेखा डाक को दी गई थी जिसके पश्चात एसोसिएशन के साथ 28 अप्रैल को दिन के 11 बजे निदेशक लेखा डाक कार्यालय ,बरियातू में वार्ता का आयोजन किया गया. तीन घंटे तक वार्ता चली . एक एक बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा हुई। ऑनलाइन बैठक में धनबाद से जयप्रकाश झा,बृजबंशी प्रसाद सिंह,यदु राम, जी बी मंडल,जमशेदपुर से जे भट्टाचार्य, हजारीबाग से निर्मल मिस्त्री,गिरिडीह से अजय सिंहा, के के साव ,पलामू से उमाशंकर भट्ट,सिमडेगा से राफेल बाखला,गोमो से मनोज प्रसाद एवं रांची से के डी राय व्यथित, बी के चौधरी, रंगनाथ पांडे और एम जेड खान शामिल हुए।

## जल के संरक्षण से होगा जल संकट का समाधान : लालेश्वर महतो



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा रांची जिला ग्रामीण के कोषाध्यक्ष सह समाजसेवी लालेश्वर महतो ने कोयलांचल क्षेत्र के राय पंचायत के कई जगहों पर प्याऊ की व्यवस्था कराया है।उन्होंने कोयलांचल क्षेत्र में बढ़ती गर्मी को देखते हुए राय पंचायत के दर्जनों स्थान पर अपने सहयोगी राजू गुप्ता के माध्यम से राहगीरों के लिए मिट्टी की घड़ा रखकर ठंडे पानी की व्यवस्था कराया।सोमवार को अपनी व्यवस्था शुरू किए जाने के दौरान लालेश्वर महतो ने कहा कि जल है तो कल है।इसके बावजूद जल का बेवजह बर्बाद किया जाता है।हमें यह नहीं भूलना चाहिए की जल संकट का समाधान जल के संरक्षण से ही है।हम हमेशा सुनते आए हैं कि जल ही जीवन है,जल के बिना सुनहरे कल की कल्पना नहीं की जा सकती है।जीवन के सभी कार्यों का निष्पादन करने के लिए जल की आवश्यकता होती है।पृथ्वी में उपलब्ध एक बहुमूल्य संसाधन जल है।सभी सजीवों के जीने का आधार जल है।इसके लिए जल संरक्षण अति आवश्यक है।उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी को देखते हुए राय पंचायत के कई जगहों पर प्याऊ की व्यवस्था की गई है।

## प्रखंड क्षेत्र के कई गांव का सोलर जलमीनार खराब, ग्रामीणों को पेयजल की घोर किल्लत

**मेहरमा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के सौरीचकला पंचायत के डोमनचक गांव के मुख्य मार्ग में लगा सोलर जलमीनार करीब चार वर्ष से खराब पड़ा है। यह सोलर जलमीनार 15वें वित्त से करीब पांच वर्ष पूर्व लगभग तीन लाख की लागत से बना था। सोलर जलमीनार बनने से सड़क के किनारे बसे ग्रामीणों को ही नहीं, बल्कि आने जाने वाले राहगीर भी इस जलमीनार से पानी पीकर अपनी प्यास बुझाते थे। जलमीनार लगने के कारण ग्रामीणों को स्वच्छ पानी मिल पा रहा था, इससे ग्रामीणों में काफी खुशी थी। बताते चलें कि इस गांव में प्रत्येक वर्ष गर्मी के समय पेयजल के लिए काफी परेशानी होती है। गांव में लगे चापाकल भी सूख जाते हैं। चापाकल सूखने के कारण ग्रामीणों को दूसरे के घर में लगा चापाकल ही उनका सहारा है। अब ग्रामीणों के पेयजल मात्र डब्बे का पानी खरीदकर पीने के लिए रह गया। ग्रामीण महंगे दाम पर खरीदकर अपनी प्यास बुझा रहे हैं। वहीं इस संदर्भ में मुखिया प्रियंका देवी से पूछे जाने पर मुखिया ने बताया कि सोलर जलमीनार को ठीक कराया गया था, मगर पानी का लेयर कम होने के कारण जलमीनार पुनः खराब हो गया। वरीय पदाधिकारी से इसे ठीक कराने को लेकर बात हुई थी, पदाधिकारी द्वारा निर्देश मिलने पर जलमीनार ठीक कराया जाएगा। इस समस्या के समाधान हेतु ग्रामीण मुन्ना उरांव, मुंशी उरांव, साहेबलाल हांसदा, बबलू हांसदा, रामजी उरांव, राजा उरांव, बासुकी हांसदा, संजय उरांव ने वरीय पदाधिकारी से सोलर जलमीनार ठीक कराने की मांग की है।

## एमजीआर रेलवे लाइन के ठेका मजदूरों ने एरियर की मांग को लेकर दिया धरना

**बोआरीजोर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** फरक्का एनटीपीसी एमजीआर रेलवे लाइन के 62 नंबर के पास एनटीपीसी में कार्यरत ठेका मजदूरों ने एरियर के साथ-साथ अन्य मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना दिया, औद्योगिक मजदूर संघ के बैनर तले आयोजित धरना प्रदर्शन में मजदूर संघ के सचिव रामजी साह, सहायक सचिव सोनाराम मड़ैया ने कहा कि एनटीपीसी प्रबंधन ठेका मजदूर के साथ शोषण कर रहा है। मजदूर की समस्या को लेकर प्रबंधन के साथ कई बार वार्ता हुई, लेकिन वार्ता के समझौता के अनुसार प्रबंधन कार्य नहीं कर रही है। इससे मजदूर आंदोलन करने के लिए मजबूर हो रहे है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि प्रत्येक मजदूर को मासिक भुगतान प्रत्येक महीने के निर्धारित तिथि को किया जाये। सभी मजदूरों का बकाये एरियर का भुगतान जल्द किया जाये। मजदूरों को लेकर पहल नहीं होगी तो करेंगे भूख हड़ताल ठेका मजदूर के बदले में उनके आश्रित को कार्य पर रखे जाने के मांग भी बताया गया। न्यूनतम मजदूरी की दर से सभी मजदूरों को मजदूरी का भुगतान करने सहित मजदूरों की समस्या पर एनटीपीसी प्रबंधन सकारात्मक पहल नहीं करती है तो सोमवार से रेलवे के समक्ष भूख हड़ताल किया जाएगा एवं फरक्का एनटीपीसी के राजमहल परियोजना से कोयला ढुलाई पूरी तरह से बाधित रहेगी, इसकी जिम्मेवारी प्रबंधन की होगी। मौके पर गंगाराम मुर्मू, बबलू सोरेन, राम हेंब्रम, गोपाल मुर्मू, अनिल सोरेन, सुमित मुर्मू, दीपक ठाकुर, शैलेंद्र मरांडी, मनोज, महेंद्र, गणेश, जितेंद्र ठाकुर, श्यामलाल मुर्मू, मुन्ना मुर्मू, निरंजन मुर्मू, दिनेश मरांडी, हलधर पंडित आदि उपस्थित थे।

## आतंकी हमले के विरोध में झारोटेफ द्वारा आक्रोश मार्च सह श्रद्धांजलि सभा आयोजित



**गोड्डा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड ऑफिसर टीचर्स एंड एंप्लॉय फेडरेशन के प्रांतीय कमेटी के निर्देश अनुसार गोड्डा जिला में जिला अध्यक्ष सुमन कुमार एवं जिला सचिव सुभाष चंद्र के अगुवाई 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 28 निर्दोष नागरिको को हत्या की गई। जिला अध्यक्ष और जिला सचिव संयुक्त रूप से बयान जारी करते हुए कहा कि कहा कि यह नृशंस हत्या मानवता पर नहीं बल्कि भारत के अस्मिता पर सीधा प्रहार है।इस हृदय विधायक घटना के विरोध में आतंकवाद और उसके समर्थकों के प्रति जनाक्रोश प्रकट करने हेतु रविवार को जिला मुख्यालय स्थित शहीद स्तंभ पर आक्रोश मार्च सह श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जो शहीद स्तंभ से होते हुए न्यू मार्केट होकर वापस बाईपास के रास्ते होते कारगिल चौक पर पुतला दहन करते हुए शहीद स्तंभ पर समाप्त हुआ। उक्त कार्यक्रम में देश के 28 मासूम नागरिकों के आत्मा के लिए शांति हेतु श्रद्धांजलि अर्पित की गई साथ ही आतंकवादियों का पुतला दहन किया गया।

## अपराधियों ने बंदूक दिखाकर बुजुर्ग से लूटे मोबाइल और नगदी

**गोड्डा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बीती रात नगर थाना क्षेत्र में एक बुजुर्ग से लूटपाट का मामला प्रकाश में आया है। उक्त मामले में पकड़िया गांव के निवासी गणेश प्रसाद झा से रविवार रात 11 बजे अज्ञात बदमाश द्वारा लूटपाट की गई। पीड़ित पूजा पाठ कराकर साइकिल से अपने घर लौट रहे थे, जहां पकड़िया के समीप मुख्य मार्ग पर जनता होटल के पास मोटरसाइकिल सवार बदमाश ने उन्हें रोका और फिर बंदूक दिखाकर मोबाइल और 3500 रुपये छीन लिए। इस दौरान अपराधी ने धमकी दी कि शोर मचाने पर गोली मार देगा। साथ ही जेवर गहने मिलने की लालच में अपराधियों ने पीड़ित की तलाशी भी ली पर उसे कुछ नहीं मिला फिर उसे छोड़ दिया गया। उसके बाद जैसे तैसे पीड़ित अपने घर पहुंचा और घर वालों को आपबीती बताई। वहीं पीड़ित ने घटना के अहले सुबह नगर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। साथ ही बताया कि अंधेरे के कारण पीड़ित अपराधी को पहचान नहीं पाए। वहीं बीते दिनों पौड़ैयाहाट के कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने चोरी और छिनतई मामले की रोकथाम एवं अपराधी की गिरफ्तारी को लेकर गोड्डा पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी से मिलकर उनसे वार्ता की थी। जिसके बाद पुलिस अधीक्षक द्वारा आश्वासन दिया गया था कि जल्द ही इस पर कार्यवाही की जाएगी साथ ही अपराधियों को गिरफ्तार कर कार्यवाही की जाएगी। इसके बावजूद जिले में चोरी और छिनतई नहीं थम रही है। बताते चलें कि अभी हाल ही में बीते दिनों रामनगर मोहल्ले में एक महिला के गले से सोने की चेन छीनी गई थी जिसका अब तक पता नहीं लग पाया है। वहीं चैती दुर्गा पूजा के मौके पर मंदिर परिसर में पूजा के दौरान कई महिलाओं के गले से चैन की छीनतई की गई थी। इससे पूर्व मिशन चौक के समीप एक स्वर्णकार की दुकान में पुलिस के वेस में दुकान से जेवर लूट कर चले गए। वहीं रामनगर के एक बंद घर सेंध मार कर सब कुछ चोरी कर लिया गया और भी कई जगहों पर चोरी- छिनतई, लूट की घटना घटित हुई पर अब तक पुलिस की पकड़ से कोसों दूर हैं।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला समाज कल्याण एवं जिला बाल संरक्षण इकाई की समीक्षा बैठक आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** समाहरणालय स्थित सभागार में आज उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में जिला समाज कल्याण कार्यालय एवं जिला बाल संरक्षण इकाई की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित विभागों के पदाधिकारियों ने भाग लिया और अपने-अपने विभागों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। बैठक के दौरान उपायुक्त ने समाज कल्याण से संबंधित विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं बच्चों के संरक्षण से जुड़े कार्यों की गहन समीक्षा की। बैठक में मुख्य रूप से पोषण ट्रैकर, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, सेविका सहायिका रिक्तियां, आंगनबाड़ी केंद्रों में आधारभूत संरचना एवं भवन निर्माण, एमटीसी केंद्र संचालन, बाल संरक्षण सेवा अंतर्गत आर्थिक वित्तिय सहायता का लाभ एवं पुनर्वास, मानव तस्करी समेत अन्य विषयों की समीक्षा की गई। बैठक में सर्वप्रथम जिला समाज कल्याण पदाधिकारी द्वारा जानकारी दिया गया कि पोषण पखवाड़ा 2025 में राज्य स्तर पर खूँटी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जिसे लेकर उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को शुभकामनाएं देते हुए इसे निरंतर जारी रखने का निर्देश दिया गया।

उपायुक्त ने पोषण ट्रैकर के अद्यतन एवं प्रभावी उपयोग पर विशेष बल देते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कुपोषण को जड़ से समाप्त करने के लिए जमीनी स्तर पर ठोस प्रयास किए जाएं। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत शत-प्रतिशत लक्षित लाभार्थियों तक सहायता राशि पहुँचाने पर भी जोर दिया गया। बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों में सेविका एवं सहायिका के रिक्त पदों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई तथा शीघ्र नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों की आधारभूत संरचना एवं भवन निर्माण कार्यों की प्रगति पर भी चर्चा हुई। उपायुक्त ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने एवं समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। एमटीसी केंद्र के सुचारू रूप से संचालन सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने विभागीय अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु नियमित अनुश्रवण एवं निगरानी सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में जिला बाल संरक्षण इकाई के तहत बल संरक्षण सेवा अंतर्गत आर्थिक वित्तिय सहायता का लाभ एवं पुनर्वास मामलों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने निर्देश दिया कि लाभुकों तक सरकारी योजनाओं का समय पर लाभ सुनिश्चित किया जाए तथा विशेष रूप से कमजोर वर्गों के बच्चों की सुरक्षा, पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन हेतु सभी जरूरी कदम उठाए जाएं। मानव तस्करी के तहत दर्ज हुए मामलें एवं उनमें किए गए बच्चों के रेस्क्यू कार्य की जानकारी लेते हुए सक्रिय होकर कार्य करने को कहा गया। उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि सेवा में पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। बैठक में उपायुक्त ने चाइल्ड वेलफेयर कमिटी एवं जुविनाइल जस्टिस बोर्ड को पूरी तरह से सक्रिय होकर कार्य करने को कहा, साथ हीं लंबित मामले के निष्पादन को लेकर भी निर्देशित किया गया।

# पिपरवार महाप्रबधंक कार्यालय मे मनाया गया सुरक्षा एंव स्वास्थ्य के लिए विश्व दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय में सोमवार को सुरक्षा एवं स्वास्थ्य के लिए विश्व दिवस मनाया गया।इस मौके पर पिपरवार क्षेत्र के एरिया सेफ्टी ऑफिसर पंकज कुमार चौधरी ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मियों को कोल इंडिया के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक पीएम प्रसाद के द्वारा सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संबंधी विश्व दिवस को लेकर जारी किए गए संदेश को पढ़कर सुनाया।कार्यक्रम में वक्ताओं ने बताया कि आईएलओ के द्वारा 28 अप्रैल को कार्यस्थल पर सुरक्षा एवं स्वास्थ्य के लिए विश्व दिवस विश्व स्तर पर मनाया जाता है।जोखिम मूल्यांकन,निरंतर प्रशिक्षण,आधुनिक सुरक्षा उपकरण अपनाना,वैधानिक अनुपालन, व्यावसायिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य के सार्थक संवाद के माध्यम से प्रचार प्रसार और जागरूकता के माध्यम से कार्य स्थल पर दुर्घटनाओं और बीमारियों की रोकथाम महत्वपूर्ण है।वर्तमान वर्ष की थीम स्वास्थ्य एवं सुरक्षा में क्रांतिकारी बदलाव, कार्यस्थल पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटलीकरण की भूमिका इस बात पर जोर देती है कि कैसे एआई और डिजिटल उपकरण प्रभावी ओएसएच रणनीतियो को लागु करने, जीवन की रक्षा करने उत्पादकता में सुधार करने और सतत कार्य वातावरण बनाने में महत्वपूर्ण घटक है। ऑल इंडिया आने वाले वर्षो में अपने उत्पादन और प्रेषण को उच्च स्तर पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है। जो सभी स्तरों पर सुरक्षा और स्वस्थ मानको को बढ़ाने के महत्व को रेखांकित करता है।

# बीडीओ ने पंचायत सेवक एवं रोजगार सेवक के साथ की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पोड़ैयाहाट :** प्रखंड के सभागार में बीडीओ फुलेश्वर मुर्मू ने पंचायत सेवक, रोजगार सेवक के साथ बैठक कर लंबित आवास पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। बीडीओ फुलेश्वर मुर्मू ने बैठक में बताया कि वित्तीय वर्ष 2016-22 तक 10281 आवास की स्वीकृत हुई थी, जिसमें 10077 आवास पूर्ण हैं। अभी तक 202 आवास लंबित पड़ा हुआ है। अपूर्ण आवास वाले लाभुकों के खिलाफ सर्टिफिकेट केस किया जाएगा। उन आवासों को अविलंब पंचायत सहायकों का मदद से पूर्ण करें। वहीं बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर आवास योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2016-2024 तक कुल 317 आवास स्वीकृत हुआ था, जिसमें 290 आवास पूर्ण है। अभी भी 27 आवास अधूरा पड़ा है, इसमें भी पंचायत सहायकों के सहयोग से पूर्व करना अति आवश्यक समझें, नहीं तो संबंधित पंचायत सेवक एवं रोजगार सेवक पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। स्थानीय स्तर पर लंबित आवास में लाभुकों को हो रही परेशानी में भी मुखिया पंचायत सचिव को सहयोग करने का निर्देश दिया। वहीं इस प्रखंड को आवास प्लस सर्वे में पोड़ैयाहाट प्रखंड को 20729 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसमें अभी तक मात्र 16210 आवास का सर्वे हो चुका है। अभी भी 4519 आवास का सर्वे करना लंबित पड़ा हुआ है, इसको 17 अप्रैल तक हर हाल में पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है। अबूआ आवास योजना में 2023-24 के तहत प्राप्त लक्ष्य के विरुद्ध पूर्णता की स्थिति पर असंतोष जाहिर करते हुए पंचायत सचिव को कड़ी फटकार लगायी। वित्तीय वर्ष 22-23 में स्वीकृत मनरेगा योजना के तहत सभी को खुदाई के साथ-साथ जोड़े का कार्य भी पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने बरसा हरित ग्राम योजना के तहत प्राप्त लाभुकों के चयन पर भी कार्यक्रम प्रारंभ करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान जीपीएस राजीव कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

# संविधान बचाओ अभियान को लेकर कांग्रेस की अहम् बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोड्डा :** जिला कांग्रेस कार्यालय गोड्डा में जिला कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश यादव के अध्यक्षता में संगठन को मजबूती हेतु एवं संविधान बचाओ अभियान को लेकर एक अहम बैठक बुलाई गई, जिसमें मुख्य रूप से झारखंड कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव के साथ जिला पर्यवेक्षक श्यामल किशोर सिंह उपस्थित रहे,

बैठक में जिला अध्यक्ष दिनेश यादव जी ने बताया कि अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का आदेश जारी हुआ है कि प्रत्येक माह का 15 (पंद्रह) तारीख को जिला कांग्रेस कार्यालय में जिला कांग्रेस कार्यकारिणी कमिटी का बैठक किया जाएगा और प्रत्येक माह का बैठक में पार्टी के जिला पदाधिकारी एवं कार्यकारिनी सदस्य का उपस्थित होना अति आवश्यक होगा और प्रखंड अध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्षों को आदेश दिया जाता है कि आगामी 6/5/2025 से पहले प्रखंड कमिटी एवं मंडल कमिटी का गठन कर लिया जाएगा जो अनिवार्य है,विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने बताया कि आगामी तिथि 03.05.2025 को रांची के ध्रुर्वा मैदान में संविधान बचाओ सम्मेलन का कार्यक्रम का आयोजन किया जाना तय है जिसमें गोड्डा से अच्छी खासी संख्या में जाएगें यह भी बताया कि रांची के कार्यक्रम से वापस गोड्डा लोटने के बाद दिनांक 06.05.2025 को समय 12. बजे दिन को गोड्डा मेला मैदान से एक रैली के रूप में बाबा साहेब आंबेडकर जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण अर्पित कर के गोड्डा असंबनी चौक होते हुए जिला टाउन हॉल में संविधान बचाओ सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव जी, झारखंड कांग्रेस प्रभारी के. राजू जी, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, मंत्री दीपिका पांडे सिंह , जिला प्रभारी सुरेश बैठा , जिला पर्यवेक्षक श्यामल किशोर सिंह उपस्थित रहेंगे, इसी निर्देशित कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं को आह्वान किया, मौके पर राजीव मिश्रा, ज्योतिंद्र झा, बिंदु मंडल, जगधत्री झा, सच्चिदानंद साह, अकबर अली, अरशद वहाब, विकास सिंह, अभय जायसवाल, सुमित कुमार बिट्टू, प्रियव्रत झा, विनय ठाकुर,कुंदन ठाकुर, अमरेंद्र अमर, याहिया सिद्दीकी, सुशीला देवी, अर्चना देवी, आलमगीर आलम, इरफान काजी, नरेंद्र शेखर आजाद, अवधेश ठाकुर, ब्रह्मदेव महतो, मनोज यादव, मेहबूब अंसारी, सोनी सिंह, लाडली खातून, मिनी किश्कू, प्रमिला मरांडी एवं सैंकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# सीता-राम प्रतिमा की स्थापना को लेकर निकली जलयात्रा



**गोड्डा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शिवपुर मुहल्ला स्थित रत्नेश्वरनाथ धाम मंदिर परिसर में 30 अप्रैल 2025 को श्री-श्री 108 राममंदिर में सीता-राम प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सोमवार को मंदिर परिसर में भव्य जलयात्रा निकाली गई। जलयात्रा मंदिर से निकलकर शिवगंगा पहुंची जहां कलश पूजनोपरांत जल लेकर विभिन्न मागों से होती हुई यज्ञ स्थल पहुंची। इसके उपरांत यज्ञाचार्य पं. रतिकांत झा ने पूजन कराया। उन्होंने बताया कि प्रतिमा की स्थापना को लेकर सोमवार को जलयात्रा के साथ अनुष्ठान का शुभारंभ हो गया है। इसी क्रम में 29 अप्रैल को प्रतिमा पूजन के उपरांत नगर भ्रमण कराया जाएगा। इसको लेकर भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। तदोपरांत जलाधिवास, पुष्पाधिवास, फलाधिवास एवं अन्नाधिवास किया जाएगा। 30 अप्रैल को नए राम मंदिर में रामलला के साथ-साथ श्रीराम, लक्ष्मण, सीता , बजरंगबली एवं सरस्वती माता की प्रतिमाकी स्थापना की जाएगी। इसके बाद आम श्रद्धालुओं के दर्शन व पूजन को लेकर मंदिर के कपाट खोल दिए जाऐंगे। स्थापना के बाद एक मई को अखंड संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। अनुष्ठान को सफल बनाने के लिए आसपास के श्रद्धालु अहम भूमिका अदा कर रहे हैं।

# राष्ट्रीय लोक अदालत 10 मई को

**गोड्डा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश के आलोक में आगामी 10 मई 2025 को जिला व्यवहार न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसकी सफलता को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रमेश कुमार व सचिव दीपक कुमार के निर्देश पर नोटिस बनाने, जागरूकता अभियान चलाने सहित विभिन्न विभागों के साथ बैठक आयोजित करने की कवायद तेज कर दिया गया है। प्राधिकरण के सचिव दीपक कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक लोगों को लाभ सुनिश्चित हो इसके लिए सभी पक्षों को नोटिस भेजने की प्रक्रिया डालसा की ओर से शुरू है। संबंधित विभाग की ओर से भी इसमें शीघ्रता करने की जरुरत है। जरुरत के अनुसार समय के पूर्व भी समझौता कराकर मामले का निष्पादन कराया जा सकता है। खासकर बैंक, बिजली, एक्साइज, पुराने लंबित मामले आदि मामले के निष्पादन में सकारात्मक रूख अख्तियार करने की जरुरत है। लोक अदालत के माध्यम से जिले के अभिवंचितों व आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों को लाभ मिले इसके लिए सभी पक्षों को प्रयास करने की जरुरत है। राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को लेकर विभिन्न प्रखंडों व पंचायत स्तर पर अधिकार मित्र सह पीएलवी अहम भूमिका अदा कर रहे हैं।

## जिप उपाध्यक्ष एवं एसडीपीओ ने प्रसूता के लिए रक्तदान कर बचाई जान




**गोड्डा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रक्त की कमी से जिंदगी और मौत से बीच झूल रही एक महिला की जान जिला परिषद उपाध्यक्ष अनु देवी एवं सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक प्रियदर्शी के द्वारा रक्तदान कर बचाई गई। वहीं इस मामले में मिली जानकारी के अनुसार उक्त महिला बीमार थी, जिसे दो यूनिट बी पॉजिटीव रक्त की आवश्यकता थी। इसको लेकर सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर जानकारी साझा किया गया था। जिस बात की जानकारी गोड्डा एसडीपीओ व जिप उपाध्यक्ष की मिली जिसके बाद इन दोनों के द्वारा रक्तदान कर महिला की जान बचायी गयी। मालूम हो कि महिला रोमा देवी का प्रसव 26 अप्रैल को हुआ था लेकिन प्रसव के पूर्व ही शिशु की जान चली गयी, जिसको ऑपरेशन कर निकाला गया था, इसमें महिला की स्थिति खराब हो गयी थी जिसके बाद चिकित्सक द्वारा रक्त चढ़ाये जाने का सुझाव दिया गया था। इस दौरान कहीं भी रक्त नहीं मिलने से मरीज की स्थिति बिगड रही थी, तब जिला परिषद उपाध्यक्ष अनु देवी एवं सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक प्रियदर्शी ने रक्तदान कर महिला की जान बचाने का प्रयास किया।

## ठाकुरगंगटी थाना परिसर से सेवानिवृत चौकीदार को दी गई विदाई



**ठाकुरगंगटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना परिसर से सेवानिवृत हुए चौकीदार को विदाई दी गई। इस दौरान थाना प्रभारी पंकज कुमार सिंह की मौजूदगी में बनियाडीह ग्राम के चौकीदार शिवलाल पासवान व चांदा ग्राम के भोला पासवान को उपस्थित चौकीदार द्वारा विदाई समारोह में अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। वहीं बताया गया कि शिवलाल पासवान वर्ष 1996 में चौकीदार पद पर अपना योगदान दिए थे जबकि भोला पासवान वर्ष 1989 से लेकर दिसंबर 2024 तक अपने सेवा में लगे रहे। विदाई समारोह के उपरांत थाना प्रभारी श्री सिंह ने कहा कि सरकारी नौकरियों में रिटायरमेंट एक प्रथा चली आ रही है जहां सभी कर्मियों को इससे गुजरना पड़ता है। बीते दिनों के कार्यकाल के दौरान दोनों ने अपनी ईमानदारी से सेवाकाल की भूमिका अदा की जिसकी आज थाने को काफी कमी महसूस होगी, मैं इन दोनों के बेहतर स्वास्थ्य की कामना करता हूं। इसके अलावा आप दोनों से पुलिस प्रशासन को काफी लगाव रहेगी। पूर्व की भांति पुलिस प्रशासन का सहयोग कर हर मामले की जानकारी अवश्य दे। मौके पर थाना के अवधेश प्रसाद सिंह, नागेंद्र पांडेय, जितेंद्र प्रसाद, पी एस प्रमाणिक, संतोष कुमार यादव, हंसबुल्ला के अलावा प्रमोद कुमार, मनोज पासवान, सुबोध पासवान, बबलू पासवान, गोरेलाल यादव, अजीत कुमार, मनोज टुडू सहित सभी चौकीदार मौजूद थे।

## मिश्रगंगटी पंचायत अंतर्गत आदिवासी गांव मंझकोला में पेयजल संकट

**ठाकुरगंगटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के मिश्र गंगटी पंचायत के अंतर्गत आदिवासी गांव मंझकोला में इन दिनों पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गयी है। यह गांव ठाकुरगंगटी के परासी जाने वाले मुख्य मार्ग में बसा हुआ है, जो सड़क के दोनों किनारे लंबी दूरी तक है। गांव में एक हजार की आबादी रहती है, जो मात्र एक चापाकल पर आश्रित है। चापाकल भी विगत एक माह से खराब पड़ा हुआ है, जो गांव के प्रधान सोरेन के घर के सामने है, गांव की आधी आबादी इसी पर आश्रित है। गांव में एक जलमीनार लगाया गया था। वह भी विगत दो माह से खराब पड़ा हुआ है। गांव के लोग पीने के पानी को लेकर त्राहिमाम हैं। गांव में फिलहाल गर्मी का मौसम रहने के कारण पानी की काफी खपत होती है। जलमीनार खराब रहने से परेशान ग्रामीण ताला हांसदा, नरेश टुडू, बाबूराम मुर्मू, साहेब हेंब्रम, बिनोद टुडू ने बताया कि गांव में जलमीनार खराब पड़ा हुआ है, पानी की भीषण समस्या उत्पन्न हो गयी है। गांव के बाहर से पीने का पानी लाना पड़ता है, जिसकी सुधि लेने वाला कोई नहीं है। पानी की समस्या को लेकर गांव के ग्रामीण काफी परेशान रहते है। गांव के अधिकांश चापाकल से पानी का लेयर नीचे चले जाने के कारण पानी काफी कम निकलता है, इस कारण ग्रामीणों की प्यास नहीं बुझ पाती है। ग्रामीणों ने खराब पड़े जलमीनार की मरम्मत करा दिया जाये तो गांव के लोगों को इतनी मशक्कत नहीं करनी पड़ेगी, बताया की अभी भीषण गर्मी आना बाकी है। कभी-कभी यहां के ग्रामीण कौआ नदी का पानी पीने को मजबूर हो जाते हैं। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से समस्या के निदान का मांग किया है।

## कित्ताकेंदुआ से छोटी सांखी तक भी श्रमदान से बनेगी दो किलोमीटर सड़क

**बसंतराय(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के सांचपुर सांखी पंचायत अंतर्गत ग्राम कित्ताकेंदुआ के लोगों ने 3 किलोमीटर तक श्रमदान से बनी सड़क को देखकर कित्ता केंदुआ गांव से छोटी सांखी तक 2 किलोमीटर की लंबाई का सड़क बनाने का निर्णय किया। और साथ ही साथ काम भी शुरू कर दिया।उन्होंने प्रशासन और नेताओं के उदासीनता से निराश होकर गांव के लोगों ने मिलकर सड़क निर्माण का काम शुरू किया। बताते चले की तीन दिन पहले अखबार में एक खबर छपी थी के सांचपुर सांखी से शाहपुर तक 3 किलोमीटर लंबी सड़क को लोगों ने श्रमदान कर 48 घंटे के अंदर बना डाला। इसी खबर को देखकर केंदुआ गांव के लोगों ने प्रेरणा ली और 2 किलोमीटर तक सड़क बनाने का निर्णय लिया और काम भी स्टार्ट कर दिया। आजादी से लेकर अब तक इस गांव को सड़क मार्ग से नहीं जोड़ा गया था। जिस कारण वस इस गांव में अगर कोई बीमार भी पड़ जाता था तो काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। बरसात के मौसम में कमर भर पानी में होकर बीमार को नजदीकी अस्पताल तक ले जाया जाता था। लोग इस गांव में शादी करने से भी कतराते थे। वहीं सड़क को लेकर गांव के प्रधान राजकुमार मुर्मू ने कहा कि ग्रामीणों ने पहले प्रशासन और नेताओं से सड़क बनाने की मांग की लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई। निवास होकर ग्रामीणों ने बैठक का प्रत्येक घर से चंदा इकट्ठा करने और खुद सड़क बनाने का निर्णय लिया। ग्रामीणों ने जेसीबी मशीन और ट्रैक्टर को लेकर सड़क निर्माण कार्य शुरू किया और देखते ही देखते दो किलोमीटर लंबी सड़क बनाने की ठान ली। श्रमदान से सड़क निर्माण होने से ग्रामीण बहुत खुश हुए और उन्होंने इस उपलब्धि को अपनी आजादी बताया। साथ ही राजकुमार मुर्मू ने कहा कि आज मुझे इस रोड को बनते देखकर जितनी खुशी हो रही है। इतनी खुशी तो किसी पर्व या त्योहार में मुझे नहीं हुई थी। साथ ही उन्होंने कहा कि इस खुशी का जितना भी व्याख्या करूं कम होगा। उन्होंने कहा कि यह घटना दर्शाती है कि जब सरकार की ओर से कोई मदद नहीं मिलती है तो ग्रामीण अपनी मेहनत और सहयोग से अपनी समस्याओं का समाधान कर सकते हैं। राजकुमार मुर्मू प्रधान ने कहा कि मैंने सोचा कि अगर एक आदमी पहाड़ काटकर रास्ता बना सकता है। तो हम गांव वाले मिलकर सड़क क्यों नहीं बना सकते जिसके लिए हम सरकार से देश की आजादी के बाद से अनुरोध कर रहे हैं। मांझी को सड़क बनाने में 22 साल लग गए जिसका मतलब है कि अगर हम सरकार पर निर्भर ना होते तो हम अब तक यह काम कर चुके होते। जिला परिषद सदस्य एहतेशामुल हक ने 5000 सहयोग रूप में दिया। तो वहीं प्रखंड प्रमुख अंजर अहमद ने भी 5000 की सहयोग राशि दी।

## गुड़ाबांदा में अवैध बालू परिवहन करता हाइवा जब्त



गुड़ाबांदा(प्रभात मंत्र संवाददाता): गुड़ाबांदा थाना क्षेत्र के काड़ागोसोल में एक बालू लदा हाइवा जब्त किया गया है। गुड़ाबांदा पुलिस ने रविवार रात को गश्ती के दौरान हाइवा संख्या - ओडी23 - 9186 को अवैध बालू के परिवहन करते पकड़ा। थाना प्रभारी सन्नी टोप्पो ने बताया कि खनन विभाग को पत्राचार करते हुए आगे की करवाई की जा रही है। गुड़ाबांदा पुलिस द्वारा अवैध बालू परिवहन रोकथाम के लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अवैध बालू परिवहन के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई जारी रहेगी।

## आगुईडांगरा में 9 महीने से जलमीनार खराब, बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता): पटमदा प्रखंड अंतर्गत आगुईडांगरा गांव के हरिजन बस्ती में पिछले 9 महीने से जलमीनार खराब पड़ा हुआ है। इससे गांव के दर्जनों परिवारों को पेयजल के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गांव के युवा रवि सहिस, रतन सिंह, आदेश सहिस, रोहिन सहिस, विकास सहिस, जगदीश सहिस व राजेश सिंह आदि ने सोमवार को पटमदा बीडीओ शशि नीलिमा डुंगडुंग को एक ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द जलमीनार की मरम्मत कराने की मांग की है। रवि सहिस ने बताया कि इसके पहले पंचायत प्रतिनिधियों से कई बार जलमीनार मरम्मत कराने की मांग की जा चुकी है। लेकिन किसी तरह का ध्यान नहीं देने पर भीषण गर्मी के इस मौसम में घर की महिलाएं दूर से पानी लाने को मजबूर हैं। बीडीओ ने युवाओं को आश्वासन दिया है कि मरम्मत कराने की व्यवस्था की जाएगी।

## साहित्यकार और समाजसेवी सुनील कुमार दे को झारखंड रत्न सम्मान



पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता): रविवार को पोटका के पिछली गांव में झारखंड साहित्य संस्कृति परिषद और गाजुड़ संस्था के संयुक्त तत्वावधान में साहित्य सम्मेलन और सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रतिष्ठित साहित्यकार और समाजसेवी सुनील कुमार दे को उनके शिक्षा, साहित्य और समाज सेवा के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान के लिए %झारखंड रत्न से सम्मानित किया गया। श्री दे ने बंगला भाषा का शिक्षण, अपूर पाठशालाओं की स्थापना, 34 पुस्तकों का लेखन और रक्तदान जैसे समाजिक कार्यों के लिए उल्लेखनीय प्रयास किए हैं।गाजुड़ संस्था के संस्थापक जनमेजय सरदार ने उन्हें माला पहनाकर, शाल उढ़ाकर और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर सरदार ने कहा, सुनील कुमार दे केवल %झारखंड रत्न% के हकदार नहीं, वे साहित्य अकादमी और पद्मश्री पुरस्कार के भी योग्य हैं, जिन्होंने पिछले 40 वर्षों से समाज में साहित्य और समाज सेवा की निरंतरता बनाए रखी है। सुनील कुमार दे ने इस सम्मान के लिए, गाजुड़ संस्था का आभार व्यक्त किया, और झारखंड साहित्य संस्कृति परिषद के सदस्य तथा माताजी आश्रम के भक्तजन भी उन्हें बधाई दी।

## टाटा स्टील समर कैंप 9 मई से होगा शुरू




जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): टाटा स्टील 9 से 30 मई 2025 तक जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में समर कैंप 2025 का आयोजन करेगा। कैंप के लिए रजिस्ट्रेशन आज से शुरू होकर 15 मई तक खुले रहेंगे। इस अवसर पर टाटा स्टील के उपाध्यक्ष (कॉर्पोरेट सर्विसेज) चाणक्य चौधरी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में समर कैंप रजिस्ट्रेशन की शुरुआत की घोषणा की।इस साल समर कैंप को टाटा स्टील के अन्य स्थानों जैसे टाटा स्टील कालिंगा नगर, टाटा स्टील मेरामंडली, रॉ मटेरियल लोकेशंस, टाटा स्टील ग्रोथ शॉप और टाटा स्टील गामहरिया में भी आयोजित किया जाएगा। यहां क्रिकेट, फुटबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, वॉलीबॉल, एथलेटिक्स जैसी गतिविधियाँ होंगी। इसके अतिरिक्त, 4-6 वर्ष की उम्र के बच्चों के लिए रोलर स्केटिंग, एथलेटिक्स, किड्स जुम्बा और फुटबॉल जैसी नई गतिविधियाँ जोड़ी गई हैं।चाणक्य चौधरी ने बच्चों से इस अवसर का पूरा लाभ उठाने की अपील की, ताकि वे न केवल खेल में महारत हासिल करें, बल्कि टीमवर्क, अनुशासन और दोस्ती के महत्व को भी समझें।इस कैंप में %गुड टच और बैड टच%, मासिक धर्म स्वच्छता, पोषण और हाइड्रेशन जैसे विषयों पर भी सत्र आयोजित किए जाएंगे। कैंप में जल प्रबंधक और हाइड्रेशन सुविधाओं का ध्यान रखा जाएगा।

# लोयोला स्कूल में साइबर फ्रॉड के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**विद्यार्थियों को सुरक्षित ऑनलाइन व्यवहार, निजी जानकारी की सुरक्षा, संदिग्ध वेबसाइट्स से बचाव और मजबूत पासवर्ड प्रथाओं का पालन करने का आग्रह**

प्रभात मंत्र संवाददाता




जमशेदपुर : साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे को ध्यान में रखते हुए जिला शिक्षा विभाग, पूर्वी सिंहभूम द्वारा साइबर पीस संस्था के सहयोग से एक व्यापक साइबर जागरूकता कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। इस पहल का उद्देश्य जिले के सभी शैक्षणिक संस्थानों में विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करना है।पहला जागरूकता सत्र लोयोला स्कूल के ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया, जिसमें 1200 से अधिक छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, जिला उपायुक्त अनन्य मित्तल ने विद्यार्थियों को साइबर अपराधों के बढ़ते खतरों से आगाह किया और उन्हें डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने के उपाय बताए। उन्होंने साइबर अपराध से बचाव के लिए जागरूकता को सबसे प्रभावी तरीका बताया और विद्यार्थियों को सुरक्षित ऑनलाइन व्यवहार, निजी जानकारी की सुरक्षा, संदिग्ध वेबसाइट्स से बचाव और मजबूत पासवर्ड प्रथाओं का पालन करने का आग्रह किया।कार्यक्रम में ट्रेनर कृति श्रीवास्तव ने ऑनलाइन सुरक्षा के व्यवहारिक उपायों पर आधारित सत्र में छात्रों को कुछ विश्वसनीय वेबसाइट्स से खबरों की सत्यता की पुष्टि करने के तरीके बताए।यह कार्यक्रम जिला शिक्षा विभाग और साइबर पीस संस्था का संयुक्त प्रयास है, जो भविष्य में जिले के अन्य विद्यालयों में जारी रहेगा। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को साइबर खतरों से सुरक्षित रखने के लिए सतत जागरूकता प्रदान करना है।कार्यक्रम में जिला परिवहन पदाधिकारी धनंजय, जिला शिक्षा पदाधिकारी आशीष कुमार, साइबर पीस संस्था के राज्य समन्वयक श्री तारक दास और लोयोला स्कूल के प्राचार्य समेत अन्य शिक्षकगण उपस्थित थे।

## टाटा स्टील ने वर्ल्ड स्टील डे मनाया, निर्माण सुरक्षा पर वेबिनार का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : टाटा स्टील ने ÷सुरक्षा एवं स्वास्थ्य के लिए वर्ल्डस्टील डे÷ अपने कार्यस्थलों पर सुरक्षा जागरूकता फैलाने के लिए मनाया। इस अवसर पर, कंपनी ने पांच प्रमुख सुरक्षा जोखिमों से जुड़ी असुरक्षित कार्यप्रणालियों को समाप्त करने के लिए संवाद बैठकों, सोशल मीडिया अभियानों और सुरक्षा कार्यप्रणालियों के प्रशिक्षण सत्रों का आयोजन किया।कंपनी ने ÷निर्माण सुरक्षा में सर्वोत्तम अभ्यास÷ पर एक वेबिनार भी आयोजित किया, जिसमें विभिन्न इकाइयों के कर्मचारियों ने सहभागिता की।राजीव मंगल, वाइस प्रेसिडेंट (सेफ्टी, हेल्थ ए व सस्टेनेबिलिटी), टाटा स्टील ने निर्माण सुरक्षा के महत्व पर जोर दिया और सुरक्षा संस्कृति को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की कंपनी की प्रतिबद्धता को साझा किया।मुख्य वक्ता, योगेश श्रीवास्तव, वाइस प्रेसिडेंट - इएचएस , टाटा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड, ने निर्माण सुरक्षा में लागू सर्वोत्तम अभ्यासों पर प्रकाश डाला। उन्होंने सुरक्षा जोखिम सूचकांक, जोखिम न्यूनीकरण योजनाओं और वर्चुअल रियलिटी प्रशिक्षण पर चर्चा की।

## भालुबासा में श्याम अखंड ज्योति पाठ हेतु कूपन वितरण प्रारंभ



प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : भालुबासा स्थित हरिजन स्कूल मैदान में 11 मई, रविवार को होने वाले भव्य श्याम महोत्सव के लिए श्याम अखंड ज्योति पाठ हेतु कूपन वितरण कार्य प्रारंभ हो गया है। पाठ के दौरान रासलीला द्वारा बाबा श्याम के जीवन प्रसंगों की प्रस्तुति दी जाएगी। वाचन हेतु घुसड़ी धाम, कोलकाता से दलजीत सिंह-गुरप्रीत सिंह समूह आमंत्रित किया गया है। मुख्य अतिथि विधायक पूर्णिमा साहू एवं विशिष्ट अतिथि सुधा गुप्ता होंगी। आयोजन श्री श्याम भक्त मंडल, भालुबासा द्वारा किया जा रहा है। शीतल पेय, लस्सी, फल व अल्पाहार की व्यवस्था रहेगी। कूपन के लिए मालीराम अग्रवाल (9334180004), विमल अग्रवाल (9431186979), मुरारी लाल (9431345293), व बसंत अग्रवाल (9304903407) से संपर्क किया जा सकता है।

## मानगो क्षेत्र की समस्याओं को लेकर तीन सूत्री मांग पत्र सौंपा



प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष अंसार खान के नेतृत्व में मानगो क्षेत्र के प्रतिनिधिमंडल ने मानगो नगर निगम के उपनगर आयुक्त को तीन सूत्री मांग पत्र सौंपा। अंसार खान ने बताया कि गुलाब बाग फेस-2 में सड़क पर पानी बहने से आवागमन में कठिनाई हो रही है, जबकि नाली पास हो चुकी है, पर निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ। इसी प्रकार जवाहर नगर रोड नंबर 14, आफरीन टावर के पीछे तथा रोड नंबर 13 ओल्ड पुलिया रोड वेस्ट जाकर नगर में भी नाली एवं सड़क निर्माण का कार्य लंबित है। पदाधिकारियों ने शीघ्र कार्य प्रारंभ करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में राजाराम पंडित, जुबेर मलिक, मोहम्मद रियाज, मोहम्मद निजाम, अजहर अली, मोहम्मद सरफराज, मोहम्मद शकील, आदिल खान एवं मोहम्मद शमसी शामिल थे।

## श्री गुजराती इंग्लिश स्कूल, साकची में कार्यभार ग्रहण समारोह आयोजित



प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : साकची स्थित श्री गुजराती इंग्लिश स्कूल में सोमवार को कार्यभार ग्रहण समारोह (इन्वेस्टीयर शिरोमणि) आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसके बाद प्रधानाचार्या डॉ. मौसमी ने अतिथियों, अभिभावकों और छात्रों का स्वागत करते हुए छात्र परिषद के महत्व पर प्रकाश डाला। समारोह का मुख्य उद्देश्य नव-निर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों को उनके कर्तव्यों और जिम्मेदारियों के प्रति औपचारिक रूप से नियुक्त करना था।समारोह में हेड बॉय, हेड गर्ल और चारों हाउस के कैप्टन सहित अन्य पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण के दौरान छात्रों ने निष्ठा और कर्तव्यपरायणता के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करने का संकल्प लिया। प्रधानाचार्या ने छात्रों को नेतृत्व कौशल अपनाने और ईमानदारी से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बाद राष्ट्रगान के साथ समापन हुआ।

## धर्मगुरुओं ने संभाली कमान, 2030 तक बाल विवाह मुक्त जिला बनाने का लक्ष्य

प्रभात मंत्र संवाददाता




जमशेदपुर : पूर्वी सिंहभूम जिले में बाल विवाह की रोकथाम के लिए आदर्श सेवा संस्थान ने धर्मगुरुओं के बीच जागरूकता अभियान चलाया। संगठन की निदेशक डॉ. निर्मला शुक्ला ने कहा, धर्मगुरुओं से मिले समर्थन से हम अभिभूत हैं। इस अक्षय तृतीया पर जिले में एक भी बाल विवाह नहीं होगा।जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन (जेआरसी) के सहयोग से आदर्श सेवा संस्थान ने विवाह संपन्न कराने वाले पुरोहितों के बीच बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता बढ़ाई। संगठन का मानना है कि पुरोहितों की मदद से इस सामाजिक अपराध को रोका जा सकता है, क्योंकि बाल विवाह बिना पंडित, मौलवी या पादरी के नहीं संपन्न हो सकते। अब जिले के मंदिरों और मस्जिदों में बाल विवाह के खिलाफ स्पष्ट बोर्ड लगाए गए हैं।2023-24 में आदर्श सेवा संस्थान ने 321 बाल विवाह रोके हैं। डॉ. शुक्ला ने बताया कि बाल विवाह एक दंडनीय अपराध है और इसके खिलाफ जागरूकता की अत्यंत आवश्यकता है। धर्मगुरुओं का समर्थन इस अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण है। संगठन का उद्देश्य 2030 तक बाल विवाह मुक्त पूर्वी सिंहभूम बनाना है।

## कांग्रेस ने निजी स्कूलों के खिलाफ किया प्रदर्शन, सात सूत्रीय मांग पत्र सौंपा

प्रभात मंत्र संवाददाता



जमशेदपुर: पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी ने जिले के निजी स्कूलों में हो रही अवैध वसूली और अन्य अनियमितताओं के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन धातकीडीह स्थित जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में आयोजित किया गया, जिसका नेतृत्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने किया। उन्होंने शिक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार को एक सात सूत्रीय मांग पत्र सौंपते हुए इन समस्याओं का समाधान शीघ्रता से किए जाने की अपील की।मांग पत्र में प्रमुख मुद्दे शामिल थे ड्ड निजी स्कूलों द्वारा अवैध शुल्क वसूली, किताबों और सिलेबस में बार-बार बदलाव, छात्रों पर निर्धारित दुकान से ड्रेस खरीदने का दबाव, और बीपीएल कोटे के तहत कक्षा 12 तक शिक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित करना। इसके अलावा, कांग्रेस ने सीबीएसई और आईसीएसई स्कूलों के ढांचे को समान बनाने और बीपीएल कोटे से भेदभाव समाप्त करने की भी मांग की।शिक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार ने इन मुद्दों को गंभीरता से लिया और समाधान का आश्वासन दिया। प्रदर्शन में प्रदेश सचिव राकेश कुमार तिवारी, जिला उपाध्यक्ष राजकिशोर यादव, और अन्य प्रमुख कांग्रेस नेता शामिल थे।

## जिले में 4 मई को नीट परीक्षा, निष्पक्ष आयोजन के लिए प्रशासन सतर्क

प्रभात मंत्र संवाददाता



जमशेदपुर : जिले में 4 मई को होने वाली नीट परीक्षा 2025 की तैयारी को लेकर उपायुक्त अनन्य मित्तल और वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने समाहरणालय सभागार में बैठक की। जिले के 5 शैक्षणिक संस्थानों के 8 केंद्रों पर 3810 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे।परीक्षा दोपहर 2 से 5 बजे तक होगी। परीक्षार्थियों का प्रवेश सुबह 11 बजे से शुरू होगा, जबकि 1ः30 बजे के बाद प्रवेश वर्जित रहेगा। उपायुक्त ने सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी निगरानी, धारा 144 लागू करने, मेडिकल सुविधा और आपातकालीन सेवाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।एसएसपी ने कहा कि प्रत्येक केंद्र पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा और होटल-रेस्तरां आदि स्थानों की भी जांच होगी। परीक्षार्थियों को केवल एडमिट कार्ड और फोटो लेकर प्रवेश मिलेगा, अन्य कोई सामग्री निषिद्ध होगी।उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त संपन्न कराई जाए। बैठक में एडीएम लॉ एंड ऑर्डर, एसडीएम धालभूम, सिटी एसपी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## एनएसएस के राष्ट्रीय सम्मेलन में डॉ. कमल का सुझाव नियमावली में शामिल

प्रभात मंत्र संवाददाता



पटमदा : भारत सरकार के युवा एवं खेल मंत्रालय द्वारा 25-26 अप्रैल को जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, नई दिल्ली में आयोजित एनएसएस के राष्ट्रीय सम्मेलन में झारखंड से कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा के पटमदा डिग्री कॉलेज के व्याख्याता एवं एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. कमल कुमार महतो ने भाग लिया। सम्मेलन के दौरान डॉ. कमल ने एक महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किया, %पूरे देश में एनएसएस के प्रमाण पत्र में एकरूपता होनी चाहिए और प्रमाण पत्र में पत्र संख्या होना चाहिए ताकि नकल को रोका जा सके,% जिसे सम्मेलन के नियमावली में सम्मिलित किया गया।इसके साथ ही, डॉ. कमल कुमार महतो को उनके योगदान के लिए सम्मानित भी किया गया। इस सम्मेलन में युवा कार्यक्रम एवं खेल विभाग के केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया, राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे, राष्ट्रीय सेवा योजना की निदेशक वंदिता पाण्डे, और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। पटमदा डिग्री कॉलेज परिवार ने डॉ. कमल को इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए बधाई दी है।

## कंपनियां प्रकृति की रक्षा करेंगी तो उनका भविष्य भी सुरक्षित रहेगा : शैलजा

प्रभात मंत्र संवाददाता




जमशेदपुर : एक्सएलआरआई ड्ड जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट ने सोमवार को इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजरवेशन ऑफ नेचर (आईयूसीएन) के साथ मिलकर बिजनेस-बायोडायवर्सिटी कॉन्क्लेव का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में उद्योग, शिक्षा, सरकार और वैश्विक संगठनों के विशेषज्ञों ने जैव विविधता संरक्षण में व्यवसाय की भूमिका पर विचार-विमर्श किया।कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई, इसके बाद प्रो. टाटा एल. रघु राम ने सस्टेनेबल डेवलपमेंट के प्रति एक्सएलआरआई के संकल्प को रेखांकित किया। आईयूसीएन के डॉ. यशवीर भटनागर ने निजी क्षेत्र के जैव विविधता से जुड़े प्रयासों की जानकारी दी और कंपनियों से पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी निभाने का आग्रह किया।मुख्य वक्ता शैलजा सिंह, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (पीसीसीएफ), ने कंपनियों से अपील की कि वे केवल कानूनी औपचारिकताओं तक सीमित न रहें, बल्कि सक्रिय रूप से पर्यावरण संरक्षण के लिए काम करें। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), मशीन लर्निंग (एमएल) और इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) जैसी तकनीकों के माध्यम से जैव विविधता संरक्षण के नए उपायों को अपनाने का सुझाव दिया। सभी विशेषज्ञों ने कहा कि जैव विविधता और व्यवसाय का संबंध गहरा है, और यदि कंपनियां प्रकृति की रक्षा करेंगी, तो उनका भविष्य भी सुरक्षित रहेगा।

## खरसावां में मनाई गई स्व. मधुसूदन दास की 178वीं जयंती

प्रभात मंत्र संवाददाता



खरसावां : उत्कल सम्मिलनी सरायकेला खरसावां जिला समिति और उड़िया शिक्षक संघ ने स्व. मधुसूदन दास की 178वीं जयंती खरसावां के कुम्हार साई स्थित सामुदायिक भवन में धूमधाम से मनाई। इस अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।कार्यक्रम में उत्कल सम्मिलनी सरायकेला खरसावां के जिला अध्यक्ष सुमंत माहंती ने ओड़िया भाषा और साहित्य को जन-जन तक पहुँचाने के लिए संकल्प लिया। उन्होंने मधुसूदन दास के योगदान को सराहा और बताया कि उनके प्रयासों से 1903 में उत्कल सम्मिलनी का गठन हुआ, जिससे ओडिशा प्रांत का गठन संभव हो सका।जिला परिदर्शक सुशील षड़ंगी ने भी मधुसूदन दास के कार्यों को याद करते हुए कहा कि वे ओड़िया भाषा और संस्कृति के संरक्षक थे। उन्होंने कहा कि मातृभूमि और मातृभाषा की रक्षा करना समाज में प्रतिष्ठा प्राप्त करने के लिए जरूरी है।इस कार्यक्रम में सुमंत चंद्र माहंती, बिरोजा पति, अजय प्रधान, सुशील षड़ंगी और अन्य प्रमुख व्यक्ति उपस्थित थे।

संपादकीय

# कश्मीरियत हेतु चुनौती

**इसमें** दो राय नहीं कि सीमा पार पाक के सत्ता प्रतिष्ठानों की शह पर कट्टरपंथी ताकतों की साजिश के चलते पहलगाम में पर्यटकों पर हुआ हमला बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है, जो आतंकियों की हताशा को ही दर्शाता है। लेकिन पहलगाम का आतंकी हमला कश्मीरियों पर दोहरी मार है। इस हमले का कश्मीर के पर्यटन उद्योग पर घातक प्रभाव नजर आ रहा है। जिस तेजी से पर्यटक कश्मीर छोड़ रहे हैं और बाकी लोग अपनी अग्रिम बुकिंग रद्द करा रहे हैं, वह कश्मीरियों के लिये अप्रत्याशित है। शायद स्थितियां सामान्य होने में वर्षों लग जाएंगे। घाटी में रहने वाले लोग पर्यटकों की संख्या में अभूतपूर्व कमी के कारण भारी नुकसान की आशंका जता रहे हैं। दरअसल, लंबे अंतराल के बाद कश्मीर के पर्यटन उद्योग के पटरी पर लौटने के बाद स्थानीय लोगों ने ऋण लेकर अपने कारोबार नये सिरे से खड़े किए थे। अब उन लोगों के सामने न केवल जीविका का संकट है बल्कि फिक्र है कि वे लिए गये कर्ज कैसे चुकाएंगे। उनकी आकांक्षा है कि घाटी में स्थितियां जल्दी से सामान्य हों। वहीं इस संकट का दूसरा पहलू अन्य राज्यों में रह रहे कश्मीरी छात्रों और व्यापारियों की सुरक्षा को लेकर है। निस्संदेह, पहलगाम की घटना ने पूरे देश को दुःखी किया है। जैसे-जैसे आतंकियों के निर्मम हमले से जुड़ी कहानियां निकल रही हैं, समाज में तल्ख प्रतिक्रिया नजर आ रही है। कश्मीरी लोग आशंकित हैं कहीं इस आक्रोश से उपजे रोष का शिकार कश्मीर मूल के लोगों को न होना पड़े। निश्चित रूप से किसी भी सभ्य समाज में ऐसी कोई प्रतिक्रिया नहीं होनी चाहिए कि आतंकवादियों के कुकृत्यों का खमियाजा निर्दोष लोगों को भुगतना पड़े। यही वजह है कि जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती और पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के प्रमुख सज्जाद लोन जैसे प्रमुख राजनेताओं ने कश्मीरियों की सुरक्षा को लेकर चिंता जतायी है। ऐसे में केंद्र व राज्य सरकारों से उम्मीद की जा रही है कि वे विभाजनकारी तत्वों पर नकेल डालेंगे। निस्संदेह, इस बात को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए कि पहलगाम की दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बाद पहली बार घाटी में आतंकवाद के खिलाफ मुखर प्रतिक्रिया सामने आई है। कश्मीर में सक्रिय रहने वाले राजनीतिक दलों, व्यापार निकायों और सामाजिक-धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ ही आम लोगों ने भी पहलगाम हमले के दौरान हुई पर्यटकों की हत्या की निंदा की है। उन्होंने सीमा पार से आतंकवाद की पाठशाला चलाने वाले लोगों को सख्त संदेश दिया कि हमारे मामलों में तुम्हें फिक्र करने की जरूरत नहीं है। कश्मीर के लोगों ने साफ संदेश भेजा है कि –'हमारे नाम पर नहीं।' कश्मीरियों ने बताया कि उन्हें उन आतंकवादियों से किसी भी तरह की सहानुभूति नहीं है, जो मानवता के खिलाफ अपने अपराधों से कश्मीर के साथ-साथ इस्लाम को भी बदनाम कर रहे हैं। निस्संदेह, पहलगाम के क्रूर हमले के बाद पूरे देश में गुस्सा चरम पर है। ऐसे में राजनीतिक दलों और धार्मिक संगठनों को इस आक्रोश को बढ़ाने के बजाय इसे शांत करने का प्रयास करना चाहिए। देश के संघीय स्वरूप व सद्भावना की हर कीमत पर रक्षा की ही जानी चाहिए। पहलगाम की घटना के बाद तल्खी दिखा रहे लोगों को याद रखना चाहिए कि यह कश्मीरी टट्टूवाला सैयद आदिल हुसैन शाह ही था, जिसने बंदूकधारी आतंकवादियों से पर्यटकों को बचाने की कोशिश करते हुए अपनी जान कुर्बान कर दी थी। एक बहादुर व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई, जब वह हमलावर आतंकी से हथियार छीनने की कोशिश कर रहा था। कश्मीरियों के बारे में गलत धारणाओं को दूर करने के लिये उनके निःस्वार्थ साहस और वीरता को व्यापक रूप से स्वीकार किया जाना चाहिए।

कट्टरपंथी ताकतों की साजिश के चलते पहलगाम में पर्यटकों पर हुआ हमला बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है, जो आतंकियों की हताशा को ही दर्शाता है। लेकिन पहलगाम का आतंकी हमला कश्मीरियों पर दोहरी मार है। इस हमले का कश्मीर के पर्यटन उद्योग पर घातक प्रभाव नजर आ रहा है। जिस तेजी से पर्यटक कश्मीर छोड़ रहे हैं और बाकी लोग अपनी अग्रिम बुकिंग रद्द करा रहे हैं, वह कश्मीरियों के लिये अप्रत्याशित है। शायद स्थितियां सामान्य होने में वर्षों लग जाएंगे। घाटी में रहने वाले लोग पर्यटकों की संख्या में अभूतपूर्व कमी के कारण भारी नुकसान की आशंका जता रहे हैं। दरअसल, लंबे अंतराल के बाद कश्मीर के पर्यटन उद्योग के पटरी पर लौटने के बाद स्थानीय लोगों ने ऋण लेकर अपने कारोबार नये सिरे से खड़े किए थे। अब उन लोगों के सामने न केवल जीविका का संकट है बल्कि फिक्र है कि वे लिए गये कर्ज कैसे चुकाएंगे। उनकी आकांक्षा है कि घाटी में स्थितियां जल्दी से सामान्य हों। वहीं इस संकट का दूसरा पहलू अन्य राज्यों में रह रहे कश्मीरी छात्रों और व्यापारियों की सुरक्षा को लेकर है। निस्संदेह, पहलगाम की घटना ने पूरे देश को दु:खी किया है। जैसे-जैसे आतंकियों के निर्मम हमले से जुड़ी कहानियां निकल रही हैं, समाज में तल्ख प्रतिक्रिया नजर आ रही है।

### जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर में काफी बदलाव आया था

# पाक को सबक सिखाना एवं आतंकवाद को उखाड़ना होगा

ललित गर्ग

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी ( सीसीएस ) की बैठक के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ पांच बड़े और कड़े फैसले लेते हुए पाकिस्तान पर शिकंजा कसा है, जिससे वह डरा है, सहमा है, घबराया है। इन पंच शिकंजों में 1960 की सिंधु जल संधि को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है, राजनयिक मिशन की संख्या घटाई जाएगी, पाकिस्तानी सैन्य राजनयिकों को एक हफ्ते में भारत छोड़ना होगा, पाकिस्तानियों के लिए सार्क वीज़ा रद्द कर दिया गया है और अटारी बॉर्डर को भी तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया गया है। ये कदम जहां आतंकवाद के खिलाफ भारत की कड़ी नीति को दर्शाते हैं वहीं पाकिस्तान को उसकी औकात दिखाने का एक डिप्लोमैटिक स्ट्राइक है, जबकि भीतर-ही-भीतर किसी बड़ी कार्रवाई से इंकार नहीं किया जा सकता।

**जम्मू** कश्मीर के पहलगाम में हुए बर्बर एवं क्रूर आतंकी हमले से सारा देश गम एवं गुस्से में दिख रहा है, वही मोदी सरकार इस बार आर-पार के मूड में दिख रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी ( सीसीएस ) की बैठक के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ पांच बड़े और कड़े फैसले लेते हुए पाकिस्तान पर शिकंजा कसा है, जिससे वह डरा है, सहमा है, घबराया है। इन पंच शिकंजों में 1960 की सिंधु जल संधि को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है, राजनयिक मिशन की संख्या घटाई जाएगी, पाकिस्तानी सैन्य राजनयिकों को एक हफ्ते में भारत छोड़ना होगा, पाकिस्तानियों के लिए सार्क वीज़ा रद्द कर दिया गया है और अटारी बॉर्डर को भी तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया गया है। ये कदम जहां आतंकवाद के खिलाफ भारत की कड़ी नीति को दर्शाते हैं वहीं पाकिस्तान को उसकी औकात दिखाने का एक डिप्लोमैटिक स्ट्राइक है, जबकि भीतर-ही-भीतर किसी बड़ी कार्रवाई से इंकार नहीं किया जा सकता। सीमा पार आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान पर दबाव बनाने और भारत की सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में मोदी सरकार से अभी अधिक सख्त कार्रवाई की अपेक्षा है और आशा की जा रही है कि सरकार जनता की अपेक्षाओं से भी दो कदम आगे इस बार बदला लेगी। इस बार की तांडवी टंकार एवं हुंकार पाकिस्तान की न केवल कमर तोड़ देगी, बल्कि उसके नापाक मनसूंबों को हमेशा के लिये नेस्तनाबूद कर देगी। पाकिस्तान ने अब तक भारत की शांति एवं सहयोग भावना को देखा है लेकिन अब हिंसा के लिये हिंसा की खनकार देखेगा। निर्दोषों की हत्या करन वालों, विश्वासघात का मार्ग अपनाने वालों एवं निहत्थों पर कहर बरपाने वालों को अब पता लगेगा कि धर्म एवं शांतिवादियों की ताकत क्या होती है? पाकिस्तान स्थित प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा के एक संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट ने निर्दोष पर्यटकों पर किये गये इस कायरतापूर्ण हमले की जिम्मेदारी ली है। इस दुखद घटना ने वर्ष 2008 में दुस्साहसपूर्ण ढंग से मुंबई और भारत को हिलाकर रख देने वाले लश्कर-ए-तैयबा द्वारा रचे गए नरसंहार की याद दिला दी है। यह महज संयोग नहीं कि यह हमला 26/11 के आरोपी तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण और पाक सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर के भारत विरोधी बयान के बाद हुआ। यह हमला पाकिस्तान की अब तक की सबसे बड़ी भूल एवं अमानवीयता एवं पाशविकता का घिनौना कृत्य बना है। मुनीर ने



कश्मीर को अपने देश की 'गले की नस' बताया लेकिन यही नस अब पाकिस्तान का सर्वनाश करेंगी, उसको कड़वे घुंट पीने को विवश करेगी। दाने-दाने को तरसता पाकिस्तान अब त्राहि-त्राहि करते हुए तबाही के कगार पर पहुंचेगा। एक ओर जहां बलूच विद्रोह ने मुनीर व सेना की नींद उड़ा रखी है, अब भारत उसकी नींद ही नहीं, सुख-चैन भी छीन लेगा। गैर मुस्लिमों को निशाना बनाना और वह भी अमेरिकी उपराष्ट्रपति जे.डी.वेंस की भारत यात्रा के दौरान- यह स्पष्ट करता है कि आतंकवादियों व उनके आकाओं ने भाजपा के नेतृत्व वाली मोदी सरकार को चुनौती दे दी है, सीधे-सीधे ललकारा है। मोदी सरकार को सस्ते में लेने की भूल के परिणाम पाकिस्तान पहले भी भुगत चुका है, उरी (2016) और पुलवामा (2019) की तरह पहलगाम हत्याकांड में बहा निर्दोषों का रक्त व्यर्थ नहीं जायेगा। जिस तरह श्रीकृष्ण को आसूरी शक्तियों के खिलाफ महाभारत रचना पड़ा, उसी तरह मोदी पाकिस्तान के आतंकवाद के खिलाफ कोई बड़े युद्ध की संरचना करके हमेशा के लिये आतंकवाद का सर्वनाश करे। पहलगाम हत्याकांड के बाद न केवल समूचे देश में बल्कि कश्मीर घाटी में पहली बार गहरा आक्रोश देखने को मिला है। घाटी में 35 साल बाद पहली बार आतंकी हमले के खिलाफ बंद का आयोजन किया गया है। बुधवार को बंद के आह्वान के बाद श्रीनगर में अधिकांश व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे। लोग सड़कों में दुख और आक्रोश व्यक्त करते नजर आए और कहा कि यह घटना कश्मीर की अतिथि और शांति की भावना के साथ विश्वासघात है। यह घटना कश्मीरियों की रोजी-रोटी पर कुठाराघात है। यह कश्मीर की शांति को लीलने की कुचेष्ठा है। लश्करे-ए-तैयबा से जुड़े आतंकी संगठन के इस हमले का मकसद पर्यटकों में खौफ पैदा करना और घाटी में सामान्य स्थिति की वापसी को रोकना था। यहां उल्लेखनीय है कि बीते साल जम्मू-कश्मीर में पैंतीस लाख से अधिक पर्यटक पहुंचे थे। लेकिन पहलगाम जैसी जगह में जहां सत्तर फीसदी लोगों की आजीविका पर्यटन से जुड़ी है, वहां स्थिति सामान्य होने में अब लंबा वक्त लगेगा। आने वाले दिनों के लिये पर्यटकों ने अपनी यात्राएं रद्द कर दी हैं।

जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर में काफी बदलाव आया था। आतंकवाद लगातार सिमट रहा था, शांति का उजाला हो रहा था। वादियां की रौनक बढ़ी और बाजार गुलजार हो उठे थे। श्रीनगर के लालचौक पर मिलजुल कर त्यौहार मनाए जाने लगे थे। बागों में ट्यूलिप के फूल खिल उठे थे। बर्फ की वादियों में मंद-मंद शीतल हवाओं से चिनार के पेड़ झूमने लगे थे। जो देश एवं दुनिया के असंख्य पर्यटकों को खींच रहे थे। उम्मीदें बंध गई थीं कि एक न एक दिन आतंकवाद मुक्त जम्मू-कश्मीर नई सुबह देखेगा लेकिन बढ़ते पर्यटक और मजबूत होती अर्थव्यवस्था पाक को रास नहीं आई। पहलगाम के भयावह हमले ने एक बार फिर सबको खौफजदा कर दिया। जम्मू-कश्मीर में शांति, सौहार्द और विकास पाकिस्तान में बैठे आतंक के आकाओं को नागवार गुजर रहा था। इसलिए पाकिस्तान की सेना, सेना प्रमुख तौकिर मुनीर, उसकी खुफिया एजैंसी आईएसआई और आतंकवादी संगठनों ने मिलकर ऐसी साजिश रच डाली, जिसने उनके धर्म को धुंधलाने एवं शर्मसार करने के साथ पाकिस्तानी इरादों को भी बेनकाब कर दिया। पाकिस्तान को जवाब देने की तैयारी व्यापक स्तर पर हो रही है, लेकिन प्रश्न यह है कि क्या भारत ऐसी कोई बड़ी कार्रवाई कर सकेगा, जिससे वह सही रास्ते पर आ जाए? पहलगाम का आतंकी हमला भारत की चेतना और उसकी अस्मिता पर किया गया भीषण हमला है। इस हमले के द्वारा भारत को ललकारा गया है। अब पाकिस्तान को उसी की भाषा में सबक सिखाने के लिए सभी विकल्पों पर विचार होना ही चाहिए। यदि युद्ध अपेक्षित हो तो उसे भी अंजाम देना चाहिए। उसकी परमाणु हमले की धमकियों से आखिर कब तक डरा जायेगा? इसी के साथ इस पर भी मंथन हो कि आखिर पहलगाम में आतंकी इतनी आसानी से इतने लोगों को मारने में सफल कैसे हो गए? सीमा पार से आतंकियों की घुसपैठ एवं सक्रियता जारी थी। ऐसे में भारत सरकार, सुरक्षा बलों और खुफिया एजेंसियों को और सतर्क रहना चाहिए था।

दृष्टि कोण

# गणित के अनंत दीप की अमर धरोहर

**जब** संख्याएं गूंज उठती हैं और समीकरण आत्मा के साथ नृत्य करते हैं, तब एक नाम सृष्टि के कण-कण में बस जाता है—श्रीनिवास रामानुजन। 26 अप्रैल, 1920, वह काला दिन जब भारत की धरती ने अपने इस अनमोल रत्न को खो दिया, पर उनकी गणितीय चेतना ने अनंत काल के लिए विश्व को रोशन कर दिया। यह पुण्यतिथि नहीं, एक महान तपस्वी की साधना का उत्सव है, जिसने गणित को न केवल विज्ञान, बल्कि काव्य, दर्शन और ईश्वर से जोड़ दिया। रामानुजन कोई साधारण गणितज्ञ नहीं थे; वे थे संख्याओं के संत, सूत्रों के साधक, और ब्रह्मांड के रहस्यों के द्रष्टा। तमिलनाडु के छोटे से शहर इरोड में 22 दिसंबर, 1887 को जन्मे रामानुजन का जीवन किसी परीकथा से कम नहीं। एक साधारण ब्राह्मण परिवार, आर्थिक तंगी और औपचारिक शिक्षा का अभाव— ये सब उनके सामने दीवारें थीं, पर उनकी प्रतिभा ऐसी तूफानी लहर थी जो हर बाधा को चूर कर देती थी। बचपन से ही संख्याएं उनकी सखी थीं, उनके सपने थीं। जहां बच्चे मिट्टी के खिलौनों में खोए रहते, वहीं रामानुजन संख्याओं के जादुई संसार में गोते लगाते। स्कूल की किताबें उनके लिए छोटी पड़ गईं; उन्होंने स्वयं गणित के गहन समुद्र में डुबकी लगाई। 15 वर्ष की उम्र में जब उनके हाथ जी.एस. कार की 'ए सिनॉप्सिस ऑफ एलिमेंट्री रिजल्ट्स इन प्योर मैथमैटिक्स' लगी, तो यह उनके लिए किसी वेद की तरह थी। इस किताब ने उनकी प्रतिभा को पंख दिए और उनकी नोटबुक्स में सूत्रों का अमृत उमड़ने लगा। रामानुजन का गणित केवल गणनाओं का खेल नहीं था; वह एक आध्यात्मिक यात्रा थी। उनकी कुलदेवी नमगिरी उनके लिए प्रेरणा की स्रोत थीं। वे कहते थे, 'हर सूत्र जो मेरे मन में आता है, वह देवी की कृपा है।' उनके लिए गणित और ईश्वर एक ही सत्य के दो रूप थे। उनकी रचनाएं— चाहे वह अनंत श्रृंखलाएं हों, निरंतर भिन्न हों, या विभाजन फलन — मानो ब्रह्मांड की गूढ़ भाषा में लिखी गई कविताएं थीं। उनकी पाई (π) की गणना के लिए दी गई श्रृंखलाएं इतनी सुंदर और सटीक थीं कि आज भी सुपरकंप्यूटर उनकी मदद लेते हैं। रामानुजन का विभाजन फलन, जो यह बताता है कि किसी संख्या को कितने तरीकों से छोटी संख्याओं के योग के रूप में लिखा जा सकता है, गणित में क्रांति ला गया। उनके थीटा फलन और मॉड्यूलर समीकरणों ने आधुनिक भौतिकी, क्रिप्टोग्राफी, और ब्लैक होल सिद्धांत तक में अपनी जगह बनाई। रामानुजन की प्रतिभा तब विश्व के सामने आई, जब उन्होंने 1913 में कैम्ब्रिज के प्रख्यात गणितज्ञ जी.एच. हार्डी को पत्र लिखा। उस पत्र में दर्जनों सूत्र थे, जिन्हें देख हार्डी स्तब्ध रह गए। पहले तो उन्हें विश्वास ही नहीं हुआ कि कोई स्वशिक्षित भारतीय इतने गहन और मौलिक सूत्र लिख सकता है। हार्डी ने कहा, 'रामानुजन का गणित मानव मस्तिष्क से परे है; यह ईश्वर की प्रेरणा है।' रामानुजन को कैम्ब्रिज बुलाया गया, और वहां हार्डी के साथ उनकी जोड़ी ने गणित की दुनिया में तहलका मचा दिया। हार्डी-रामानुजन फॉर्मूला, जो प्राइम नंबर्स की गणना से संबंधित है, और उनकी संयुक्त शोध पत्रिकाएं आज भी गणित के स्वर्णिम पन्नों में दर्ज हैं। रामानुजन की नोटबुक्स उनकी सबसे बड़ी विरासत हैं। इनमें हजारों सूत्र और प्रमेय हैं, जिनमें से कई को समझने में गणितज्ञों को दशकों लग गए। उनकी मॉक थीटा फलन, जिन्हें उन्होंने मृत्युशैया पर लिखा, गणित का एक ऐसा रहस्य है जिसे 21वीं सदी में पूरी तरह समझा गया। ये फलन आज क्वांटम भौतिकी और स्ट्रिंग सिद्धांत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनकी रीमान जेटा फलन से संबंधित खोजें आज भी गणित के सबसे बड़े अनसुलझे सवालों में से एक, रीमान हाइपोथेसिस, को समझने में मदद करती हैं। कैम्ब्रिज में उन्हें न केवल सांस्कृतिक और सामाजिक चुनौतियों का सामना करना पड़ा, बल्कि उनकी शाकाहारी जीवनशैली और इंग्लैंड की ठंडी जलवायु ने उनके स्वास्थ्य को भी प्रभावित किया।

कुछ अलग

# बिजली को झटका

**जिस** राज्य में उपभोक्ताओं को मुफ्त बिजली दी जा रही हो, वहां बिजली चोरी का चिंताजनक स्थिति तक पहुंच जाना, निश्चित ही गंभीर मसला है। पंजाब राज्य विद्युत निगम लिमिटेड को यदि वर्ष 2024-25 में दो हजार करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है तो उसकी बड़ी वजह पंजाब में बिजली चोरी का बेहद गंभीर स्थिति को पार कर जाना है। ये नुकसान प्रतिदिन के हिसाब से 5.5 करोड़ रुपये बैठता है। इससे भी अधिक चौंकाने वाली बात तो यह है कि यह नुकसान सिस्टम की विफलता या प्राकृतिक आपदाओं के कारण नहीं हुआ है बल्कि जानबूझ कर सुनियोजित तरीके से की जा रही बिजली चोरी की वजह से हुआ है। राज्य में घाटे में चल रहे लगभग 77 फीसदी फीडर सीमावर्ती और पश्चिमी क्षेत्रों में स्थापित हैं, जिनमें पट्टी, भिखीविंड, अजनाला और जीरा जैसे डिवीजन शामिल हैं, जिनमें से कई संगठित बिजली चोरी के लिए कुख्यात हैं। भूमिगत कुंडी कनेक्शन से लेकर मीटर से छेड़छाड़ और पिलर बॉक्स को निष्क्रिय करके चोरी करना एक आम तरीका बन गया है। आरोप है कि ये चोरी आमतौर पर राजनीतिक व धार्मिक संस्थाओं के संरक्षण में होती है। दरअसल, इस विडंबना को नजरअंदाज करना मुश्किल है कि जबकि लोगों को पहले ही छह सौ यूनिट तक सब्सिडी वाली यानी कि मुफ्त बिजली का लाभ उठाने का मौका मिल रहा है, लेकिन इसके बावजूद बिजली चोरी की प्रवृत्ति कम नहीं हो रही है। दरअसल, पंजाब राज्य विद्युत निगम लिमिटेड का संकट यहीं खत्म नहीं हो जाता। पीएसपीसीएल कुप्रबंधन व व्यवस्थागत संकटों से भी गंभीर रूप से जूझ रहा है। पंजाब राज्य विद्युत निगम लिमिटेड कर्मचारियों की भारी कमी की चुनौतियों से जूझ रहा है। बिजली विभाग में 4900 से अधिक लाइनमैनों के पद स्वीकृत हैं, लेकिन फिलहाल केवल 1313 लाइनमैन काम कर रहे हैं। अकेले लुधियाना में ही जूनियर इंजीनियर के आधे पद खाली हैं। बिजली चोरी रोकने तथा बेहतर व्यवस्था के लिये कर्मचारी भर्ती अभियान को गति दी जानी चाहिए। दरअसल, पीएसपीसीएल में पर्याप्त कर्मचारी न होने के कारण विभागीय कार्यक्षमता बुरी तरह से प्रभावित है। जब भी किसी इलाके में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था में किसी तरह का व्यवधान उत्पन्न होता है तो तत्काल कार्रवाई बिजली बहाल करने के लिये नहीं हो पाती। फलतः लंबे समय तक बिजली गुल रहने से लोगों की नाराजगी लगातार बढ़ती है। विभाग में पक्के मुलाजिमों की नियुक्ति न होने पर कम वेतन पाने वाले संविदा कर्मचारियों के जरिये व्यवस्था बनाने की कोशिश होती है। जिसके चलते संविदा कर्मचारियों द्वारा अकसर आंदोलन किया जाता है। वे खुद को पक्का करने की मांग करते रहते हैं। उनका आरोप होता है कि कम वेतन देकर उनसे ज्यादा काम कराया जाता है। जानकार मानते हैं कि सिर्फ संविदा कर्मचारियों पर अत्याधिक निर्भरता केवल तदर्थवाद को ही बढ़ाएगी। हालांकि, नियामक आयोग ने इस गड़बड़ी को भी चिन्हित किया है। लेकिन इससे ही समस्या का समाधान संभव नहीं है, संकट के निराकरण को गंभीर प्रयासों की जरूरत महसूस की जा रही है। इस समस्या का व्यापक स्तर पर समाधान तभी संभव है जब राज्य के नेतृत्व द्वारा इच्छा-शक्ति को दर्शाया जाएगा। समय की मांग है कि भारी घाटे वाले फीडरों में वित्तीय प्रबंधन के लिये लक्षित कार्रवाई की जाए। साथ ही लोगों को ईमानदारी से बिजली के उपयोग के लिये प्रोत्साहित किया जाए। उम्मीद की जानी चाहिए कि छेड़छाड़ न किये जा सकने वाले स्मार्ट मीटर लगाने से बिजली चोरी की घटनाओं पर अंकुश लग सकेगा। इस दिशा में उठाए गए कदम समस्या का वास्तविक निस्तारण करने वाले होने चाहिए।

देश दुनीया से

# पाकिस्तान को कड़ा सबक देना जरूरी है

**आतंकी** देश कभी सुधरने वाला नहीं है, इसलिए इस देश को सबक सिखाना जरूरी है। आने वाले दिनों में आतंकवाद के फन को और अधिक सख्ती से वुचलने की जरूरत है वहीं सुरक्षा बलों को अधिक मुस्तैद होने की आवश्यकता है। पाकिस्तान को कड़ा सबक देना जरूरी है जिस तरह पहलगाम में अपने देश में अपनी ही धरती पर हमारे छिपे गद्दारों की मदद से निदरेष हिन्दू पर्यंटकों का धरमिक पहचान के बाद बहशियाना नरसंहार किया गया है वह अक्षम्य है। अपनी दशकों पुरानी छदम युद्ध की हरकतों से बाज नहीं आ रहे आतंकी देश पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए भारत ने जिस प्रकार से कड़े कदम उठाए हैं, इसकी जरूरत काफी पहले से ही महसूस की जा रही थी। खुद आतंकवाद का दंश झेल रहा यह देश सरकारी और तैयार आतंकियों के जरिये भारत को बार-चार गहरे जख्म देने की नापाक नीति पर चल रहा है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यंटकों पर हुए कायरतापूर्ण हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तान स्थित प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा के एक संगठन द रेजिस्टेंस प्रंट ने ली है। इसका प्रमुख सैपुल्लाह रावलकोट का रहने वाला है और खुफिया एजेंसियों को इसमें कोई दो राय नहीं है कि इस हमले में पाकिस्तान का हाथ है। यही कारण है कि अब भारत ने पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए कईं कड़े कदम उठाए हैं। आप को बता दें कि भारत ने एक तरफ से पाकिस्तान को वूटनीतिक स्ट्राइक किया है, जिसका पाकिस्तान पर काफी गंभीर असर पड़ेगा और पहले से ही वंगाल पाकिस्तान और वंगाली के तरफ बभारत ने सबसे बड़ा कदम उठाते हुए सिधु जल समझौता स्थगित कर दिया है, वो भी तब तक जब तक कि पाकिस्तान आतंकवाद से तौबा न कर ले। नदियों के जल बंटवारे के लिए भारत और पाकिस्तान ने सिधु जल संधि 1960 में विश्व बैंक की मध्यस्था में की थी। इस सौंध पर कराची में 19 सितंबर 1960 को भारत के प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और पाकिस्तान के राष्ट्रपत्ति अयूब खान ने हस्ताक्षर किए थे। 1960 में हुए सिधु जल समझौते के बाद से भारत और पाकिस्तान में कश्मीर मुद्दे को लेकर तनाव बना हुआ है। हर प्रकार के असहमति और विवादों का निपटारा संधि के चे के भीतर प्रदत्त कानूनी प्रवरियाओं के माध्यम से किया गया है। यह समझौता भारत और पाकिस्तान के बीच कईं युद्ध होने के बाद भी बना हुआ था। मगर जब पानी सिर के ऊपर से बहने लगा है, तो भारत ने कदम उठाया है। यही कारण है कि देश के इस कदम को कईं एक्सपर्ट पहले बाटर युद्ध की शुरुआत बता रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि सिधु जल समझौता भारत के लिए एक गलती की तरह से है। इस समझौते से पाकिस्तान को 6 नदियों का ज्यादातर पानी मिल गया। उन्होंने बताया कि साल 2016 में पीएम मोदी ने उरी आतंकी हमले के बाद कहा था कि 'खून और पानी एक साथ नहीं यह सकते हैं। मोदी सरकार को यह सिधु जल समझौता सस्पेंड करने का पैसला लेने में 8 साल लग गया। दरअसल ब्रिटिश शासन में दक्षिण पंजाब में सिधु नदी घाटी पर एक बड़ी नहर बनाईं गईं थी। इसके चलते इस क्षेत्र के किसानों को बहुत फायदा हुआ और यह एक प्रमुख वृषि क्षेत्र बनकर उभरा। 1947 में भारत के बंटवारे के बाद पंजाब भी दो हिस्सों में विभाजित हो गया। पूवा पंजाब भारत में आया, जबकि पामिी पंजाब पाकिस्तान में चला गया। इसके दौरान सिधु नदी घाटी और इसकी नहरों का भी बंटवारा किया गया। इससे मिलने वाले जल के लिए पाकिस्तान पूरी तरह भारत पर निर्भर था। पानी के प्रवाह को बनाए रखने के उद्देश्य से 20 दिसंबर 1947 को पूवा और पामिी पंजाब के चीफ इंजीनियरों के बीच एक समझौता हुआ, जिसमें तय हुआ कि देश के विभाजन से पहले निर्धारित निाति जल का हिस्सा भारत 31 मार्च 1948 तक पाकिस्तान को देता रहेगा। समझौता खत्म होने के बाद भारत ने 1 अप्रैल 1948 को दो नहरों का पानी रोक दिया, जिससे पाकिस्तान के हिस्से वाले पंजाब में लाखों एकड़ वृषि भूमि के लिए सिचाईं जल मिलना काफी मुश्किल हो गया। हालांकि, दोनों देशों के बीच बाद में हुए समझौते के बाद भारत पानी छोड़ने पर सहमत हो गया। संधि के अनुसार भारत को पूवा नदियों राबी, ब्यास और सतलुज का पानी मिलता है, जबकि पाकिस्तान को पामिी नदियों सिधु, झेलम और चिनाब का पानी मिलता है। यह संधि पाकिस्तान के लिए इसलिए फायदेमंद है, क्योंकि इन नदियों से वुल जल प्रवाह का लगभग 80 प्रतिशत उसे प्राप्त होता है, जो पाकिस्तान में विशेष रूप से पंजाब और सिध प्रांतों में वृषि के लिए महत्वपूर्ण है। पाकिस्तान की 80 प्रतिशत खेती योग्य भूमि यानी लगभग 16 मिलियन हेक्टेयर सिधु नदी प्रणाली के पानी पर निर्भर है। इस पानी का 93 प्रतिशत हिस्सा सिचाईं के लिए इस्तेमाल किया जाता है, जो देश की वृषि के लिए मुफीद है। सिधु जल संधि 237 मिलियन से अधिक लोगों का भरण-पोषण करती है, जिसमें पाकिस्तान की सिधु बेसिन की आबादी का 61 प्रतिशत हिस्सा है। यही कारण है कि इस समझौते से पीछे हटने के बाद पाकिस्तान बौखला गया है और भारत को धमकी दे रहा है। पहलगाम हमले के बाद भारत ने एक मईं से अटारी बॉर्डर बंद करने का ऐलान किया है। जो लोग वैध तरीके के साथ सीमा पार कर चुके हैं, वे 1 मईं 2025 से पहले उस मार्ग से वापस आ सकते हैं। अठारी वाघा सीमा भारत और पाकिस्तान के बीच सड़क मार्ग से होने वाले व्यापार का प्रमुख वेंद्र है। 2019 में भारत द्वारा पाकिस्तान को मोस्ट पेवर्ड नेशन का दर्जा वापस लेने और व्यापारिक रिश्तों में कटौती के बाद भी वुछ वस्तुओं ताजे फल, सीमेंट और टमाटर का आयात-निर्यांत इस सीमा के जरिए होता रहा है। इस चेकपोस्ट के बंद होने से पाकिस्तान को भारत से टमाटर, चीनी, चाय और अन्य आवश्यक वस्तुओं का आयात प्रभावित होगा, जिससे वहां इन वस्तुओं की कीमतें बड़ सकती हैं। भारत ने नईं दिल्ली में पाकिस्तानी उच्चायोग में रक्षा/सैन्य, नौसेना और वायु सलाहकारों को 'व्यक्ति गैर- वांछित' घोषित किया गया है और उन्हें भारत छोड़ने के लिए एक सप्ताह का समय दिया गया है। दोनों उच्चायोगों से सेवा सलाहकारों के पांच सहायक कर्मचारियों को भी वापस बुलाया जाएगा। इसका असर होगा कि पाकिस्तान की इंटरनेशनल बेइज्जती होगी। उस पर आतंकवादी देश होने का तमगा और मजबूत होगा। हर देश उससे दूरी बनाकर रखना चाहेगा और उसके नागरिकों को दूसरे देशों में आतंकवादी होने के शक में चीजा लेने में दिक्कत होगी, जो दूसरे देशों में रह रहे हैं, उन्हें भी संदेह की नजरों से देखा जाएगा। पाकिस्तान में कोईं निवेश नहीं करना चाहेगा। भारत में स्थित पाकिस्तान उच्चायोग के कर्मचारियों की वुल संख्या को वर्तमान 55 से घटाकर 30 कर दिया जाएगा। ये 01 मईं 2025 तक किया जाना है।

आप का नजरीया

# पहलगाम के बाद

**पहलगाम** का आतंकी हमला हताशा में किया गया एक ऐसा कुकृत्य है, जिस पर हमेशा की तरह सुई पाकिस्तान की तरफ घूमती है। खुद आतंकवाद का दंश झेल रहा एक देश सरकारी और तैयार आतंकियों के जरिये भारत को बार-बार गहरे जख्म देने की नापाक नीति पर चल रहा है। पाकिस्तान स्थित प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा के एक संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट ने पर्यटकों पर हुए इस कायरतापूर्ण हमले की जिम्मेदारी ली है। इस दुखद घटना ने वर्ष 2008 में दुस्साहसपूर्ण ढंग से मुंबई और भारत को हिलाकर रख देने वाले लश्कर-ए-तैयबा द्वारा रचे गए नरसंहार की याद दिला दी है। यह महज संयोग नहीं कि यह हमला 26/11 के आरोपी तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण और पाक सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर के भारत विरोधी बयान के बीच हुआ है। मुनीर ने पिछले हफ्ते ही कश्मीर को अपने देश की 'गले की नस' बताकर 22 अप्रैल के हमले की भयावहता की जमीन तैयार कर दी थी। एक ओर जहां बलूच विद्रोह ने मुनीर व सेना की नींद उड़ा रखी है, वहीं उन्होंने दो-राष्ट्र सिद्धांत को उछालना चुना। दावा किया कि हिंदुओं व मुसलमानों में कोई समानता नहीं है। गैर मुस्लिमों को निशाना बनाना और वह भी अमेरिकी उपराष्ट्रपति जे.डी.वेंस की भारत यात्रा के दौरान- यह स्पष्ट करता है कि आतंकवादियों व उनके आकाओं ने भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार को चुनौती दे दी है। पाक ने पर्यटकों की मौत पर शोक व्यक्त करने का प्रपंच तो रचा, लेकिन हमले की निंदा करने से परहेज किया। उरी (2016) और पुलवामा (2019) की तरह क्या पहलगाम हत्याकांड भी ऐसी प्रतिक्रिया को जन्म देगा? मोदी सरकार, क्या पाकिस्तान को फिर से सबक सिखाने के लिये भारी दबाव में है? वैसे कूटनीतिक मोर्चे पर, भारत के लिये अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र में इस्लामाबाद को बेनकाब और शर्मिंदा करने का एक बड़ा अवसर है। पहलगाम जांच के नतीजों और राणा से पूछताछ से भारत के इस रुख की पुष्टि होने की उम्मीद है कि पाकिस्तान आज भी आतंकवाद का केंद्र बना हुआ है। बहरहाल, पहलगाम के बैसरन में पाक पोषित आतंकियों ने जो खूनी खेल खेला, उसने पूरे देश को झकझोरा है। सैर-सपाटे के लिये गए लोगों को मौत मिलेगी, ऐसी किसी ने कल्पना भी नहीं की होगी। लेकिन एक हकीकत है कि देश-विदेश के 26 पर्यटक आतंकियों की गोली के शिकार हुए। हमले ने शेष देश के साथ कश्मीर की आत्मा को भी झकझोरा है। यह त्रासदी सिर्फ जम्मू-कश्मीर की ही नहीं है, बल्कि इस हमले ने पूरे देश को गहरा जख्म दिया है। उल्लेखनीय तथ्य यह है कि इस पीड़ादायक हादसे के बाद घाटी के लोगों ने हमले की एकजुट होकर निंदा की गई है। घाटी में 35 साल बाद पहली बार आतंकी हमले के खिलाफ बंद का आयोजन किया गया है। बुधवार को बंद के आह्वान के बाद श्रीनगर में अधिकांश व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे। लोग सड़कों में दुख और आक्रोश व्यक्त करते नजर आए। कहा कि यह घटना कश्मीर की अतिथि और शांति की भावना के साथ विश्वासघात है।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# रेलवे प्रोजक्ट निर्माण के लिये खोदे गए गड्ढे में बच्चे की डुबने से मौत, ग्रामीणों में आक्रोश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** थाना क्षेत्र के मुरवे गांव के पास मिलेनियम रेलवे कंपनी द्वारा खोदे गए गड्ढे में सोमवार को गिरने से एक बच्चे की मौत हो गयी। मृतक बच्चा राज कुमार 11 वर्षीय बगरा गांव निवासी स्व संटू सिंह का सुपुत्र था। वह पिछले छह माह से अपने मामा कटिया निवासी संदीप सिंह के घर में रहकर पढ़ाई कर रहा था। शौच के लिए वह दोस्तों के साथ गया हुआ था। इस दौरान शौच के बाद पानी छूने गया था और उसका पांव फिसल गया जहां वह गड्ढे के गहरा पानी में जा गिरा। जिससे उसकी मौत हो गयी। उसके दोस्तो ने उसके डूबने की जानकारी परिजन व आसपास के लोगो को दी। परिजन व ग्रामीण आनन फानन में घटनास्थल पर पहुंचे निर्माण कार्य में लगे प्रोजेक्ट कर्मियों से पानी खाली करने को लेकर मिट्टी काटने का आग्रह किया परंतु प्रोजेक्ट कर्मी बचाव कार्य में लगने के बजाय वहाँ से भाग खड़े हो गए। काफी मशक्कत से ग्रामीणों ने गहरा पानी से बच्चे को निकाला, तब तक बच्चे की मौत हो चुकी थी। बच्चे की मौत से परिजन और ग्रामीण आक्रोशित हो उठे और रेलवे विभाग और स्थानीय प्रशासन को जमकर कोसने लगे। साथ ही मुआवजा देने की मांग करने लगे। सूचना मिलने पर विधायक कुमार उज्जवल दास, एसडीओ सन्नी राज, एसडीपीओ शुभम खंडेलवाल, बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद, इंस्पेक्टर अनिल उरांव, थाना प्रभारी प्रियेश प्रसून, राहुल दुबे दल बल के साथ पहुंचे और लोगो को समझाने बुझाने का प्रयास करने लगे व सरकारी प्रावधान एवं रेलवे द्वारा मुआवजा दिलाने का आश्वासन दे रहे थे। वही परिजन व ग्रामीणों का कहना था कि रेलवे विभाग द्वारा कार्य कराया जा रहा है परंतु सुरक्षा मानक का कोई भी ध्यान नहीं रखा गया है। अगर सुरक्षा का ख्याल रखा जाता तो यह घटना नहीं घटती। ग्रामीणों ने सिमरिया अंचल अधिकारी गौरव राय पर आरोप लगाते हुए कहा कि अंचल अधिकारी साइड में ग्रामीणों से निर्माण कार्य में किसी प्रकार की दखल अंदाजी नहीं करने का दबाव बनाते थे और अपनी मौजूदगी में भी कई बार कार्य करवाते थे परंतु उनका भी ध्यान केवल ग्रामिणों को डराने धमकाने में रहा। सुरक्षा व्यवस्था लेकर कभी किसी प्रकार का पहल नहीं किया गया। ग्रामीणों ने अनुमंडल पदाधिकारी से सभी विषयों पर जमकर शिकायत की मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि किसी प्रकार की दिक्कत होती है तो वरीय पदाधिकारीयों को लिखित रूप से शिकायत करना चाहिए ताकि तुरंत उसका निराकारण हो सके। ग्रामीण दोषी व्यक्तियों पर कार्यवाही एवं मुआवजा की राशि की मांग को लेकर अडे थे।

## सामाजिक अंकेक्षण दल के तहत सभी पंचायत में हुआ पंचायत स्तरीय जनसुनवाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के विभिन्न पंचायत भवनों में सामाजिक अंकेक्षण दल के तहत सोमवार को पंचायत स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनसुनवाई कार्यक्रम की शुरुआत संकल्प दिला कर की। जनसुनवाई में जुड़ी सदस्य में एक जनप्रतिनिधि, एक सामाजिक कार्यकर्ता, एक मनरेगा मजदूर, एक महिला समूह की सदस्य का चयन किया गया। द्वारी पंचायत भवन में जनसुनवाई कार्यक्रम में वर्ष 2024/25 में मनरेगा योजना से 20 प्रकार के संचालित योजनाओं में 190 मामले आए। जिसमें सभी मामले का सुनवाई पंचायत स्तर पर किया गया। वहीं मांझगवां, बारिसाखी, बगियातु, गिद्धौर व पहरा पंचायत में भी जनसुनवाई की गई। मौके पर बीपीओ रामकुमार सिंह,मुखिया जगदीश यादव, सरिता देवी, निर्मला देवी, बेबी देवी, सुमीरा कुमारी, डेगन गंझु, पंचायत सचिव उज्वल कुमार सिंह, दिगम्बर पांडेय, चितरंजन शर्मा, रोजगार सेवक प्रदीप कुमार, सतेंद्र कुमार वर्मा, निर्मल दांगी, पार्वती कुमारी, कनीय अभियंता सचिनदत शर्मा, वार्ड सदस्य समेत अन्यौजुद थे।

## महायज्ञ में सम्मिलित होने हेतु समिति ने किया सांसद व विधायक को आमंत्रित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** टंडवा प्रखंड के कोयद ग्राम में आयोजित होने वाले श्री राम महायज्ञ को लेकर सोमवार को यज्ञ महासमिति के पदाधिकारीयों ने सांसद कालीचरण सिंह व विधायक उज्जवल दास को आमंत्रण पत्र देकर महायज्ञ में सम्मिलित होने का आग्रह किया है। बताते चले की कोयद गांव में आगामी चार मई से प्रारंभ होने वाले श्री हनुमत जीर्णोद्धार सह श्री राम महायज्ञ को भक्तिमय वातावरण में समापन करने को लेकर यज्ञ समिति के लोगों के द्वारा सांसद व विधायक को आमंत्रित किया गया है। इस अवसर पर शुकर साहू, महेश साहू, ईश्वरी साहू, केदार गोसाई तथा उमेश साहू शामिल थे।

## सरकारी चापानल में समरसेबल लगाकर कर रहे हैं निजी उपयोग पानी के लिये दर-दर भटक रहे हैं ग्रामीण

### सार्वजनिक मिल सके पानी इंसाफ के लिये बीडीओ को दिया आवेदन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड अंतर्गत द्वारी के बलबल गांव निवासी जगदेव साव की पत्नी राधिका देवी ने सरकारी चापानल में समरसेबल डालकर निजी उपयोग करने के विरोध में दो महा पूर्व प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन दी थी।आवेदन देने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होने से महिला लगातार ब्लॉक का चक्कर काट रही है।राधिका देवी ने सोमवार को बताई की घर के समीप सरकारी चापानल लगा हुआ था।सरकारी चापानल में मेरे देवर गिरेंद्र कुमार गुप्ता व उनकी पत्नी कविता कुमारी दबंगई दिखाकर सरकारी चापानल में समरसेबल डाल दिया।चापानल पर पानी लाने जाती हूं तो काफी गाली गलौज कर मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। गर्मी आते ही पानी की संकट हो गया है। जिसे लेकर प्रखंड कार्यालय में आवेदन दे न्याय की गुहार लगाई है। साथ ही उपायुक्त से सरकारी चापानल से समरसेबल निकाल कर सार्वजनिक करने की मांग की है।इस संबंध में पंचायत सचिव उज्जवल सिंह व दिगंबर पांडेय से पूछे जाने पर बताया कि आवेदन के आलोक में बीडीओ राहुल देव ने जांच करने के लिए दिया था। जांच कर प्रतिवेदन बीडीओ को सौंप दिया हूं।

## व्यवसायिक संघ ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** टंडवा व्यवसायिक संघ ने पहलगाम में हुई आतंकवादी हमले में मारे गये लोगों के लिए श्रद्धा सुमन अर्पित किया। दो मिनट का मौन रख कर उनकी आत्मा की शांति की कामना की। व्यवसायिक संघ के विकास गुप्ता ने कहा है पाकिस्तान के खिलाफ अब आर पार की जंग हो। देश के 140 करोड़ लोग मोदी सरकार के साथ है। इस मौके पर व्यावसायिक संघ अध्यक्ष विकास गुप्ता सचिव राजेंद्र कुमार कोषाध्यक्ष शंकर गुप्ता सुभाष सिंह पिंटू कुमार रिंकू गुप्ता संतोष कुमार मदन भगत गणेश कुमार दिलीप नायक रोशन ठाकुर मैनेजर साहब कालेश्वर गुप्ता अजय कुमार सैकड़ो व्यवसाय उपस्थित थे।

## प्रखंड स्तरीय रुआर कार्यक्रम का हुआ आयोजन, दीप प्रज्वलित कर किया गया उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड अंतर्गत बीआरसी बलबल में स्कूल रुआर कार्यक्रम के तहत सोमवार को प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की शुरुआत बीडीओ राहुल देव, बीपीओ नीरज कुमार सिंह, सीआरपी नवनीत कुमार सिन्हा, प्रेमचंद साव समेत अन्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यशाला में उपस्थित शिक्षकों को बीपीओ नीरज कुमार सिंह ने कहा कि स्कूल रुआर कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को स्कूल के माहौल से परिचित कराना, उन्हें भयमुक्त और आनंददायक वातावरण देना और उनके सीखने की प्रक्रिया को बेहतर बनाना है। साथी उन्होंने बताया कि नामांकन अभियान, दिव्यांग छात्रों के लिए पेयजल और शौचालय की सुविधा करने, किचनगार्डन,




बागवानी गतिविधि का संचालन एवं मध्यान भोजन पर विस्तृत जानकारी दिया इस दौरान बीडीओ राहुल देव ने कहा कि विद्यालय या पाठशाला वह स्थान है, जहां शिक्षा ग्रहण की जाती है। विद्यालय में जहां बच्चों के शारीरिक मानसिक बौद्धिक एवं नैतिक गुणों को विकास होता है। नव प्रवेशित बच्चों को स्कूल के नियम विनियम और गतिविधियों से परिचित कराना, बच्चों को बिना किसी रूकावट के सीखने का अवसर प्रदान करना, बच्चों को बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक कौशल सीखना तथा सामाजिक कार्यों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना है। साथ ही साथ शिक्षकों और अभिभावकों के बीच बेहतर संबंध बनाने पर जोर दिया। मौके पर सीआरपी राजकुमार राजू, अकाउंटेंट मोहन समेत शिक्षक व शिक्षाएं मौजूद थे।

## समाजसेवी राकेश सिंह ने महुआडांड़ थाना प्रभारी से की शिष्टाचार मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** पूर्व मनिका विधानसभा प्रत्याशी राकेश सिंह ने महुआडांड़ थाना प्रभारी मनोज कुमार से शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर श्री सिंह ने थाना प्रभारी को गुलदस्ता भेंट कर उनका हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया। मुलाकात के दौरान सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में क्षेत्र की कानून व्यवस्था और जनता से जुड़ी विभिन्न विषयों पर भी चर्चा की गई। मौके पर जस्टिन एक्का, अशोक गुप्ता, राजन खान, अमित भगत, श्रीकांत सिंह और उपेंद्र, आमोद सिंह समेत कई अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।राकेश सिंह ने इस मुलाकात के दौरान थाना प्रभारी को क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और जनसेवा में उनके योगदान के लिए धन्यवाद दिया और भविष्य में भी इसी तरह जनता के हित में कार्य करते रहने की कामना की।

## पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में मुस्लिम समुदाय ने निकाला कैंडल मार्च




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले के विरोध में रविवार देर शाम लातेहार जिले के मुस्लिम समुदाय के सैकड़ों लोगों ने एकजुट होकर कैंडल मार्च निकाला। हाथों में जलती हुई मोमबत्तियाँ और देशभक्ति से ओत-प्रोत नारों के साथ लोगों ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और देश में शांति व एकता का संदेश दिया। मार्च के दौरान पाकिस्तान मुर्दाबाद और आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए प्रदर्शनकारियों ने आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। उपस्थित लोगों ने स्पष्ट रूप से कहा कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता और भारत की अखंडता व संप्रभुता की रक्षा के लिए हर नागरिक को एकजुट होकर मुकाबला करना चाहिए। प्रदर्शन पूर्णतः शांतिपूर्ण रहा। प्रशासन ने कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखा और शांतिपूर्ण आयोजन के लिए आयोजनकर्ताओं की सराहना की। सभी वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यह आयोजन आतंकवाद के विरुद्ध पूरे देश के जनमानस की एकता का प्रतीक है और कोई भी ताकत हमारी राष्ट्रीय एकता को नहीं तोड़ सकती।

## अनियंत्रित होकर पानी टेंकर किराना दुकान में घुसा, बाल बाल बचे परिवार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ-खलारी मुख्य पथ पर सोमवार को बालूमाथ थाना क्षेत्र के भगिया ग्राम में एक अनियंत्रित पानी टेंकर किराना दुकान में जा घुसा जिससे दुकान का शटर टूट गया एवं दुकान में रखा हुआ कई सामान दबकर खराब हो गया। घटना के संबंध में ग्रामीणों ने बताया की उक्त पानी टैंकर उपकार इंफ्रा कंस्ट्रक्शन का है जो सड़क में पानी छिड़कने का कार्य करता है। पानी छिड़कने के दौरान टैंकर अनियंत्रित होकर भगिया ग्राम निवासी सविंदर यादव ग्राम भगिया के किराना दुकान में जा घुसा हालांकि इस दौरान दुकान मालिक बाल बाल बच गया लेकिन उसके दुकान में रखा कई सामान दबाकर खराब हो गया और उसका दुकान का शटर भी टूट गया।

## साइडिंग पहुंचने वाला कोयला भेजा जा रहा बिहार-उत्तर प्रदेश

**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के तेतरियाखांड कोलियरी से कुसमाही रेलवे साइडिंग तक भेजे जाने वाले कोयले में बड़े पैमाने पर हेराफेरी का मामला सामने आया है, जिससे सरकार को करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है। जानकारी के अनुसार, तेतरियाखांड से जेपी नगरी सुपर थर्मल पावर के लिए 48,000 टन कोयले के उठाव का जिम्मा दो लिफ्टरों को दिया गया था। प्रत्येक को 24,000 टन कोयला उठाने का कार्य सौंपा गया था।लेकिन उठाया गया कोयला साइडिंग के बजाय बिहार और उत्तर प्रदेश में बेचा जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, सीसीएल द्वारा 1823 रुपये प्रति टन की दर से आपूर्ति किया गया कोयला 2200 रुपये प्रति टन में खुलेआम बेचा जा रहा है। वहीं, आवश्यक पेपरवर्क के लिए 1500 रुपये की वसूली की जा रही है। कोयले के हर टन पर सीसीएल के अधिकारियों द्वारा 400 रुपये अवैध रूप से वसूलने का आरोप भी लगा है। इस बाबत पूछे जाने पर सीसीएल के जीएम मनीष कुमार ने कहा कि कोयला उठवाना उनका काम है, उसे कहाँ भेजा जाता है, इसकी निगरानी उनकी जिम्मेदारी नहीं है।

## जिला संगठन सृजन मंथन कार्यक्रम का आयोजन आज

**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कांग्रेस कमिटी लातेहार द्वारा जिला संगठन सृजन मंथन कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 29 अप्रैल 2025, दिन मंगलवार को प्रातः 10:00 बजे लातेहार परिसदन भवन में किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व राज्यसभा सांसद एवं लातेहार जिला के प्रभारी धीरज साहू होंगे। साथ ही मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह भी कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।कांग्रेस जिला अध्यक्ष गूंजर उरांव ने उक्त कार्यक्रम की जानकारी दी।श्री उरांव ने सभी प्रदेश पदाधिकारियों (डेलीगेट्स), सभी प्रखंड अध्यक्षों, मंडल अध्यक्षों एवं विभिन्न मोर्चा के जिला अध्यक्षों से आग्रह किया है कि वे कार्यक्रम में समय से पहुँच कर संगठन सृजन मंथन में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

## विद्या मंदिर स्कूल की शिक्षिका सुनीता देवी ने 1 यूनिट ब्लड देकर दिया मानवता का परिचय



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेन्हा प्रखण्ड के गढ़गांव चंदवा निवासी रविन्द्र उरांव की पत्नी सरस्वती देवी मिशन हॉस्पिटल में इलाजरत डॉ0 ने खून की कमी बताई द्य परिवार के लोग काफी परेशान जय श्रीराम समिति से सम्पर्क किया समिति के तत्काल पहल पर विद्या मंदिर स्कूल की शिक्षिका सुनीता देवी ने 1 यूनिट ब्लड देकर मानवता का परिचय दिया जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने कहा सामाजिक एवं धार्मिक संगठन जय श्रीराम समिति अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ रात हो या दिन जाति धर्म से ऊपर उठकर लोगों की सेवा में लगी रहती है जय श्रीराम के प्रति लोगों का विश्वास और भरोसा ही है जो 19 वर्षों से निस्वार्थ भाव से लोहरदगा जिला समेत झारखंड एवं अन्य राज्यों के लोगों को सेवा दे रही है डोनर सुनीता देवी ने कहा मैं एक महिला हूं और महिला होकर किसी की जान बचाने का सौभाग्य प्राप्त हुई द्य ऐसी खुशी कहां मिलेगी। मौके पर जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, प्रदीप साहू,रविंद्र उरांव समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## असामाजिक तत्वों का उत्पातः शिक्षा के मंदिर में चोरी, स्कूली बच्चे पीने के पानी के लिये परेशान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, खुरा में बीती रात असामाजिक तत्वों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने विद्यालय परिसर में बच्चों के पीने के लिए लगाए गए नल को उखाड़कर चुरा लिया। साथ ही स्कूल में लगे सोलर सिस्टम के तारों को काटकर भारी नुकसान पहुंचाया। इतना ही नहीं, चोरों ने विद्यालय परिसर में स्थापित पानी टंकी को तेज धारदार वस्तु से वार कर बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया, जिससे टंकी की कार्य क्षमता पूरी तरह प्रभावित हो गई है।विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका जूलियाना तिर्की ने बताया कि चोरी की सूचना उच्च अधिकारियों एवं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी (बीईईओ) नागेंद्र प्रसाद सिंह को दे दी गई है। मामले में आगे की कार्रवाई विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा तय की जाएगी। घटना से विद्यालय परिवार में गहरा आक्रोश है और सभी ने दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बरवाडीह पुलिस से मांग की है कि वे गंभीरता से अनुसंधान कर चोर को जल्द से जल्द पकड़ें और उसे सार्वजनिक रूप से प्रस्तुत करें ताकि बच्चों को यह दिखाया जा सके कि किसने उन्हें इस भीषण गर्मी में पानी के लिए परेशान किया है। बच्चों ने कहा कि स्कूल शिक्षा का मंदिर है, जहां मां सरस्वती का वास होता है और वहां से चोरी होना छोटी घटना नहीं है। उन्होंने विश्वास जताया कि बरवाडीह पुलिस शीघ्र ही चोर को पकड़कर सच्चाई सामने लाएगी।

## लातेहार में 'वन नेशन वन इलेक्शन' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन आज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** निष्ठा फाउंडेशन के तत्वावधान में वन नेशन वन इलेक्शन विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह के निर्देशानुसार यह कार्यक्रम दिनांक 29 अप्रैल 2025, दिन मंगलवार को दोपहर 11:00 बजे नगर भवन, लातेहार में आयोजित होगा।श्री सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम किसी भी राजनैतिक दल द्वारा सीधे तौर पर आयोजित नहीं है, यह कार्यक्रम निष्ठा फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री भानु प्रताप शाही, लातेहार विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रकाश राम तथा जिला संगठन प्रभारी मुकेश निरंजन सिन्हा



उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर सांसद, पूर्व सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य (मोर्चा सहित), जिला परिषद अध्यक्ष, नगर पंचायत अध्यक्ष, प्रदेश एवं जिला स्तर के मोर्चा पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं पदाधिकारी, जिला परिषद सदस्य, प्रखंड प्रमुख एवं उपप्रमुख, पंचायत समिति सदस्य, मुखिया, वार्ड सदस्य आदि सभी गणमान्य व्यक्तियों से समय पर पहुंचने की अपील की गई है। यह संगोष्ठी 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' की अवधारणा को जनसमर्थन प्रदान करने और जनचेतना जागृत करने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## हज़ारीबाग-बगोदर मार्ग पर बाइक सवार पर गिरी सूखे पेड़ की टहनी, महिला गंभीर रूप से जख्मी

### इस घटना पर जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन पर उठाए सवाल, बड़ी घटना का है, इंतजार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** बगोदर- हज़ारीबाग पथ एन. एच- 522 पर बड़ी दुर्घटना टली। बताया जाता है,कि बाइक सवार जोड़े हज़ारीबाग से बगोदर की ओर जा रहे थे,इसी क्रम में भेलवारा पुराना विद्यालय के पास पेड़ की टहनी टूटकर बाइक सवार पर गिरी जिससे महिला सोनी कुमारी,पति विनोद यादव बगोदर उम्र करीब 45 वर्ष के सिर पर चोट लगने से गंभीर रूप से घायल हो गई। ग्रामीणों ने घायल महिला को विष्णुगढ़ सीएचसी भेजा जहाँ डॉक्टर की निगरानी में महिला का प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए हज़ारीबाग रेफर कर दिया गया।

झांरखण्ड सरकार द्वारा जारी चेतावनी के अनुसार अभी दो- तीन दिन तेज हवा- बारिश और बिजली,ओला वृष्टि की चेतावनी भी जारी की गई,ऐसे में लोगो से साँसद प्रतिनिधि रविन्द्र कुमार बरनवाल(दीपू भाई) अपील की है,खराब मौसम में सफर ना करें।विष्णुगढ़ प्रशासन ठोस कार्यवाही करते हुए बगोदर-हज़ारीबाग मार्ग एवं विष्णुगढ़ - गोमियाँ मार्ग पर दर्जनों ऐसे सूखे पेड़ है,जिससे इससे भी अधिक जनहानि होने की प्रबल संभावना है,अतः प्रशासन जनहित एवं अप्रिय घटना होने के पूर्व सूखे हुए पेड़ो की कटाई की जाय ताकि किसी भी अनहोनी को टाला जा सके।



इसके पूर्व समाजसेवी एवं भाजपा वरिष्ठ नेता राजू कुमार श्रीवास्तव ने प्रशासन से पत्र लिखकर आग्रह किया था,कि सड़क के किनारे सूखे पेड़ दुर्घटना को दावत दें रहें है,इसे जल्द हटाया जाय पर तब प्रशासन की नींद नही खुली अब जब घटना घट चुकी है,तब देखना दिलचस्प होगा कि प्रशासन की नींद कब खुलती है?

## पकरी बरवाडीह नॉर्थ वेस्ट कोल खनन परियोजना के द्वारा प्रभावित क्षेत्र के लिए पेयजल वितरण का शुभारंभ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** पकरी बरवाडीह नॉर्थ वेस्ट कोयला खनन परियोजना के द्वारा प्रभावित क्षेत्र में पेयजल की समस्याओं को देखते हुए कंडाबेर, बेलतू, बरियातू पंचायत में टैंकर द्वारा ग्रामीणों के बीच शुद्ध पेयजल वितरण का उद्घाटन किया गया। पानी के टैंकर का उद्घाटन एनटीपीसी पीबीएनबल्यू के सिरमा साइट ऑफिस के पास किया गया। मुख्य रूप से उपरोक्त तीनों पंचायत के 7 गांव को ग्रीष्मकालीन समय में पानी के संकट के बीच शुद्ध पेयजल का लाभ मिलेगा। पानी के टैंकर का उद्घाटन पकरी बरवाडीह कोयला खान परियोजना सदानंद चारी (अपर महाप्रबंधक, माइनिंग एजेंट पीबीएनबल्यू) पुरुषोत्तम सोनी (उप महाप्रबंधक , पीबीएनबल्यू)के द्वारा किया गया। मौके पर सीएसआर विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक कमला राम रजक, नॉर्थ वेस्ट माइनिंग विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक संजय कांडी, कंडाबेर के मुखिया दिनेश साव आदि उपस्थित थे।

## हजारीबाग यूथ विंग ने बुजुर्ग महिला को कराया रक्त उपलब्ध

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** हजारीबाग यूथ विंग, जो लगातार सामाजिक और धार्मिक कार्यों में अपनी सक्रियता दिखा रही है, इसी दौरान सोमवार को मानवता की एक शानदार मिसाल पेश की। शहर की एक बुजुर्ग महिला को अचानक रक्त की सख्त आवश्यकता पड़ी। परिजनों ने जब हजारीबाग यूथ विंग से सहायता की अपील की, तो संस्था ने बिना देर किए सक्रियता दिखाई। संस्था के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने विभिन्न स्रोतों से रक्तदाता की तलाश शुरू की। इसी क्रम में द कोबरा कराटे अकादमी के संस्थापक चंद्र प्रकाश उपाध्याय से संपर्क कर रक्तदान का आग्रह किया गया। अपील करते ही उपाध्याय ने तुरंत शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज ऑफ अस्पताल स्थित ब्लड बैंक पहुंचकर रक्तदान किया। उनके इस त्वरित और निःस्वार्थ कदम से बुजुर्ग महिला की जान बचाई जा सकी। यह चंद्र प्रकाश उपाध्याय का पहला रक्तदान था। रक्तदान करने के बाद उन्होंने कहा,मुझे बेहद अच्छा अनुभव हो रहा है, जीवन में पहली बार रक्तदान किया और यह एहसास शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। क्योंकि इससे न केवल किसी का जीवन बचता है, बल्कि भीतर से भी असीम खुशी मिलती है.



## विष्णुगढ़ में महायज्ञ की तैयारी लगभग पूरी, करोड़ो की लागत से बना मंदिर, बनाआ कर्षण का केंद्र

**विष्णुगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विष्णुगढ़ विकास ट्रस्ट हिन्दू परिवार की ओर से विष्णुगढ़ उत्तरवाहिनी जमुनियां नदी पर बने भगवान भास्कर के नवनिर्मित मंदिर में विराजमान सूर्य देव की मूर्ति एवं हनुमान धारा में विराजमान बजरंबली की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के लिए होने वाले 3-9 मई 2025 तक सात दिवसीय महायज्ञ की तैयारी अपने चरम पर है। विष्णुगढ़ विकास ट्रस्ट हिन्दू परिवार के सचिव ने बताया कि मंदिर करीब ढाई करोड़ की लागत से बना है। प्राणप्रतिष्ठा की तैयारी अपने अंतिम पड़ाव में पहुँच चुकी है । महायज्ञ के मुख्य पुजारी एवं मंदिर संस्थापकों में के एक प्रमुख सदस्य आनंद राम ने कहा महायज्ञ से क्षेत्र की यश और कृति में वृद्धि होती है,हमारी सनातन परंपरा के अनुसार लोगो से सात्विक आहार एवं पवित्र मन से महायज्ञ में शामिल होने की अपील की,साथ ही कहा कि कलश यात्रा के दौरान नगरभ्रमन किया जायेगा इसके पूर्व आप सबो से विनम्र अपील होगी कि सड़क पर गंदा पानी ना बहाए।मंदिर निर्माण में अहम भूमिका निभाने वालो में मुख्य रूप से अध्यक्ष रामेश्वर सिंह,उपाध्यक्ष अजय कुमार बबलू व आंनद राम,सचिव नवलकिशोर वर्मा,उप-सचिव शंकर गोस्वामी, विनोद सिंह,कोषाध्यक्ष प्रयाग सोनी,सक्रिय सदस्य त्रिवेणी स्वर्णकार,जगदीश स्वर्णकार, राजेन्द्र प्रसाद सिंह,बबलू सिंह,युगल स्वर्णकार, सुरेश भगत,मोहन लाल बरनवाल, पुरण प्रसाद साहू,चमारी नायक,गुरु प्रसाद साव,अजय साव,शेखर सुमन,निर्मल कुमार, नीतीश कुमार,शशि कुमार लाहकार, अजय बरनवाल, बच्चन राम मेहता,अनुज सोनी,अनुज चंद्रवंशी,निर्मल साव,बबिता बरनवाल, प्रकाश सिंह,दीपा बरनवाल,प्रमोद साव समेत सैकड़ो लोगो ने अपनी अहम भागीदारी निभाई।



## हजारीबाग टाउन रेलवे स्टेशन पर विशेष जांच अभियान, नियम उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाउन रेलवे स्टेशन पर एक विशेष चेकिंग अभियान और कैम्प कोर्ट का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व माननीय रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी, डाल्टनगंज, प्रज्ञेश निगम द्वारा किया गया।इस दौरान महिला डिब्बों में अनधिकृत यात्रा करने वाले, प्लेटफॉर्म पर अनुशासनहीनता फैलाने वाले और स्टेशन परिसर के %नो पार्किंग% क्षेत्र में मोटरसाइकिल खड़ी करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई। पकड़े गए सभी आरोपियों को मौके पर ही माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां न्यायालय ने उन्हें आर्थिक दंड से दंडित किया।विशेष अभियान में रेलवे सुरक्षा बल ने अहम भूमिका निभाई। निरीक्षक प्रभारी यू. एस. ओझा के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह, चंद्र भान पांडेय, प्रधान आरक्षी राज कुमार साव, दीपक यादव सहित कई आरक्षियों ने मिलकर स्टेशन पर चेकिंग अभियान को सफलतापूर्वक अंजाम दिया।कार्यक्रम के दौरान न्यायिक दंडाधिकारी ने यात्रियों से अपील करते हुए कहा कि रेलवे नियमों का पालन करना प्रत्येक यात्री का कर्तव्य है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि रेलवे परिसर में अनुशासनहीनता और नियम उल्लंघन के विरुद्ध भविष्य में भी इस प्रकार की औचक कार्रवाई की जाएगी।रेल प्रशासन ने यात्रियों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए कहा कि सुरक्षित, स्वच्छ और अनुशासित वातावरण बनाए रखने के लिए सभी को नियमों का पालन करना आवश्यक है। यह अभियान यात्रियों के बीच एक स्पष्ट संदेश छोड़ गया है कि नियम तोड़ने पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित है।




## सांसद प्रतिनिधि एवं आजसू नेता ने नए ट्रांसफार्मर का फीता काटकर किया उद्घाटन



**बड़कागांव(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के सिकरी पंचायत के ग्राम चमगढ़ा में ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण चमगढ़ा गांव के ग्रामीण अंधेरे में थे। जिसकी जानकारी बड़कागांव विधायक का रोशन लाल चौधरी को दी गई। जिस पर विधायक रोशन लाल चौधरी ने तत्परता दिखाते हुए बिजली विभाग को जले हुए ट्रांसफार्मर के जगह में नया ट्रांसफार्मर लगाने का आदेश दिया। विधायक के आदेशानुसार 100 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगा दिया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन बड़कागांव मुखिया संघ अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि रंजीत कुमार मेहता एवं आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि एवं आजसू नेता ने एक स्वर में कहा कि बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी बड़कागांव की जनता के लिए 24 घंटे तैयार हैं वह हमेशा ग्रामीणों के समस्या को लेकर चिंतित रहते हैं चाहे वह बिजली ,पानी, सड़क या फिर विस्थापन हो। उनका एक ही उद्देश्य है बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र का समुचित विकास करना।बिजली बहाल होते ही ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी और ग्रामीणों ने विधायक रोशन लाल चौधरी को धन्यवाद दिया। मौके पर मुख्य रूप से पंचायत समिति प्रतिनिधि अरुण महतो, आजसू प्रखंड प्रवक्ता तपेश्वर कुमार तापस, आजसू छात्र संघ के नेता अर्जुन महतो, चूल्हा प्रमुख प्रभारी तेजन महतो, समाजसेवी धनु नाथ प्रसाद, सतनारायण महतो कैली देवी, मूर्ति देवी, बिलखी देवी, निराशो देवी, तेतरी देवी, पूनम देवी, पार्वती देवी, राजो,देवी,सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## विधायक प्रतिनिधि सह भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर औचक निरीक्षण करने पहुंचे कस्तूरबा विद्यालय बरसोत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** बरही सोमवार को बरही विधायक सह लोक लेखा समिति के चेयरमैन मनोज कुमार यादव के मार्गदर्शन में विधायक प्रतिनिधि सह भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने कस्तूरबा विद्यालय बरसोत का दौरा किया। मौके पर वार्डेन रोशनी बाड़ा एवं अन्य शिक्षिकाओं व छात्राओं से मुलाकात की गई। प्रतिनिधि ने बताया कि विद्यालय की मूलभूतआवश्यकताओं की जानकारी ली गई। छात्राओं ने खेल मैदान की कमी की बात कही। इसे प्राथमिकता देते हुए विधायक मनोज कुमार यादव और सांसद मनीष जायसवाल के संज्ञान में लाने का प्रयास किया जाएगा। विद्यालय परिवार द्वारा किए गए स्वागत से आत्मविभोर महसूस किया गया। आगामी विद्यालय बैठक में सांसद और विधायक की उपस्थिति सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा।

## कटकमदाग प्रखंड में रुआर कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**कटकमदाग :** कटकमदाग प्रखंड सभागार में सोमवार को रुआर कार्यक्रम को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया । कार्यशाला का उदघाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी शिवबालक प्रसाद, बीपीओ पंकज कुमार गुप्ता, बीपीएम गौतम कुमार सेन, झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष मो जहांगीर अंसारी, अजाप्ता जिला अध्यक्ष प्रवीण कुमार ने सामूहिक रूप से किया । रूआर कार्यक्रम के उदघाटन अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने विस्तार पूर्वक रूआर कार्यक्रम पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के तहत 5 से 18 आयु वर्ग के सभी बच्चों को स्कूल में शत प्रतिशत उपस्थिति, नामांकन, ठहराव और उच्च कक्षाओं में स्थानांतरण के लिए रूआर 2025 अभियान का शुभारंभ किया गया है । यह कार्यक्रम विद्यालयों में 25 अप्रैल से 10 मई तक चलेगा। उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम के माध्यम से शत प्रतिशत नामांकन एवं ठहराव का लक्ष्य प्राप्त करना है, इसके लिए शिक्षकों एवं जनप्रतिनिधियों की भूमिका काफी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सभी को अपने नैतिक जिम्मेवारी निभाते हुए बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने पर विशेष जोर दिया जाना चाहिए ताकि बच्चों एवं राज्य का भविष्य उज्जवल हो सके। इस अवसर पर बीपीओ पंकज कुमार गुप्ता ने कहा कि झारखंड में रूआर कार्यक्रम एक महत्वपूर्ण पहल है जिसका मुख्य उद्देश्य उन बच्चों को स्कूल वापस लाना है जो किसी कारणवश शिक्षा से वंचित रह गए हैं या जिन्होंने स्कूल छोड़ दिया है। रूआर का अर्थ है फिर से लौटना इसलिए यह कार्यक्रम बच्चों को शिक्षा के मुख्य धारा से जोड़ने का एक सफल प्रयास है। मो जहांगीर अंसारी ने कहा कि अभिवंचित एवं अल्पसंख्यक वर्ग के बच्चे जिनकी पहुंच अभी तक विद्यालय तक नहीं हो पाई है उन्हें निश्चित रूप से विद्यालय तक पहुंचाना ही रूआर कार्यक्रम का विशेष लक्ष्य है। इस मौके पर सीआरपी अनुपमा रानी, पंचानन पांडेय, बीआरपी नाज परवीन, रिसोर्स टीचर अरुण कुमार, मनीषा कुमारी, प्रधानाध्यापक नाहिद परवीन अयूब अंसारी मनोज सिन्हा अवध बिहारी गोप, शिव शंकर पाठक, रोहित कुमार, धनंजय कुमार, एहसान मंजर, कमाल अख्तर, मनोज, काशी ,उमा अग्रवाल, एहतेशाम अरशद आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सीआरपी अनुपमा रानी ने किया और तिथिवार 16 दिवसीय कार्यक्रम का ब्योरा प्रस्तुत किया। जबकि धन्यवाद ज्ञापन बीपीओ पंकज कुमार गुप्ता ने किया।




## डेमोटांड शिवमंदिर से आयोजित कलश यात्रा में बतौर अतिथि भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता हुई शामिल, तीन दिवसीय महायज्ञ का हुआ शुरूआत

**❍ धार्मिक अनुष्ठान से सुख, समृद्धि एवं खुशहाली का संचार होता है, भक्तिभाव का महौल पूरे क्षेत्र में बना रहता है : शेफाली गुप्ता**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** सदर प्रखण्ड स्थित डेमोटांड शिवमंदिर में आयोजित कलश यात्रा में सोमवार को बतौर अतिथि भाजपा नेत्री सह ओम आरोहणम् संस्थान के संस्थापिका शेफाली गुप्ता शामिल हुई। यज्ञ समिति एवं कलश यात्रियों ने उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। कलश यात्रियों को माथे पर कलश देकर जलाशय के लिए रवाना किया। हर हर महादेव, ? नमः शिवाय एवं जय शिव शंभु के भगवत जयकारा से भक्तिमय महौल बन गया। कलश यात्रियों के कदम से कदम मिलाकर चलकर हौसला बढाया तथा ईश्वर से उनकी मनोकामना पूर्ण होने की कामना की। भव्य कलश यात्रा के साथ तीन दिवसीय महायज्ञ का शुरूआत हुआ। उन्होंने सभी की जीवन में सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की मंगलकामना की। मौके पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने कहा कि धार्मिक अनुष्ठान से सुख, समृद्धि एवं खुशहाली का संचार होता है। साथ ही भक्तिभाव का महौल पूरे क्षेत्र में बना रहता है। मौके पर यज्ञ समिति के सदस्य दमोदर प्रसाद, जितेंद्र साहू, मोहन कुमार, केदार कुमार, संतोष कुमार, प्रकाश साव, कैलाश कुमार, बद्रीनारायण प्रसाद, महेश प्रसाद, सोहर साव, प्रकाश साव, अशोक कुमार एवं सिकंदर कुमार सहित कई लोग उपस्थित रहे।



## कलश यात्रा के साथ श्री श्री 1008 शतचण्डी महायज्ञ का शुभारंभ आज, तैयारी पूरी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** प्रखंड अंतर्गत ग्राम बादम में श्री श्री 1008 शतचण्ड महायज्ञ का शुभारंभ आज कलश यात्रा के साथ होगी। कलशयात्रा पंचवाहिनी माता स्थान से निकाली जाएगी जो महतो मोहल्ला, बनिया मोहल्ला, बस स्टैंड, डांभाडीह होते हुए सिमासी बागी नदी पहुंचेगी। सीमासी बागी नदी से विधिवत जल उठाव कर वापस पंचवाहिनी माता स्थान यज्ञ मण्डप तक पहुंचेगी।यज्ञ को लेकर सभी तैयारी पूरी हो गई है। यज्ञ स्थल के समीप ही मनोरंजन के लिए झूले लगाए गए हैं। 30 अप्रैल से 6 मई तक कथा वाचन का कार्यक्रम होगा। 7 मई को जागरण और झांकी के साथ यज्ञ का समापन होगा। यज्ञ कार्यक्रम में यज्ञाचार्य गिरिडीह से मनोज कुमार पांडे एवं कथावाचन के लिए मध्यप्रदेश से कथावाचिका कैलाश नगर, श्रीधाम, वृंदावन, उत्तरप्रदेश से बाल विदुषी सुश्री अंजना किशोरी का आगमन हो रहा है।वहीं जागरण कार्यक्रम में भजन गायक मंटू निराला और भजन गायिका पल्लवी झा के द्वारा भक्ति गीतों से माहौल को भक्तिमय बनाया जाएगा।यज्ञ के दौरान प्रतिदिन आनंद पांडेय के द्वारा महा आरती सह गंगा आरती किया जाएगा।यज्ञ अध्यक्ष अभय कुमार, सचिव संतोष कुशवाहा, कोषाध्यक्ष प्रमोद कुमार, उपाध्यक्ष रवि कुमार दांगी, उपसचिव प्रकाश राम, उपकोषाध्यक्ष काली चरण कुमार, संरक्षक सहेश्वर महतो, संजय मेहता, ग्राम अध्यक्ष भूदेव महतो, ग्राम कोषाध्यक्ष बैजनाथ महतो, ग्राम युवा अध्यक्ष भवेश कुमार, पंचायत समिति प्रतिनिधि संतोष महतो, राजू महतो, कैलाश कुमार, राजेंद्र उर्फ राजू महतो, गोविंद महतो, ज्ञानी महतो, दिलीप महतो, सोमनाथ महतो, बिरजू महतो, त्रिवेणी महतो सहित अन्य लोगों के सहयोग से यज्ञ कार्यक्रम सुचारू रूप से संचालित होगा।



## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मलेरिया का रोकथाम और उपचार को लेकर किया गया जागरूक

**❍ मलेरिया एक कोशकीय परजीवी प्लाजमोडियम, संक्रमित मच्छरों से फैलती है : डॉ प्रवीण श्रीनिवास**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल द्वारा मलेरिया जागरूकता दिवस के अवसर पर सुरज पूरा में जागरूकता फैलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। बीडीएस के द्वितीय वर्ष के छात्रों ने मलेरिया, डेंगू, फाइलेरियासिस की रोकथाम के बारे में ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। कार्यक्रम में माइक्रोबायोलॉजी की व्याख्याता कृति और विभिन्न सहायक कर्मचारियों के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। मलेरिया की रोकथाम और उपचार में महत्वपूर्ण नाटक प्रस्तुत किया। मलेरिया की रोकथाम और उपचार से संबंधित नाटक के माध्यम से समाज में जागरूकता का अनोखा संदेश दिया गया।मौके पर हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि मलेरिया एक कोशकीय परजीवी प्लाजमोडियम (वाईवेक्स एवं फैलसिपेरम) से होने वाली बीमारी है। जो संक्रमित मच्छरों से फैलती है। इसके मुख्य लक्षण ठंडक के साथ बुखार, सिरदर्द, उल्टी व बदनदर्द है। समय से इलाज के अभाव में बीमारी गंभीर हो जाती है। इससे बचाव के लिए अपने आस-पास सफाई रखे, जलभराव न होने दें, कूलर, गमले, नाली आदि में पानी अधिक समय तक जमा न होने दें। बच्चों को सुबह शाम फुल आस्तीन की शर्ट व पैंट पहनाएं। सोते समय मच्छर दानी का प्रयोग करें। बीमारी की गंभीरता को देखते हुए तुरन्त नजदीकी अस्पताल में मलेरिया की जांच कराएं व पुष्टि होने पर इसका सम्पूर्ण इलाज करें।.



## झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में अंडर-15 बालिका टी-20 अंतर जिला क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू, हजारीबाग टीम में बीएसए बरही की 10 खिलाड़ी शामिल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** बरही झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में अंडर-15 बालिकाओं के लिए टी-20 अंतर जिला क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। प्रतियोगिता का शुभारंभ 27 अप्रैल से हुआ है और यह 8 मई तक चलेगी। ग्रुप सी में धनबाद, रामगढ़, गिरिडीह, देवघर और गुमला की टीमें खेल रही हैं। ग्रुप ए के मुकाबले धनबाद में, ग्रुप बी के मैच पाकुड़ में और ग्रुप सी के खेल बोकारो में आयोजित हो रहे हैं। चयनित खिलाड़ियों में सलोनी कुमारी (कुंडवा), पिता- छोटन राणा, विद्यालय- मध्य विद्यालय बरही, नंदनी कुमारी (करसो बरही), पिता- धीरेंद्र कुमार, विद्यालय- उत्क्रमित मध्य विद्यालय करसो, तृप्ति गुड़िया (रसोइया धमना), पिता- प्रकाश साव, विद्यालय- डीएवी पब्लिक स्कूल बरही, सृष्टि कुमारी (बरहीडीह), पिता- दीपू प्रजापति, विद्यालय- प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल बरही, सुमन कुमारी गुप्ता (रसोइया धमना), पिता- सुरेंद्र साव, विद्यालय- डीएवी पब्लिक स्कूल बरही, अंशु कुमारी, पिता- वीरेंद्र साव, विद्यालय- डीएवी पब्लिक स्कूल बरही, तानिया कुमारी (हजारी धमना), पिता- धूपनारायण सिंह, विद्यालय- भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरही, सृष्टि राज गुप्ता (धमना), पिता- विकास कुमार, विद्यालय- सुरेंद्र लाल जैन हाई स्कूल सिंहरावा, जीविका रानी, पिता- विजय कुमार साव, विद्यालय- डीएवी पब्लिक स्कूल बरही, सपना कुमारी (बरही), पिता- राजू रविदास, विद्यालय- प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल बरही शामिल है। सभी खिलाड़ियों को प्रशिक्षण बीएसए संरक्षक अब्दुल मनान वारसी, कुलदीप कुमार, बसन्त ठाकुर देने का काम किए है। बधाई देने वालो में बरही विधायक मनोज यादव, एसडीओ जोहन टुडू, एसडीपीओ अजित कुमार विमल, बीड़ीओ जयपाल महतो, सीओ अमित किस्कू, डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी, व्यवसायी संघ अध्यक्ष कपिल केशरी, मनोज केशरी, अध्यक्ष नौशाद अहमद, सचिव बलराम केशरी, धर्मपाल केशरी, अनिल रजक, मनितोष यादव, रामप्रसाद यादव समेत अन्य शामिल है।



## मारवाड़ी युवा मंच एवं चेतना शाखा रामगढ़ ने चलाया सुकन्या समृद्धि जागरूकता अभियान



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मारवाड़ी युवा मंच रामगढ़ कैंट एवं चेतना शाखा द्वारा चल रहे विशेष चार दिवसीय जन-जागरूकता कार्यक्रम ÷बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ÷ अभियान के अंतर्गत चौथे दिन सुकन्या समृद्धि योजना% जागरूकता अभियान जिसमें सरकारी योजना की जानकारी देकर लड़कियों के भविष्य को सुरक्षित बनाना उद्देश्य था चलाया गया। युवा मंच एवं चेतना शाखा के अध्यक्ष एवं सचिव ने जागरूकता अभियान के उद्देश्य के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि लोगों को सुकन्या समृद्धि योजना के बारे में जानकारी प्रदान करना और उन्हें इस योजना के लाभों से अवगत कराना है तथा लोगों को वित्तीय साक्षरता के बारे में जागरूक करना और उन्हें बचत और निवेश के महत्व को समझाना है। जिससे बालिकाओं की शिक्षा व विवाह के लिए स्वयं वित्तीय सहायता कर सके।कार्यक्रम को सफल बनाने में धीरज बंसल, श्रींजय मेवाड़, आशुतोष बेरलिया, आशीष अग्रवाल, निलिंद अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, संतोष गोकुलका, निखिल अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, रौनक अग्रवाल, रितिक परसरामपुरिया, डॉ नीति बेरेलिया, मनीषा अग्रवाल, लवली अग्रवाल आदि का सहयोग रहा।

## उरीमारी पुलिस ने टीपीसी के दिवाकर गंझू दस्ते के उग्रवादी सनोज गंझू को पकड़ने में पाई सफलता



**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र के उरीमारी स्थित न्यू बिरसा आउटसोर्सिंग कोल डिपो व खदान के समीप में गोलीबारी व वाहनों में तोड़फोड़ व आगजनी घटना में शामिल टीपीसी उग्रवादी दिवाकर गंझू दस्ते के सक्रिय सदस्य सनोज गंझू को पकड़ने में उरीमारी ओपी प्रभारी रथू उरांव व उनकी टीम ने सफलता पाई है। वहीं उग्रवादी सनोज गंझू उम्र 22 वर्ष पिता एकलू गंझू को उरीमारी पुलिस ने उरीमारी ओपी क्षेत्र के देवगढ गांव से गिरफ्तार कर उसे न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया है। बता दें कि विगत कुछ महीनों पूर्व ही न्यू बिरसा आउटसोर्सिंग में हथियार से लैस उग्रवादियों ने लेवी कि मांग को लेकर आउटसोर्सिंग कंपनी में चल रहे जेसीबी मशीन को आग के हवाले कर तीन हाइवा में तोड़फोड़ कर आगजनी घटना को अंजाम दिया गया था। वहीं सनोज गंझू टीपीसी उग्रवादी दिवाकर गंझू दस्ते का सक्रिय सदस्य भी था। वहीं उरीमारी ओपी प्रभारी रथू उरांव ने बताया कि उरीमारी देवगढ़ में अवैध दामोदर नदी बालू घाट से खनन में सनोज गंझू टीपीसी का धोस देकर बालू से पैसा का उगाही करता था। वहीं उग्रवादी सनोज गंझू को पकड़ने में ओपी प्रभारी रथू उरांव सहित सहस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## जिला उद्योग केंद्र द्वारा किए जा रहे कार्यो की उपायुक्त ने की समीक्षा



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला उद्योग केंद्र रामगढ़ द्वारा किए जा रहे कार्यों को लेकर सोमवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र रामगढ़ श्री शंभू शरण बैठा द्वारा संचालित योजनाओं पीएमईजीपी लक्ष्य 72 के विरूद्ध 76 स्वीकृति पीएमएफएमई एवं पीएम विश्वकर्मा से संबंधित प्राप्त आवेदनों की स्वीकृति एवं लाभूको को हुए भूगतान तथा लंबित आवेदनों की सुचना उपायुक्त को दी गई। उक्त के संबंध में उपायुक्त द्वारा निर्देश दिया गया कि पीएमएफएमई मे जो भी मामले किसी कारणवश लंबित है का निष्पादन जल्द से जल्द किया जाए साथ ही पीएम विश्वकर्मा योजना में ग्राम प्रधान के स्तर से आवेदन अग्रसारित करने में विलंब होने की वजह से पीएम विश्वकर्मा योजना अंतर्गत बहुत आवेदन अभी तक लंबित है उक्त के आलोक में निर्देश प्राप्त हुआ है कि ऐसे ग्राम को चिन्हित करते हुए उक्त के प्रखंड विकास पदाधिकारी को उपायुक्त के माध्यम से क्रियान्वयन हेतु पत्र प्रेषित किया जाए। इस दौरान महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र हजारीबाग सह रामगढ़, परियोजना प्रबंधक जिला उद्योग केंद्र हजारीबाग, अग्रणी जिला प्रबंधक रामगढ़, ईओडीबी मैनेजर रामगढ़, बैंक प्रतिनिधियों सहित अन्य उपस्थित थे।

### मांडू सांसद प्रतिनिधियों संग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि ने किया अहम बैठक, जनहित में कार्य में तेजी लाने हेतु दिए कई टिप्स



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के निर्देश पर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह ने रामगढ़ जिले के सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल की उपस्थिति में मांडू विधानसभा क्षेत्र के सभी सांसद प्रतिनिधियों का एक अहम बैठक सीसीएल जीएम कार्यालय सभागार चरही में आयोजित किया। जिसमें सांसद मनीष जायसवाल द्वारा क्षेत्र में चलाए जा रहे विभिन्न सेवा कार्य, उनके आने वाले क्षेत्र दौरे और विकास कार्यो से संबंधित आगामी कार्यक्रम को लेकर विस्तृत चर्चा- परिचर्चा हुई। मौके पर विशेष रूप से बैठक में मांडू विधानसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि द्वारिका सिंह उर्फ़ खोखा सिंह, मांडू विधानसभा सह- प्रतिनिधि पुरुषोत्तम सिंह, मांडू विधानसभा क्षेत्र की सांसद मीडिया प्रतिनिधि रीमा कुमारी, मांडू मंडल सांसद प्रतिनिधि विवेक गुप्ता, आरा मंडल सांसद प्रतिनिधि अरविंद कुमार प्रसाद, टाटीझरिया सांसद प्रतिनिधि संतोष मंडल, विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल सांसद प्रतिनिधि रवींद्र कुमार वर्णवाल उर्फ़ दीपू, चुरचू मंडल सांसद प्रतिनिधि फुलेश्वर महतो मौजूद रहें ।

## शैक्षणिक संस्थान के 100 गज के दायरे में नहीं बिकेंगे तंबाकू उत्पाद : सिवल सर्जन रामगढ़

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के आदेशानुसार तथा असैनिक शल्य चिकित्सक डॉ महालक्ष्मी प्रसाद एवं जिला नोडल पदाधिकारी डॉ तूलिका




रानी के निर्देशानुसार जिले मे COTPA, 2003 अंतर्गत छापेमारी जारी है। सिविल सर्जन ने कहा की हमारे युवा को तंबाकू से बचाना बहुत ही जरूरी है क्योंकि तंबाकू कंपनियां स्कूल कॉलेज के बच्चों को अपना टारगेट बनाते हुए अपना उत्पाद विक्री करवा रही है। जिले के सभी दुकानदार जो तंबाकू उत्पाद का विक्री करते है उन्हे अपने तंबाकू विक्री स्थल पर निम्न साइनेज 2 फुट म 1.5 फुट का प्रदर्शन करना अनिवार्य है साइनेज नहीं होने की स्थिति में अर्थदंड लिया जाएगा। सभी होटल मॉल पेट्रोल पंप और अन्य कार्यालय को धूम्रपान निषेध का साइनेज 2 फुट म 1.5 फुट का लगाना अनिवार्य है साइनेज नहीं पाए जाने की स्थिति में 200 रुपये का अर्थदंड अनिवार्य रूप से लिया जाएगा। तंबाकू नियंत्रण परामर्शी बिनय शर्मा के द्वारा बताया गया की सार्वजनिक स्थल पर धूम्रपान करना निषेध है। इसका कारण भी है क्योंकि कोई भी व्यक्ति जब सिगरेट और बीड़ी का सेवन करता है तो अपने आस-पास के लोगों को भी प्रभावित करता है। इसे अप्रत्यक्ष धूम्रपान कहा जाता है जिसमे कोई व्यक्ति न चाहते हुए भी सिगरेट बीड़ी के धुएं से ग्रहण करता है। सिगरेट बीड़ी का धुआँ लोगों में हृदय रोग को बड़ी तेजी से से बढ़ा रहा है। तंबाकू का कोई भी पदार्थ का सेवन हृदय को कमजोर करता है और हृदय संबंधित बीमारी होता है। टी बी, अस्थमा, अलसर, तथा कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी तंबाकू के सेवन करने वालों को हो रही है। तंबाकू से स्नायुबल कमजोर होता है जिसके कारण लोगों में कार्य करने की क्षमता में कमी आ रही है। किसी भी शैक्षणिक संस्थान के 100 गज के दायरे में कोई भी दुकानदार द्वारा तंबाकू उत्पाद बेचना वर्जित है अन्यथा कानूनी कारवाई की जाएगी।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला सीएसआर समिति की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** सोमवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला सीएसआर समिति की बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान उपायुक्त द्वारा जिंदल स्टील पावर लिमिटेड, सीसीएल सहित अन्य एजेंसी से उनके द्वारा सीएसआर के तहत किए जा रहे हैं कार्यों की जानकारी ली गई। साथ ही उनके वार्षिक कार्य योजना की विस्तृत जानकारी लेने के क्रम में उपायुक्त द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। गर्मी के मौसम के मद्देनजर उपायुक्त द्वारा सभी सीएसआर एजेंसी को उनके क्षेत्र में स्थित ग्रामीण सहित अन्य क्षेत्रों में टैंकर आदि के माध्यम से जलापूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने विगत 5 वर्षों में रामगढ़ जिले के खिलाड़ियों द्वारा राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने अथवा विजयी होने वाले खिलाड़ियों को चिन्हित कर उन्हें सीएसआर के माध्यम से खेल किट सहित मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। गर्मी के मौसम को देखते हुए उपायुक्त ने जलापूर्ति समस्याओं को लेकर जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष गठित करने एवं नियंत्रण कक्ष को प्राप्त जलापूर्ति समस्याओं को निष्पादित करने को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी सीएसआर एजेंसी को उनके उनके क्षेत्र में स्थित सरना स्थल, कब्रिस्तान आदि की चारदीवारी कराने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान सिविल सर्जन, प्रभारी पदाधिकारी विकास शाखा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारियों सीएसआर एजेंसी के प्रतिनिधियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## पहलगाम आंतकवादी को लेकर मुख्या संग के द्वारा श्रद्धांजलि दिया गया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडू :** रामगढ़ सोमवार के दिन मांडू प्रखंड मुख्यालय में पहलगाम मे हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों को मांडू प्रखंड कार्यालय के कर्मचारी सहित मुखिया संघ के लोगों ने श्रद्धांजलि दिया वही श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मांडू प्रखंड के विभिन्न पंचायत के मुखिया? एवं मुखिया पति भी शामिल हुए मारे गए लोगों कि आत्मा के शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दिया गया इस आतंकी हमले का कड़ी निंदा करते हुए आतंकियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने को लेकर मोदी सरकार से मांग किया गया है ।

## रामगढ़ विधायक ममता देवी ने रिम्स में इलाजरत पायल कुमारी से मिलकर जाना हालचाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** रामगढ़ विधायक ममता देवी रांची के रिम्स अस्पताल पहुंचीं, जहां उन्होंने आत्मदाह के प्रयास में गंभीर रूप से झुलसी रामगढ़ महतो जराटोला निवासी पायल कुमारी का हालचाल लिया। पायल कुमारी वर्तमान में रिम्स में चिकित्सकों की देखरेख में उपचाराधीन हैं। साथी ही बेहतर इलाज के लिए रिम्स अधिक्षक से मिली। विधायक ममता देवी ने पायल कुमारी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की और अस्पताल प्रशासन से बेहतर इलाज सुनिश्चित करने का आग्रह किया। उन्होंने पायल के परिवारजनों से मुलाकात कर उन्हें हरसंभव सहायता का आश्वासन भी दिया।साथ ही व्हीलचेयर की विधायक ने व्यवस्था कराया।इस अवसर पर विधायक ने कहा कि पायल कुमारी को न्याय दिलाने के लिए प्रशासन से पूरी संवेदनशीलता और तत्परता के साथ कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया है। सम्मान के लिए वे हमेशा प्रतिबद्ध रही हैं और पायल कुमारी के परिवार के साथ हर कदम पर खड़ी रहेंगी। मौके पर दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश आदि

## चित्रगुप्त महापरिवार की हुई बैठक, दिवंगत सदस्यों को दी गई श्रद्धांजलि



**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गोला चित्रगुप्त मंदिर में चित्रांश महापरिवार गोला की मासिक बैठक हुई। ज्ञात हो की महापरिवार की बैठक प्रत्येक महीने के अंतिम रविवार को होती है। इस बैठक में सभी चित्रांश वक्ताओं ने एक स्वर में पहलगाम आतंकी हमले की तीव्र भर्तस्ना की तथा सरकार से माँग की कि घटना के दिवंगत पर्यटकों के बहे लहु का बदला लिया जाय। आतंकी घटना को अप्रत्यक्ष रुप से समर्थन करने वाले पड़ोसी देश को सबक सिखाने का आह्वान किया गया ताकि भविष्य में इस तरह की घटना को अंजाम देने की हिमाकत ना कर सके।मौके पर चित्रांश महापरिवार के अध्यक्ष सनत कुमार सिन्हा, सचिव रविन्द्र कुमार सिन्हा, उपाध्यक्ष अजीत कुमार सिन्हा, धिरेन्द्र नारायण बक्शी, आधार कुमार, लाला चन्द्रमोहन, दीपक कुमार सिन्हा, सुमन कुमार सिन्हा, कुँवर कुमार बक्शी, प्रदीप चन्द्र लाला, संजय बक्शी, प्रीतम सिन्हा, सुजीत सिन्हा, रजनीश आनंद, श्रीकांत गोविंद, अभय कुमार सिन्हा, अभिषेक कुमार सिन्हा, अनुप कुमार सिन्हा, मनोज कुमार सिन्हा, शैलेंद्र सिन्हा, विरेन्द्र सिन्हा, संदीप लाला, संदीप बक्शी, आनंद बक्शी, जितेंद्र बक्शी, जीवन बक्शी,विक्की सिन्हा, प्रवीण बक्शी सहित कई चित्रांश शामिल थे।

## निर्दोषों की हत्या मानवता पर हमला, पाकिस्तान को सबक सिखाना जरूरी सुधीर मंगलेश



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुलमी प्रखंड के बुध बाजार सिरु में पलगमा क्षेत्र में हाल ही में घटित वीभत्स आतंकी हमले में निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्या ने समूचे क्षेत्र को गमगीन कर दिया है। इस हृदय विदारक घटना के विरोध में एवं मृतकों की आत्मा की शांति के लिए दुलमी प्रखंड बीस सूत्री कार्यक्रम के अध्यक्ष सुधीर मंगलेश के नेतृत्व में कैंडल जलाकर कर शहीद हुए निर्दोष जनों को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा यह घटना मानवता पर सीधा आघात है। हम सभी इस जघन्य कृत्य की घोर निंदा करते हैं और केन्द्र सरकार से मांग करते हैं कि दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने आगे कहा कि इस प्रकार की घटनाओं से भयभीत होने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि एकजुट होकर समाज को मजबूत करने का समय है। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की और आतंकवाद के खिलाफ एकजुट रहने का संकल्प लिया। मौके पर उतम कुमार रुकेश कुमार सुमित कुमार विकास कुमार अजय कुमार शुभम कुमार रिंकू कुमार राहुल कुमार अनुज कुमार सचिन महतो आदि।

### अल्पसंख्यक महासचिव साबीर अंसारी के पुत्र के शादी समारोह में शामिल हुई अल्पसंख्यक कांग्रेस ज़िला अध्यक्ष ज़ोया परवीन जी



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रामगढ़ ज़िला कांग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक विभाग के ज़िला महासचिव साबीर अंसारी के पुत्र के शादी समारोह में शामिल हुई अल्पसंख्यक ज़िला अध्यक्ष ज़ोया परवीन जी इस दौरान शादी समारोह में अल्पसंख्यक कांग्रेस कमिटी के पदाधिकारी इलयास अंसारी, रियासत ख़ान, मो आशिक़, अनीसूल हक़, नासिर ख़ान, नज़रुल अंसारी, शमीम शैख़, मो तौशीफ़, महताब अंसारी, गुड्डु, इम्तियाज़ अंसारी सहित कई कांग्रेस के कार्यकर्ता शामिल हुए।

## राधा गोविंद विश्वविद्यालय में संयुक्त उद्यम जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

○ विश्वविद्यालय के सभी कर्मचारियों को ईपीएफओ निधि आपके निकट 2.0 की विस्तृत जानकारी दी गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** सोमवार को राधा गोविंद विश्वविद्यालय के सेमिनार हॉल में संयुक्त उद्यम जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सेवानिवृत कर्मचारियों को बचत करने के लिए प्रोत्साहित करना।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रांची के ईपीएफओ डीएनओ एस शिव प्रकाश, ईएसआईसी ब्रांच मैनेजर रामगढ़ के अवध कुमार एवं रांची के सीनियर सिक्योरिटी असिस्टेंट ईपीएफओ राम नरेश प्रसाद उपस्थित थे। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह, सचिव प्रियंका कुमारी, प्रति कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार ने सभी अतिथियों का हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत किए।अवध कुमार ने बताया कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन भारत सरकार द्वार स्थापित एक वैधानिक निकाय है। इसके अंतर्गत तीन योजनाओं का प्रबंध करता है। कर्मचारी भविष्य निधि योजना,कर्मचारी जमा लिंक्ड बीमा योजना और कर्मचारी पेंशन योजना।कर्मचारियों को ईपीएफओ के द्वारा , मेडिकल सेवाएं , सेवानिवृत के लिए बचत योजनाएं से संबंधित विस्तृत जानकारी और सुझाव भी दिए। मौके पर विश्वविद्यालय के संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष व्याख्यातगण एवं सैकड़ों कर्मचारी उपस्थित रहे।

## शारीरिक शिक्षा विभाग ने भव्य इन्ट्राम्यूरल समापन समारोह 2024-25 का आयोजन किया

○ यह आयोजन हमारे विश्वविद्यालय की मजबूती और एकता का प्रतीक है : सचिव प्रियंका कुमारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** राधा गोविंद विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग शैक्षणिक सत्र 2024ङ्क25 के विद्यार्थियों द्वारा इन्ट्राम्यूरल समापन समारोह का आयोजन एक भव्य संध्या कार्यक्रम के रूप में बड़े उत्साह और जोश के साथ किया। इस कार्यक्रम में छह हाउस – मिल्खा सिंह हाउस, मेजर ध्यानचंद हाउस, सुभाष चंद्र बोस हाउस, भगत सिंह हाउस तथा बालिका वर्ग में रानी लक्ष्मीबाई हाउस और मदर टेरेसा हाउस ने भाग लिया।सभी हाउसों ने अद्भुत खेल भावना और उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिचय दिया। विद्यार्थियों की ऊर्जा, समन्वय और समर्पण देखने लायक था।प्रतियोगिता में कड़े मुकाबले के बाद, मिल्खा सिंह हाउस ने बालक वर्ग में विजेता का खिताब जीता, जबकि मेजर ध्यानचंद हाउस उपविजेता रहा। इसके अलावा प्रदीप कुमार , योतेंद्र मंडल और राजू साव के अथक प्रयासों ने कार्यक्रम को अत्यंत सुंदर और सफल बनाया।विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि ने कार्यक्रम की प्रशंसा की और हार्दिक बधाई दी।कुलसचिव प्रो डॉ निर्मल कुमार मंडल ने कहा की इन्ट्राम्यूरल समापन समारोह 2024ङ्क25 को राधा गोविंद विश्वविद्यालय के खेल एवं सांस्कृतिक जीवन में एक सुनहरे अध्याय के रूप में हमेशा याद किया जाएगा।मौके पर विश्वविद्यालय के वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो डॉ अशोक कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार,विभिन्न विभागों के व्याख्यागण एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## रामगढ़ विधायक ममता देवी ने पेयजल समस्या को लेकर की त्वरित कार्रवाइ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** रामगढ़ जिले में बढ़ती गर्मी के कारण उत्पन्न हो रही पेयजल समस्याओं को लेकर रामगढ़ विधायक आदरणीय ममता देवी ने गंभीर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, रामगढ़ के कार्यपालक अभियंता का पद रिक्त होने के कारण विभागीय कार्य प्रभावित हो रहे हैं, जिससे आम जनता को पानी की उपलब्धता में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।विधायक ममता देवी ने पेयजल मंत्री महोदय से मुलाकात कर रामगढ़ में स्थायी रूप से कार्यपालक अभियंता की अविलंब पदस्थापना की मांग की है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में जनता को निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी प्रकार की कोताही अस्वीकार्य है।विधायक ने भरोसा दिलाया कि जनहित के मुद्दों पर वे सदैव सक्रिय रहकर कार्य करती रहेंगी और रामगढ़ की जनता को हर आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## रैलीगढा में ई-आक्शन डीओ लगाने की मांग को ले भाकपा माले कार्यकर्ताओं ने अनिश्चितकालीन ट्रांस्पोटिंग किया ठप

○ प्रबंधन रेलीगढा कोलियरी मे ई-आक्शन की लगाये डीओ नही तो आंदोलन रहेगा जारी : राजेंद्र गोप



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्दी :** अरगडा प्रक्षेत्र के रेलीगढा कोलियरी मे पुर्व घोषित कार्यक्रम के तहत भाकपा माले कार्यकर्ताओं ने ई-आक्शन के डीओ की मांग को लेकर सुबह से कोलियरी का ट्रांस्पोटिंग ठप कर दिया है। भाकपा माले नेता व कार्यकर्ताओ ने रेलीगढा चेकपोस्ट के समीप केंद्र सरकार विरोधी नारेबाजी की। मौके पर भाकपा माले के राजेंद्र गोप व आरडी मांझी ने कहा रेलीगढा लोकल सेल कई दिनो से बंद पडी हुई है। क्षेत्र के हजारो मजदूरो के समक्ष जीविकोपार्जन की समस्या उत्पन्न हो रही है। सीसीएल प्रबंधन मूकदर्शक बनी हुई है। प्रबंधन की नकारात्मक रवैये के कारण हजारो लोकल सेल मजदूरो को बेरोजगार के साथ-साथ पलायन करने को विवश है। कहा कि प्रबंधन यदि मजदूरो की मांगो पर पुनर्विचार नही करती है तबतक अनिश्चितकालीन आंदोलन जारी रहेगा। वहीं भाकपा माले नेता पच्चू राणा, शहीद अंसारी, सोहराय किस्कू, कैलाश महतो, इस्लाम अंसारी, उमेश राम, मनीष यादव, कौलेश्वर रजवार व सुंदरलाल बेदिया ने संयुक्त रूप से कहा कि लोकल सेल 40 वर्षो से नियम संगत के तहत संचालित थी जिसमे 248 दंगल के हजारों मजदूर लोडिंग कर अपनी भुख की प्यास बुझा रहे थे जो अब मजदूरों के समक्ष रोजगार के लिए कठिन चुनौतियां झलक रही है। वक्ताओ ने कहा कि प्रबंधन मजदूरो की मांगो पर सकारात्मक पहल करे अन्यथा अभी यह सिर्फ ट्रांस्पोटिंग ठप आंदोलन है आगे सडक से सदन तक आंदोलन बाकी है। मजदुरो ने अनिश्चितकालीन आंदोलन का बिगूल फुंक दिया है यदि प्रबंधन सार्थकपहल नही किया तो आगे आंदोलन जारी रहेगा। अनिश्चितकालीन ट्रांस्पोटिंग बंदी मे राजेन्द्र गोप, अमृत राणा, मनीष किस्कु, राम किशुन मुर्मू, मनीष यादव, युनूस अंसारी, लालदेव महतो, जगमोहन महतो, ललित महतो, दशरथ करमाली, गोपाल राम, हरी प्रसाद, महेश बेदिया, चरकु तुरी, सुरज कुमार, फागू बेदिया, धनंजय सिंह, कैलाश महतो, जैनुल अंसारी, हरखू बेदिया, धनराज महतो, धनु महतो, कजरी देवी, मंझला मांझी, दिनेश वेदिया, बहादुर बेदिया, हरखु बेदिया, चैतन बेदिया, शिवदयाल बेदिया, सुखराम बेदिया सहित कई लोग मौजूद थे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## कोल्हापुर-धनबाद-कोल्हापुर एक्सप्रेस का परिचालन अत्याधुनिक एलएचबी कोच से होगा

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रेलवे द्वारा यात्रियों की यात्रा को और ज्यादा सुरक्षित एवं आरामदायक बनाने की दिशा में एक और कदम उठाते हुए गाड़ी सं. 11045/46 कोल्हापुर-धनबाद-कोल्हापुर एक्सप्रेस का परिचालन आईसीएफ कोच के स्थान पर अत्याधुनिक एलएचबी कोच से किया जाएगा जिनका विवरण इस प्रकार है - दिनांक 04.07.25 से कोल्हापुर से खुलने वाली गाड़ी संख्या 11045 कोल्हापुर-धनबाद एक्सप्रेस, दिनांक 07.07.25 से धनबाद से खुलने वाली गाड़ी संख्या 11046 धनबाद-कोल्हापुर एक्सप्रेस 7 उपरोक्त ट्रेनों में साधारण श्रेणी के 04 कोच, शयनयान श्रेणी के 07 कोच, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 05 एवं द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी के 02 कोच होंगे एलएचबी कोच यात्रियों को अपेक्षाकृत अधिक आरामदायक यात्रा का अनुभव प्रदान कराता है । स्टेनलेस स्टील से निर्मित बेहतर आंतरिक सज्जा युक्त उच्च गति क्षमता वाले अत्याधुनिक एलएचबी कोच आईसीएफ कोच की तुलना में वजन में हल्के और मजबूत होते हैं। कोच बेहतर ब्रेकिंग सिस्टम व सस्पेंशन के साथ-साथ बेहतर आंतरिक सज्जा व शौचालय युक्त होते हैं। फलस्वरूप एलएचबी कोच युक्त ट्रेनों से यात्रा अपेक्षाकृत अधिक संरक्षित, सुरक्षित व आरामदायक होती है। उक्त सारी बातें वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक, धनबाद एवं वरीय जनसंपर्क अधिकारी मोहम्मद इकबाल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही।

## एस.जे.ए.एस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल ने लगाया नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर




**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सर्वधर्म मेलजोल अभियान के अंतर्गत एस.जे.ए.एस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा भूली थाना ग्राउंड में एक निश्शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में सैकड़ों लोगों ने भाग लिया और विभिन्न रोगों की जांच व परामर्श प्राप्त किया।स्वास्थ्य शिविर में अनुभवी चिकित्सकों की टीम ने उपस्थित लोगों की बीपी, शुगर, हृदय, नेत्र एवं अन्य रोगों की जांच की और उन्हें उचित परामर्श दिया। शिविर का उद्देश्य समाज के सभी वर्गों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना और जनजागरूकता फैलाना था।एस.जे.ए.एस हॉस्पिटल के प्रतिनिधियों ने बताया कि इस प्रकार के शिविर भविष्य में भी विभिन्न स्थानों पर आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से गरीब और जरूरतमंद लोगों को बहुत लाभ होता है, जो नियमित रूप से अस्पताल नहीं जा पाते।

## अंतरराष्ट्रीय हिंदी परिषद के राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष बने बिकास कुमार पाठक



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सुरेश चंद्र तिवारी की अध्यक्षता में अंतर्राष्ट्रीय हिंदी परिषद की एक बैठक बजरंग विहार कालोनी धनबाद में सम्पन्न हुई। जिसमें अंतर्राष्ट्रीय हिंदी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह संस्थापक जिन्होंने हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने का एक ऐतिहासिक अभियान चला रखें हैं ने एक कर्मठ,योग्य,प्रखर बुद्धि के नेतृत्व कर्ता बिकास कुमार पाठक को सर्व सम्मति से राष्ट्रीय यूवा अध्यक्ष मनोनीत किये हैं। बैठक में चयनित बिकास कुमार पाठक को सभी ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दिया,साथ ही हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष सह संस्थापक हृदय नारायण मिश्रा के प्रति सभी ने आभार व्यक्त किया। मौके पर स्टेट वार कौंसिल एक्स्क्युटिव कमिटी के को चेयरमैन राधेश्याम गोस्वामी, डा.निलम मिश्रा,मुख्य सचेतक भवानी बंदोपाध्याय, भागवत प्रसाद पाण्डेय,सर्वानन्द ओझा, प्रदेश संरक्षक रविन्द्र तिवारी, प्रदेश महासचिव बलराम उपाध्याय, राजलक्ष्मी देवी, अनुपमा तिवारी, वरिष्ठ अधिवक्ता सह हिंदी परिषद के जिला संयोजक मोतीलाल त्रिवेदी, दीपक पाठक सोशल मिडिया प्रभारी,करण बजरंगी, वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण वर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता परवेज आलम तथा प्रदेश संगठन महामंत्री दीपक प्रसाद आदी उपस्थित हुए।

## श्रीराम प्लाजा में अल्टीमेट बुटीक का पूर्व महापौर ने किया उद्घाटन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बैंक मोड़ स्थित श्रीराम प्लाजा के ग्राउंड फ्लोर में अल्टीमेट बुटीक वन स्टेप सॉल्यूशन फॉर फैशन एंड ब्यूटी का उद्घाटन पूर्व महापौर चंद्रशेखर अग्रवाल ने फीता काट कर किया। चंद्रशेखर अग्रवाल ने कहा की धनबाद के हृदय स्थली में स्थित अल्टीमेट ब्यूटी के आकर्षक और लेटेस्ट कलेक्शंस महिलाओं को पसंद आएगी शोरूम की सबसे खास खूबी साथ में टेलरिंग की भी व्यवस्था है जिससे कपड़े खरीदने के बाद त्वरित रूप से बनेंगे। उन्होंने अल्टीमेट कलेक्शंस के ब्यूटी कुमारी को लेटेस्ट परिधानों से युक्त शोरूम में धनबाद की युवतियों एवं महिलाओं को लेटेस्ट एवं फैशनेबल कपड़ों की सेवा उचित मूल्य में देने के लिए बधाई दी। प्रतिष्ठा की उम्र ब्यूटी कुमारी ने बताया हमारे शोरूम में युवतियों एवं महिलाओं के लिए सूरत मुंबई समेत अन्य शहरों के आज के ट्रेंड के खूबसूरत आकर्षक चुनिंदा सूट के कपड़े, साड़ियां एवं अन्य परिधान उपलब्ध है जो हमने विशेष तौर पर सेलेक्ट करके शोरूम में रखा है। जो देखते ही महिलाओं को पसंद आ रही है। और साथ ही धनबाद की महिलाओं एवं युवतियों से आग्रह किया कि एक बार शोरूम में आए कपड़े देखें, परखें तब खरीदें। अभिषेक सिन्हा, गौतम विधायक, चंदन सिंह सनी, जीतू राय समेत अन्य अतिथि एवं ग्राहक उपस्थित थे।

## बकाये वेतन का भुगतान की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आयुष्मान आरोग्य मंदिर के कर्मियों को चार महीने से वेतन नहीं मिला है। बकाये वेतन का भुगतान की मांग को लेकर सोमवार को विरोध प्रदर्शन किया। यह विरोध प्रदर्शन निगम कार्यालय पर किया गया। कर्मियों ने बताया कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर के वार्ड कर्मियों तहरू स्क्कु गार्ड एवं क्लीनर का चार माह का वेतन बकाया हैं. वेतन नहीं मिल पाने की स्थिति में कर्मी आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहे हैं. घर परिवार चलाना भी मुश्किल हो गया है. साथ ही यह भी बताया कि उन्हें समय से वेतन नहीं मिलता हैं. काम के घंटे छह से बढ़ाकर 8 घंटे कर दिया गया है .धनबाद में आयुष्मान आरोग्य मंदिर के कुल 30 सेंटर है. जिनमे लगभग डेढ़ सौ कर्मी आउट सोर्स कंपनी के अधीन कार्यरत हैं. कंपनी को परेशानी बताने पर काम से निकाल दिए जाने कि भी धमकी मिलती है. बता दें कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर, भारत सरकार की आयुष्मान भारत योजना के तहत स्थापित स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र है।

# एसएसपी के नेतृत्व में मासिक अपराध समीक्षा बैठक का आयोजन

- ⇨ संगठित अपराध के रोकथाम व फरार गैंगस्टर्स की जल्द गिरफ्तारी के निर्देश
- ⇨ सभी दुकान, मॉल, बाजार, अपार्टमेंट व भीड़ भाड़ वाले इलाके में सीसीटीवी कैमरा लगवाने का निर्देश
- ⇨ महिला सुरक्षा व पॉक्सो से जुड़े मामलों में जल्द पुख्ता कर्रवाई का निर्देश लंबित मामलों में चार्जशीट दायर करने एवं थाना क्षेत्र में गश्त बढ़ाने का निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** जिला पुलिस मुख्यालय स्थित सभागार में वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन के नेतृत्व में मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई जिसमे सभी वरीय पदाधिकारी समेत थाना प्रभारी व ओपी प्रभारी मौजूद थे द्यसमाहरणालय परिसर में आयोजित बैठक के दौरान कई महत्पूर्ण विषयों पर चर्चा की गयी द्य बैठक के दौरान एसएसपी महोदय द्वारा पुलिस अधिकारियो को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि विभिन्न थानों में दर्ज़ लंबित मुक़दमों की जांच में तेजी लाई जाए और यथाशीघ्र सभी मामलों की चार्जशीट समर्पित की जाए इसके अतिरिक्त एसएसपी द्वारा दुष्कर्म, महिला व बाल उत्पीड़न एवं पोक्सो एक्ट के तहत दर्ज़ मामले को गंभीरता पूर्वक निर्धारित अवधि में जांच पूरी कर रिपोर्ट समर्पित करने का निर्देश दिया गया। महिला सुरक्षा को लेकर सभी थानों को बेहद संवेदनशील रहने को कहा गया।एसएसपी ने जिले में हालिया घटित संगठित अपराध से जुड़े मामलों पर गहनता से समीक्षा करते हुए फरार अपराधियों व सभी गैंगस्टर की गिरफ़्तारी जल्द सुनिश्चित करने हेतु कार्रवाई को तेज करने का निर्देश दिया।जिले में बढ़ते साइबर अपराध पर चिंता जताते हुए महोदय ने साइबर सेल को इन वारदातों में संलिप्त अपराधियों की पहचान सुनिश्चित करते हुए उनकी गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई को तेज करने का निर्देश भी दिया। साइबर अपराध से बचाव हेतु आम जन के बीच जागरूकता अभियान के तहत नागरिकों को जागरूक करने पर भी जोर देने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही न्यायालय द्वारा निर्गत वारंट व कुर्की के आदेश को यथाशीघ्र तमिल करने का निर्देश सभी थाना प्रभारी को दिया गया।उन्होंने बैठक में अधिकारियों को कानून व्यवस्था को पुख्ता और प्रभावी बनाने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने थानों में पेंडेंसी कम करने, भगोड़े अपराधियों की धरपकड़ तेज करने सहित मादक पदार्थों, मवेशियों की तस्करी करने वालों पर कठोर कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। साथ ही सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में अभियान चलाकर लॉटरी, जुआं, सट्टा, अवैध शराब व मादक पदार्थों की बिक्री के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने सहित यातायात नियमों के उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के भी निर्देश दिए। एसएसपी ने सभी पुलिस पदाधिकारियों को पुलिस की पाठशाला जागरूकता अभियान के तहत शिक्षा के प्रसार प्रचार करने, नए कानून के बारे में लोगों को जागरूक करने, साइबर अपराध व सडक सुरक्षा के रोकथाम हेतु प्रचार प्रसार करने एवं डायन बिसाही व अन्धविश्वास को समाज से दूर करने के लिए जागरूकता अभियान पर जोर देने को कहा।समीक्षा बैठक में एसएसपी हृदीप पी जनार्दनन, एसपी सिटी अजीत कुमार, ग्रामीण एसपी कपील चौधरी, डीएसपी मुख्यालय 2 धीरेन्द्र नारायण बंका, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी निरसा रजत मणिक बाखला, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिंदरी आशुतोष सत्यम, डीएसपी सीसीआर सुमित कुमार, डीएसपी ट्रैफिक अरविन्द सिंह, डीएसपी मुख्यालय वन शंकर कामती समेत तमाम पुलिस निरीक्षक, जिले के सभी थाना प्रभारी व ओपी प्रभारी मौजूद थे।

## संप्रेषण गृह में जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने लगाया जागरूकता शिविर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**धनबाद :** बच्चें देश के भविष्य हैं जिनमें प्रतिभाओ की कमी नहीं है इनके अंदर छिपी प्रतिभाओं को निखारने की जरूरत है। उक्त बातें जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सह अवर न्यायाधीश मयंक तुषार टोपनो ने कही। सोमवार को वे धनबाद के बरमसिया स्थित संप्रेषण गृह के बाल बंदियों से रूबरू होने एलएडीसीएस के चीफ कुमार विमलेंदु एवं डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट के साथ पहुँचे थे। निरीक्षण के दौरान बाल बंदियों ने न्यायाधीश को अपनी समस्याएं बताई। जिसके बाद न्यायाधीश ने उन समस्याओं के निराकरण के लिए संप्रेषण गृह प्रशासन को निर्देश दिया। उन्होंने आश्वस्त किया कि जो भी समस्याएं है उसका निराकरण त्वरित गति से किया जाएगा। वहीं संप्रेषण गृह में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।इस अवसर पर किशोर न्याय बोर्ड के प्रधान न्यायिक दंडाधिकारी नूतन एक्का, सदस्य पूनम सिंह, अजय कुमार, व एलएडीसीएस की टीम द्वारा बच्चों को विभिन्न तरह की कानूनी जानकारियां जिसमें किशोर की निर्दोषता की अवधारणा, गरिमा और स्वाभिमान, सुने जाने का अधिकार, सर्वोत्तम हित, पारिवारिक उत्तरदायित्व, सुरक्षा का सिद्धांत, कलंकित न करने वाले शब्द, निर्णय और कार्रवाई, अधिकारों के अभित्यजन तथा अन्य सिद्धांतों पर चर्चा की गई।शिविर में किशोर न्याय अधिनियम 2015, बाल श्रम अधिनियम 1986, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।शिविर में खोए हुए, सड़क पर के कामकाजी बच्चे, बाल मजदूरी, अवैध व्यापार से पीड़ित, दुरुपयोग किए हुए, उपेक्षित एवं त्यागे हुए बच्चे, प्राकृतिक आपदा से ग्रसित, निशक्त, एचआईवी से ग्रसित, अनाथ, बाल विवाह से पीड़ित, मनुष्य द्वारा विपदाओं से ग्रसित बच्चे की देखभाल एवं संरक्षण पर भी चर्चा की गई।शिविर में किशोर की सामाजिक पृष्ठभूमि रिपोर्ट तैयार करने पर भी चर्चा की गई। जिसमें परिवार के सदस्यों की संख्या, व्यवसाय, मासिक आय, साक्षरता स्तर, बच्चे की शिक्षा की परिस्थिति इत्यादि पर चर्चा की गई।

## पर्यवेक्षक सुल्तान अहमद खान की उपस्थिति में बैठक आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** संगठन सृजन एवं संविधान बचाओ अभियान को लेकर पाकुड़ जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुमार सरकार की अध्यक्षता और जिला पर्यवेक्षक सुल्तान अहमद खान की उपस्थिति में एक बैठक हुई। बैठक में जिला पर्यवेक्षक ने 3 मई को रांची में प्रदेश स्तरीय आयोजित ÷संविधान बचाओ अभियान रैली÷ में हिस्सा लेने एवं निर्धारित समय पर संगठन कार्य को पूरा करने के लिए सभी पदाधिकारी एवं मोर्चा संगठन के अध्यक्ष से विस्तृत रूप से चर्चा किया। वहीं पर्यवेक्षक सुल्तान अहमद खान को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत व अभिनंदन किया। उन्होंने अपने संबोधन में संगठन सशक्तिकरण पर जोर दिया।

## डीएवी मॉडल स्कूल में विशेष प्रार्थना सभा का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**झरिया :** डीएवी मॉडल स्कूल सी.एफ.आर.आई. में एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में उच्च प्राथमिक बच्चों की उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए भव्य हवन एवं यज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल की प्राचार्या ने सर्वप्रथम महात्मा हंसराज जी महाराज के 162 वें जयंती के अवसर पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस सभा में पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों को भी श्रद्धांजलि देते हुए शोक प्रकट किया गया। इस कार्यक्रम के पश्चात सभा में विद्यालय ने अपने वुशु विजेताओं को सम्मानित किया।सभा में स्कूल की प्राचार्या महुआ सिंह ने बताया कि वुशु एक आत्मरक्षा तकनीक है। यह शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है। इसके अभ्यास से शारीरिक ताकत, गति, लचीलापन और संतुलन में सुधार होता है। यह ध्यान केंद्रित करने की क्षमता, अनुशासन और आत्म नियंत्रण को बढ़ावा देता है। दसवीं धनबाद जिला स्तरीय वुशु प्रतियोगिता दिनांक 26 और 27 अप्रैल 2025 को धनबाद के जे.सी. मलिक भवन में आयोजित किया गया था। इस प्रतियोगिता में डीएवी मॉडल स्कूल की छात्राएं बालिका वर्ग में ओवरऑल विजेता बनी। इस प्रतियोगिता में बालक और बालिका वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले छात्र हैं- ऋषभ कुमार (द्व1-८), साची कुमारी (द्व1८), नव्या कुमारी (द्व1-क्र), आंचल कुमारी (द्व×-क्र), रूपांजलि कुमारी (1द्व८), ऋेषि कुमारी (द्व×८)। रजत पदक प्राप्त करने वाले छात्र एवं छात्राएं हैं - शौर्य सोरेन (1द्व-ष), यश कुमार (1द्व८), प्रतीक पांडे (1- ष्ठ), श्रीति शर्मा (द्व1-ष्ठ)। इस सभा में पुरस्कार प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राएं बहुत खुश थे। इस सभा में खेल शिक्षक संतोष कुमार सिंह और प्रशिक्षक दिनेश यादव तथा विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं मौके पर उपस्थित थे।

## नौ नामजद आरोपियों के आवासों में इश्तेहार चिपका

**धनबाद :** चर्चित खरखरी हिलटॉप हिंसक झड़प के मामले में मधुबन पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है।मधुबन पुलिस फरार चल रहे अलग अलग मामलों के नौ नामजद आरोपी फुलारीटांड़ आशा कोठी खटाल के विनोद यादव,प्रदीप यादव, जयप्रकाश यादव,बिक्की यादव, राहुल यादव उर्फ प्राची, कमलेश यादव,मंटू यादव,सुरेंद्र यादव एबं ललन यादव के आवासों में ढोल, नगाड़े बजाकर इश्तेहार चिपकाया।उक्त पुलिसिया कार्रवाई से आरोपियों में हड़कंप मचा हुआ है।इस मौके पर मधुबन थानेदार धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि धनबाद न्यायालय के आदेश पर खरखरी जंगल में हुई गत 9 जनवरी को हिंसक झड़प,सांसद कार्यालय में तोड़फोड़ व आगजनी एवं बाघमारा डीएसपी पर जानलेवा हमला कर जख्मी किये जाने के मामले फरार चल रहे आशाकोठी खटाल में आरोपितों के आवास पर इश्तेहार चिपकाते हुए पुलिस के समक्ष हाजिर होने का आदेश दिया गया है।

**कार्यालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, राँची**
**(जिला आपूर्ति शाखा)**

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित निविदा सं०–PR 351092 दिनांक 25.04.2025 द्वारा मुख्यमंत्री दाल–भात योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 की अवधि के लिए राँची जिला में अवस्थित सभी दाल–भात केन्द्रों पर चावल, चना एवं सोयाबीन बड़ी की आपूर्ति करने हेतु अर्हता रखनेवाले इच्छुक आपूर्तिकर्त्ताओं से दिनांक 04.05.2025 को 10:30 बजे पूर्वाह्न से अपराह्न 01:00 बजे तक विहित प्रपत्र में निविदा आमंत्रित की गयी थी, जिसमें आंशिक संशोधन करते हुए दिनांक 05.05.2025 को 10:30 बजे पूर्वाह्न से अपराह्न 01:00 बजे तक विहित प्रपत्र में निविदा आमंत्रित की जाती है।
शेष शर्त/निर्देश यथावत् रहेगा। इसे इस हद तक संशोधित समझा जाय।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी, राँची
आदेशानुसार
विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी, राँची

PR 351270 (District)25-26*D

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय** Annexure 1
**लघु सिंचाई प्रमंडल, रामगढ़**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0 निविदा संख्या–WRD/MID/RAMGARH F2 - 01/2025-26 (2nd Call)

दिनांक– 28.04.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | योजना का नाम | DMFT न्यास परिषद् एवं DMFT प्रबंधकीय समिति से अनुमोदन के द्वारा स्वीकृत योजनाएँ |
| 2 | विज्ञापन दाता का नाम | कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़। |
| 3 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 30.04.2025 2:00 बजे अपराह्न |
| 4 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 06.05.2025 5:00 बजे अपराह्न |
| 5 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 08.05.2025 2:00 बजे अपराह्न |
| 6 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता<br>(ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0/ई–मेल | कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़।<br>मो0–8292457160 eemidramgarh24408@gmail.com |

| क्र० | प्रखण्ड | ग्राम/पंचायत | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 9 | दुलमी | जामसिंह | जामसिंह श्मशान घाट में शेड निर्माण। | 7,94,100.00 | 1,250.00 | 05 (पाँच) माह |

नोट– केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी
प्रकाशित निविदा के प्राक्कलित राशि में घट बड़ सकती है।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट– Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़

PR 351269 Minor Irrigation (25-26)_D

**कार्यालय नगर पंचायत, कोडरमा**
**(Mail Id:- kodermanagarpanchayat@gmail.com)**

**आम सूचना**

विभागीय पत्रांक –509 दिनांक – 21.04.2025 के आलोक में नगर पंचायत कोडरमा क्षेत्र के सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 अन्तर्गत ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित है। योग्य आवेदक PMAY (U) 2.0 के अन्तर्गत '' लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण'' हेतु निम्नलिखित लिंक अथवा QR CODE के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन समर्पित करने के उपरांत सभी संबंधित दस्तावेज नगर पंचायत कोडरमा कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

http://pmaymis.gov.in/PMAYMIS2_2024/PmayDefault.aspx

प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत् पात्रता एवं शर्ते :–
- योजना के अंतर्गत आवेदक के परिवार में पति–पत्नी एवं अविवाहित बच्चे शामिल होगें।
- आवेदक या आवेदक के परिवार के किसी भी सदस्य के नाम पर भारत के किसी भी हिस्से में कोई पक्का आवास नही हो।
- आवदेक या आवेदक के परिवार के किसी भी सदस्य ने पिछले 20 वर्शो में भारत सरकार या राज्य सरकार की किसी अन्य आवास योजना के तहत् लाभ नही लिया हो।
- आवेदक को योजना अन्तर्गत लाभ प्राप्त करने हेतु कटऑफ डेट – 01.09.2024 होना अनिवार्य है।
- आवेदक इडब्ल्यूएस श्रेणी से संबंधित हो, और सभी स्रोतो से आवेदक का वार्षिक पारिवारिक आय 3,00,000/– (मात्र तीन लाख) रूपये तक हो।

आवेदन के साथ संलग्न कागजातों की विवरणी :–
- आवेदक का आधार कार्ड की छाया प्रति।
- आवेदक के माता एवं पिता का आधार कार्ड की छाया प्रति।
- आवेदक के परिवार का आधार कार्ड की छाया प्रति।
- आवेदक का मतदाता पहचान पत्र की छाया प्रति।
- आवेदक का बैंक पासबुक की छाया प्रति।
- आय प्रमाण–पत्र की छाया प्रति।
- जाति, आवासीय प्रमाण–पत्र की छाया प्रति।
- भारत वर्ष में कहीं भी पक्का मकान नही होने का शपथ पत्र।
- भूमि स्वामित्व से संबंधित कागजात।
- अंचल कार्यालय द्वारा निर्गत भू–स्वामी प्रमाण पत्र। (यथा –खतियान, केवाला, पट्टा, बटवारानामा, रसीद इत्यादि)
- आवेदक का दो पासपोर्ट आकार का फोटो एवं परिवार के सभी सदस्यों के साथ संयुक्त फोटोग्राफ (वर्तमान मकान सहित)
- आवेदन हेतु आवेदक का एक्टिव मोबाईल नम्बर जो आधार कार्ड से लिंक होना आवश्यक है।

ह0/–
प्रशासक
नगर पंचायत कोडरमा

PR 351232 Urban Development(25-26).D

## सीएसआर के माध्यम से आधुनिक तकनीकों का प्रयोग कर ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाएं : बीके झा

# बेहतर और सशक्त भविष्य के लिये सोशल इंजीनियरिंग विषयक दो दिवसीय कार्यशाला का बगड़ू में हुआ शुभारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड, खान प्रभाग लोहरदगा में सीएसआर बॉक्साइट क्लस्टर द्वारा दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन बगडू सभागार में आज दिनांक 28 अप्रैल 2025 को शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर आदित्य वंदना के साथ सामूहिक रूप से की गई। इसके उपरान्त मानव संसाधन प्रमुख विश्वनाथ मुखर्जी की अगुवाई में सीएसआर न्यूज लेटर स्पंदन का विमोचन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन बेहतर भविष्य के लिए सामाजिक इंजीनियरिंग÷ थीम पर आधारित कार्यशाला का उद्देश्य साझा दृष्टिकोण विकसित करना, आंतरिक हितधारकों की अपेक्षाओं





को समझना तथा उत्कृष्ट रणनीतियों को तैयार करना रहा। कार्यशाला को अध्यक्ष (माइंस एवं मिनरल्स) बी.के.झा ने संबोधित किया। उन्होंने सीएसआर के माध्यम से आधुनिक तकनीकों का प्रयोग कर ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने पर मार्गदर्शन किया। कार्यशाला के आयोजन की सराहना की। कॉर्पोरेट सीएसआर प्रमुख (मुंबई) अभिजीत कुमार ने भी संबोधित करते हुए सामाजिक भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया। कार्यशाला में लोहरदगा व नेतरहाट क्लस्टर,चकला, कठोतिया, छत्तीसगढ़ के सामरी व गारेपाल्मा कोल तथा उड़ीसा के माली पर्वत बॉक्साइट खनन खनन क्षेत्रों से लगभग 30 से अधिक सीएसआर अधिकारी, विभिन्न विभागों के प्रमुख, परियोजना अधिकारियों और अन्य आंतरिक हितधारकों ने भाग लिया। इस कार्यशाला में सामाजिक आवश्यकताओं के अनुरूप संगठनात्मक लक्ष्यों के क्रियान्वयन में सहयोग तथा जवाबदेही बढ़ाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा परिचर्चा की गई। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों ने समूह गतिविधियों, केस स्टडीज के माध्यम से सहकर्मी अनुभवों से सीखा और व्यावहारिक दृष्टिकोणों को साझा किया। कार्यक्रम में हिंडाल्को के लोहरदगा एवं नेतरहाट बॉक्साइट क्लस्टर के महाप्रबंधक राजेश रंजन अंबस्ठा व प्रदीप भालेकर, सामरी से महाप्रबंधक संजय पाढ़ी, बॉक्साइट क्लस्टर सीएसआर प्रमुख स्वेता उपाध्याय, सीएसआर प्रमुख नीरज कुमार,कोल सीएसआर क्लस्टर सीएसआर प्रमुख अनुनय कुमार, डॉ ओपी दुबे, वरीय प्रबंधक अलादी बाबू, प्रबंधक राज सिन्हा, प्रदीप कुमार, कॉमर्शियल विभाग के प्रमुख मो. शारिक अहमद, सस्टेनेबिलिटी से अनोमा बसु, आरके परिदा, भास्कर सिन्हा, आईटी राकेश दीक्षित, बागीस आचार्य, अजय ठाकुर, प्रद्युम्न कुमार, सीएसआर प्रबंधक शोभारानी मोहंती, सरिता डुंगडुंग, सीएसआर विभाग के राकेश तिवारी, अनन्या डे, बिश्वमोहिनी मोहंती, दीपक सिंह, अभय भारती, मनोज कुमार, सुरेन्द्र सिंह, रामअवतार पासवान, अनिल साहू, डॉ पीपी सिन्हा, भास्कर दास गुप्ता,राहुल कुमार, तंदीप सिंह, खुदिया कुमार, मुन्ना भगत, महावीर उरांव मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## नीरू शांति भगत ने खंडा-नरौली पथ का किया निरीक्षण, घटिया निर्माण कार्य देख उपायुक्त से की जांच की मांग



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड मुक्ति मोर्चा की नेत्री एवं पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत की पत्नी नीरु शांति भगत ने ग्रामीणों के आग्रह पर खंडा से नरौली लगभग सावा चार किलोमीटर निर्माणाधीन पथ का निरीक्षण किया और पाया की पथ का निर्माण काफी घटिया स्तर का हो रहा है। यह पथ एक तरफ से बन रहा है तो दूसरी ओर से उजडता जा रहा है और ग्रामीण इससे काफी आक्रोशित हैं। नीरू शांति भगत ने कहा कि प्रभावित क्षेत्र के लोगों के द्वारा घटिया पथ निर्माण की मिल रही सूचना पर जब मैं कार्यस्थल पर पहुंची तो निर्माण कार्य देखकर मैं दंग रह गई। संवेदक काफी घटिया स्तर का निर्माण कार्य करा रहा है और ग्रामीणों द्वारा इसके विरुद्ध उठाए गए आवाज एवं आक्रोश से उसे कोई लेना-देना नहीं है। आश्चर्य तो इस बात की है कि विभागीय पदाधिकारी एवं अभियंताओं का भी इस ओर ध्यान नहीं है और ग्रामीणों का यह आरोप है कि इंजीनियर एवं विभागीय पदाधिकारी भी संवेदक के साथ मिले हुए हैं क्योंकि इनके संरक्षण के बिना इतना घटिया पथ निर्माण कार्य हो ही नहीं सकता। नीरू शांति भगत ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं की एक टीम, जिले के उपायुक्त से मिलकर कार्य में सुधार लाने एवं उचित कार्रवाई करने की मांग करेगी और यदि इस पर अविलंब उचित कार्रवाई नहीं हुई तो राज्य के लोकप्रिय मुख्यमंत्री एवं माननीय विभागीय मंत्री से मिलकर उच्चस्तरीय जांच कराई जाएगी।

# अक्षय तृतीया एवं परशुराम जयंती धर्म, पुण्य, पराक्रम और परंपरा का संगम : संजय सर्राफ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग व श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि वैशाख मास की शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि हिंदू संस्कृति में अत्यंत पवित्र और शुभ मानी जाती है। इस दिन दो महान पर्वों का संयोग होता है-अक्षय तृतीया और भगवान परशुराम जयंती। दोनों पर्व धर्म, पुण्य, पराक्रम और सत्कर्म के प्रतीक हैं। इस वर्ष अक्षय तृतीया एवं भगवान परशुराम जयंती 30 अप्रैल, दिन बुधवार को मनाया जाएगा, अक्षय का अर्थ है जिसका कभी क्षय न हो। यह दिन संकल्प, दान, जप, तप और शुभ कार्यों के लिए सर्वश्रेष्ठ माना गया है। मान्यता है कि इस दिन किए गए कार्यों का फल चिरस्थायी होता है। यही कारण है कि लोग इस दिन स्वर्ण, भूमि, वाहन, और अन्य स्थायी वस्तुओं की खरीदारी करते हैं। पौराणिक



मान्यताओं के अनुसार इस दिन मां गंगा का पृथ्वी पर अवतरण हुआ था, पांडवों को श्रीकृष्ण द्वारा अक्षय पात्र की प्राप्ति हुई थी और यही तिथि त्रेता युग के प्रारंभ की मानी जाती है। अक्षय तृतीया जिसे आखा तीज भी कहा जाता है इसे अबूझ मुहूर्त कहा गया है जहाँ किसी भी शुभ कार्य के लिए विशेष समय की आवश्यकता नहीं होती। यह दिन विशेष रूप से सोने की खरीदारी, दान, यज्ञ और अन्य धार्मिक कार्य के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है इस दिन किए गए कार्यों का पुण्य अक्षय रहता है, अक्षय तृतीया का ही दिन भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम का जन्मदिवस भी रहता है तथा इस दिन परशुराम जयंती पूरे देश में उल्लास पूर्वक मनाया जाता है। परशुराम जयंती का धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व अत्यधिक है इस दिन भगवान परशुराम की पूजा करने से व्यक्ति को शौर्य, बल,और न्याय की प्राप्ति होती है। भगवान परशुराम के मंत्रों का जाप करने से मानसिक शांति और आध्यात्मिक उन्नति होती है परशुराम महर्षि जमदग्नि और माता रेणुका के पुत्र थे। परशुराम को ब्राह्मण होते हुए भी क्षत्रिय धर्म के प्रतीक माना जाता है। वे शस्त्र और शास्त्र दोनों में पारंगत थे। अत्याचारी क्षत्रियों के विनाश के लिए उन्होंने धरती को 21 बार क्षत्रिय विहीन कर दिया था।परशुराम न केवल एक योद्धा थे, बल्कि वे न्याय और धर्म के रक्षक भी थे।

# सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षात्मक बैठक आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** उपायुक्त अजय कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में अप्रैल माह में हुए सड़क दुर्घटनाओं की समीक्षा की गई और आवश्यक कार्य योजना बनाकर सघन रूप से हेलमेट जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। **दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में सुधार :** उपायुक्त ने राष्ट्रीय उच्च पथ पर दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में दुर्घटना की रोकथाम के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने क्रास बैरियर ठीक करने, दिशा सूचक लगाने और सड़क किनारे के पेड़ पर रिफ्लेक्ट लाइट लगाने का निर्देश दिया। **हेलमेट जांच अभियान :** उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने जिले में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए 15 दिन का लगातार वाहन जांच और हेलमेट जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस दौरान सरकारी कर्मी और पुलिस कर्मी बिना हेलमेट के पकड़े जाते हैं तो उनके विरुद्ध दो गुना फाइन वसूली करने और वाहन जप्त कर लेने का निर्देश दिए।

# स्वयंसेवी संस्था मौलाना आजाद वेलफेयर सोसाइटी ने कैरो चांदनी चौक में निकाला कैंडल मार्च

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** बीते दिनों काश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले को लेकर प्रखण्ड के स्वयंसेवी संस्था मौलाना आजाद वेलफेयर सोसाइटी के तत्वधान में रविवार शाम को कैरो चांदनी चौक में कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम आतंकवादी हमले में शहीद हुए लोगो के प्रति दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति की कामना तथा पीड़ित परिवार को दुख की इस घड़ी में धैर्य रखने की कामना की गई। कैंडल मार्च के दौरान पाकिस्तान मुर्दाबाद, आतंवाद मुर्दाबाद, देश मांगे बेगुनाहों का हिसाब आदि नारे लगाते हुए आतंकवादी घटना की कड़ी निंदा की गई।मौके पर मौलाना आजाद वेलफेयर सोसाइटी के आजीवन संरक्षक अलीरजा अंसारी ने कहा कि आतंवादी घटना की जितनी निंदा की जाय कम है, यह



एक कायराना हरकत है, आतंवादी एक सोची समझी रणनीति के तहत इस तरह की घटनाओं को अंजाम दिए हैं। आज देश का हरेक नागरिक दुखी है आतंकवाद की खात्मे के लिए साथ है।देश को कड़ी करवाई करनी चाहिये, पाकिस्तान और आतंकवादियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। मौके पर प्रखण्ड अंजुमन कैरो के सेक्रेटरी सह मौलाना आजाद सेल्फेयर सोसाइटी के आजीवन संरक्षक समीद अंसारी, नईम अंसारी, सकील अंसारी, अख्तर अंसारी, मजुल अंसारी, मुस्लिम आंसारी, अंजुमन इस्लामिया कैरो के सदर इम्तियाज अंसारी, तबारक अंसारी, जुबैर अंसारी, जहांगीर अंसारी, हाफिज सफीक अंसारी, साकिब अंसारी आदि उपस्थित थे।

# विकास कार्यों में विभागीय लापरवाही नहीं किया जाएगा बर्दाश्त : आलोक साहू

## आरेया जलापूर्ति योजना 4 वर्षों से अधूरा पड़ा है



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** किस्को प्रखंड के आरेया पंचायत के ग्रामीणों की शिकायत पर लोहरदगा लोकसभा के माननीय सांसद श्री सुखदेव भगत की निजी सहायक आलोक कुमार साहू आरेया पंचायत के ग्राम तेतरदाड़, चरहु, निरहू गांवों का दौरा कर वहां के ग्रामीणों से रूबरू हुए। ग्रामीणों ने श्री साहू को बताया कि विगत 4 वर्ष पूर्व आरेया ग्रामीण जलापूर्ति योजना प्रारंभ हुआ था जो आज तक नहीं बना है तेतरदाड़ एवं आरेया में टंकी का निर्माण किया जा चुका है। पाइप कनेक्शन भी गांव में लगभग कर दिया गया है उसके बावजूद भी एक वर्षों से काम अधूरा पड़ा है ग्रामीणों ने श्री साहू से अविलंब जलापूर्ति योजना चालू करने की मांग किये। आलोक कुमार साहू ने कहा की विगत 4 वर्ष पूर्व यह योजना चालू किया गया था जो आज तक अधूरा है जिसके कारण आरेया पंचायत के लोग जलापूर्ति योजना से वंचित हैं। गर्मी के मौसम में शुद्ध पानी के लिए जनता त्रस्त है तो दूसरी और विभागीय अधिकारी मस्त है। विकास कार्यों में विभागीय लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। श्री साहू ने कहा कि कल होने वाले दिशा की बैठक में सांसद सुखदेव भगत इस मामला पर चर्चा करेंगे। विदित हो की 15 करोड़ की लागत से बनने वाली यह योजना हाथी का दांत साबित हो रहा है इस योजना के कारण आरेया पंचायत में नल जल योजना नहीं लिया गया था।

# पूर्व राज्यसभा सांसद सह यूनियन महासचिव धीरज प्रसाद साहू पाखर में मजदूरों से हुए रू-ब-रू, कहा

## जब तक मैं जिंदा रहूंगा मजदूरों के हित में लड़ाई लड़ता रहूंगा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आगामी 08 मई को छोटानागपुर बाक्साईट एण्ड कोल वर्कर्स यूनियन का वार्षिक महाधिवेशन जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत स्थानीय मिडिल स्कूल मैदान में आयोजित होने वाला है।जिसकी तैयारियां काफी जोर-शोर से चल रहा है। इसी निमित छोटानागपुर बाक्साईट एण्ड कोल वर्कर्स यूनियन के महासचिव सह पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू किस्को थाना क्षेत्र के पाखर पठारी क्षेत्र में संचालित बाक्साईट माइंस में काम करने वाले मजदूरों और ग्रामीणों से रूबरू हुए। इस बीच मजदूरों और ग्रामीणों एवं रैयतों ने हिंडाल्को कंपनी के कार्यशैली पर प्रश्न उठाते हुए कंपनी के इतने सालों से खनन कार्य को अंजाम दिए जाने के बाद भी मजदूरों, चालकों और



रैयतों को उन्हें उनका हक अधिकार नहीं दिए जाने और क्षेत्र में पानी, बिजली, सड़क, स्वास्थ्य जैसी जरूरियात की बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराए जाने को लेकर पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के समक्ष मौखिक और लिखित रूप से शिकायत दर्ज कराया। इधर यूनियन के महासचिव सह पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू की उपस्थिति में आजसू के श्रमिक संघ अध्यक्ष बाबूलाल नगेसिया यूनियन का दामन थामा। यहां पर मजदूरों और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए पूर्व राज्यसभा सांसद सह छोटानागपुर बाक्साईट एण्ड कोल वर्कर्स यूनियन के महासचिव धीरज प्रसाद साहू ने मजदूरों और ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि मेरा जीवन सिर्फ और सिर्फ मजदूरों के लिए समर्पित है। पूर्व रास सांसद सह यूनियन के महासचिव धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि जबतक मैं जिंदा रहूंगा तब तक मजदूरों के हित की लड़ाई लड़ता रहूंगा। उन्होंने कहा कि लोग आएंगे और अपने आप को मजदूर, श्रमिक एवं आपका हितैषी बोलकर डीजल, पेट्रोल और आपके पैसे को लेकर चले जाएंगे, लेकिन हमारे परिवार के लोग मजदूरों और दबे-कुचले का हक नहीं लिया बल्कि उन्हें उनका शत-प्रतिशत हक अधिकार दिलाने का कार्य कर दिखाया है। आज घूमंतू लोगों की जमात आपको सिर्फ ठगने के लिए आकर बड़े-बड़े वादे कर के चले जाएंगे,काम एक प्रतिशत भी नहीं करेंगे, लेकिन मैं आप मजदूर शोषित पीड़ित और दबे-कुचले लोगों के लिए हमेशा पीलर की तरह खड़ा था और हमेशा रहूंगा। आपकी तमाम प्रकार की समस्यायों को सूचीबद्ध कर निश्चित रूप से समाधान कराए जाने की दिशा में सकारात्मक भूमिका निभाने का प्रयास किया जाएगा।

## जनता दरबार में उपयुक्त ने सुनी लोगों की समस्या, तुरंत कार्रवाई के दिये निर्देश



**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आम जनता के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह के द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं आश्वस्त किया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा। उपायुक्त के जनता दरबार में जमीन विवाद, जल मिनार ठीक करने, भूमि सीमांकन करने, अवैध भूमि कब्जा को छुड़वाने, पंजी टू सुधार करना आदि से संबंधित मामले आये। इस दौरान उपायुक्त महोदय ने एक-एक कर मिलने आए सभी आमजनों की समस्याओं से जुड़े आवेदनों का अवलोकन कर जल्द से जल्द मामले का निष्पादन करने का भरोसा आमजनों को दिया।

# कलश यात्रा के साथ नवनिर्मित हनुमान मंदिर प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम प्रारम्भ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** एकागुड़ी ग्राम में कलश यात्रा के साथ नवनिर्मित हनुमान मंदिर का तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम सोमवार को धार्मिक उल्लास के साथ सनातनी श्रद्धालुओ के सहयोग से प्रारम्भ हुआ। नव निर्मित हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के चितरी डांडू पंचायत अन्तर्गत हनुमान नगर एकागुड़ी में आयोजित किया गया। वही प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के पहले दिन भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें 101 कन्या और 100 महिलाओं ने कलश यात्रा में भाग लिया जबकि सैकड़ों की संख्या में महिला, पुरुष एवं नौजवान भक्त शामिल हुए। कोयल नदी मेढो से विधि विधान के साथ जल उठा कर कलश यात्रा शुरू हुई। कलश यात्रा के दौरान जय श्रीराम और जय बजरंग बली के उद्घोष से गाजे-बाजे के साथ कलश में जल भर कर भक्त कन्याएं और महिला मंदिर परिसर पहुंचे। वही पुरोहित पंकज पाठक द्वारा वैदिक



मंत्रोच्चार के साथ उनके मार्गदर्शन में विधिपूर्वक वेदी और पंचांग पूजन तथा भगवान महावीर जी का अधिवास जैसे धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुआ। समिति के अध्यक्ष श्याकिशोर साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्रामीणों के सहयोग और समर्पण से मंदिर निर्माण कार्य पूर्ण हुआ है। जिसका प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम सोमवार से प्रारम्भ हो गया। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दूसरे दिन मंगलवार को नगर भ्रमण, वेदी पूजन होगा तथा बुधवार को प्राणप्रतिष्ठा, हवन आरती एवं भव्य भंडरा का आयोजन के साथ तीन दिवसीय हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम सम्पन्न होगा। कार्यक्रम के मौके पर सचिव जयचंद्र ठाकुर, सह सचिव अखिलेश प्रसाद, कोषाध्यक्ष ईश्वर साहू, कार्यकारणी सदस्य सतीश मिश्रा, शिवशंकर साहू, निरातम सिंह, नारायण ठाकुर, सरोज उराँव, ठकरू उराँव, राजू उराँव, राजू केशरी, विजय साहू, सुरेश साहू, राजा साहू, सोनू साहू, रोहित यादव समेत अन्य सभी भक्तजनों का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित करने में सहयोग रहा।

# धर्मगुरुओं ने संभाली बाल विवाह की रोकथाम की कमान : विक्रम कुमार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले में बाल अधिकारों की सुरक्षा और बाल विवाह की रोकथाम के लिए कार्यरत संगठन लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान ने बाल विवाहों की रोकथाम के लिए धर्मगुरुओं के बीच चलाया जागरूकता अभियान संगठन के प्रोग्राम मैनेजर विक्रम कुमार ने कहा, धर्मगुरुओं से मिला सहयोग व समर्थन अभिभूत करने वाला,इस अक्षय तृतीया जिले में नहीं होगा एक भी बाल विवाह बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए देश में नागरिक समाज संगठनों के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) के लोहरदगा में सहयोगी संगठन लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान की ओर से अक्षय तृतीया और शादी-ब्याह के मौसम को देखते हुए बाल विवाहों की रोकथाम के लिए विभिन्न धर्मों के विवाह संपन्न कराने वाले पुरोहितों के बीच चलाए जा रहे जागरूकता अभियान को व्यापक सफलता मिली है और सभी धर्मगुरुओं ने इसकी सराहना करते हुए समर्थन का




हाथ बढ़ाया है। संगठन ने कहा कि यह देखते हुए कि कोई भी बाल विवाह किसी पंडित, मौलवी या पादरी जैसे पुरोहित के बिना संपन्न नहीं हो सकता, हमने उन्हें बाल विवाह के खिलाफ अभियान से जोड़ने का फैसला किया। इसके सकारात्मक नतीजों को देखते हुए हम उम्मीद कर सकते हैं इस अक्षय तृतीया पर जिले में एक भी बाल विवाह नहीं होने पाएगा। आज जिले में तमाम मंदिरों-मस्जिदों के आगे ऐसे बोर्ड लगे हुए जिन पर स्पष्ट लिखा है कि यहां बाल विवाह की अनुमति नहीं है। गौरतलब है कि जेआरसी 2030 तक देश से बाल विवाह खत्म करने के मकसद से %चाइल्ड मैरिज फ्री इंडिया% कैम्पेन चला रहा है। जेआरसी कानूनी हस्तक्षेपों के जरिए बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए देश के 416 जिलों में जमीन पर काम कर 250 से भी ज्यादा नागरिक संगठनों का नेटवर्क है जिसने पिछले वर्षों में दो लाख से ज्यादा बाल विवाह रुकवाए हैं और पांच करोड़ से ज्यादा लोगों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई है। इसके सहयोगी संगठन लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान ने स्थानीय प्रशासन के साथ सहयोग व समन्वय से कानूनी हस्तक्षेपों और परिवारों एवं समुदायों को समझा-बुझा कर अकेले 2023-24 में ही जिले में 2055 बाल विवाह रुकवाए हैं। यह संगठन 2030 तक बाल विवाह मुक्त भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए जेआरसी के संस्थापक भुवन ऋभु की किताब 'व्हेन चिल्ड्रेन हैव चिल्ड्रेन ⁻ टिपिंग प्वाइंट टू इंड चाइल्ड मैरेज' में सुझाई गई समग्र रणनीति पर अमल कर रहा है। लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान के प्रोग्राम मैनेजर विक्रम कुमार ने कहा कि अभी भी देश में बाल विवाह के खिलाफ जरूरी जागरूकता की कमी है। ज्यादातर लोगों को यह पता नहीं है कि यह बाल विवाह निषेध अधिनियम (पीसीएमए), 2006 के तहत दंडनीय अपराध है। इसमें किसी भी रूप में शामिल होने या सेवाएं देने पर दो साल की सजा व जुर्माना या दोनों हो सकता है। इसमें बाराती और लड़की के पक्ष के लोगों के अलावा कैटरर, साज-सज्जा करने वाले डेकोरेटर, हलवाई, माली, बैंड बाजा वाले, मैरेज हाल के मालिक और यहां तक कि विवाह संपन्न कराने वाले पंडित और मौलवी को भी अपराध में संलिप्त माना जाएगा और उन्हें सजा व जुर्माना हो सकता है। उन्होंने कहा कि इसीलिए हमने धर्मगुरुओं और पुरोहित वर्ग के बीच जागरूकता अभियान चलाने का फैसला किया क्योंकि यह वो सबसे महत्वपूर्ण वर्ग है जो विवाह संपन्न कराता है। हमने उन्हें समझाया कि बाल विवाह और कुछ नहीं बल्कि बच्चों के साथ बलात्कार है। अठारह वर्ष से काम उम्र की किसी बच्ची से वैवाहिक संबंधों में भी यौन संबंध बनाना यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) कानून के तहत बलात्कार है। बेहद खुशी का विषय है कि आज पंडित और मौलवी इस बात को समझते हुए न सिर्फ इस अभियान को समर्थन दे रहे हैं, बल्कि खुद आगे बढ़कर बाल विवाह नहीं होने देने की शपथ ले रहे हैं। यदि पुरोहित वर्ग बाल विवाह संपन्न कराने से इनकार कर दे तो देश से रातोंरात इस अपराध का सफाया हो सकता है। इस अभियान में उनके आशातीत सहयोग व समर्थन से हम अभिभूत हैं। इसको देखते हुए हमारा मानना है कि जल्द ही हम बाल विवाह मुक्त लोहरदगा के लक्ष्य को हासिल कर लेंगे।

**चलते चलते एक नजर**

## जनता को भयमुक्त सुरक्षा देना पुलिस की प्राथमिकता : सुरेन्द्र

**यमुनानगर** : यमुनानगर के जिला पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र भोरिया ने कहा कि भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस रहेगा और अपराध करने वाले को बख्शा नहीं जाएगा। जनता की सुरक्षा पुलिस का पहला कर्तव्य है। व्यापारियों को भी जरूरत पड़ने पर सुरक्षा मुहैया कराई जाएगी।सोमवार को यमुनानगर में अपना पदभार संभालने के बाद जिला लघु सचिवालय के सभागार में पत्रकारों से बातचीत करते हुए जिला पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र भोरिया ने कहा कि पुलिस जनता की सेवा और सुरक्षा में हरदम मुस्तैद है। जनता के सहयोग के बिना किसी भी क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगाना थोड़ा मुश्किल होता है, इसमें जनता का सहयोग जरूरी है और यही हमारी अपील भी है।उन्होंने कहा कि यमुनानगर जिला हिमाचल और उत्तरप्रदेश की सीमा से सटा हुआ है। इस जिले की सीमाओं पर विशेष निगरानी रहेगी। युवकों को नशा के विरुद्ध जागरूक किया जाएगा और उनको खेलों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित भी किया जाएगा।शहर में अतिक्रमण को हटाने के लिए सभी बाजारों में व्यापारी संगठनों के सहयोग और निगम की सहायता से प्रयास किया जाएगा। विशेषकर उन्होंने गैंगस्टरों द्वारा व्यापारियों को डराने और पैसे की उगाही पर रोक लगाने के लिए पुलिस सुरक्षा मुहैया कराने का भरोसा दिया और खनन क्षेत्र में चलने वाले डंपरों पर सख्त कार्रवाई करने की बात कही। वहीं उन्होंने जनता से यातायात नियमों के पालना करने की अपील की।

## तहव्वुर राणा की एनआईए हिरासत की मांग पर फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली** : पटियाला हाउस कोर्ट के स्पेशल जज चंदरजीत सिंह ने 2008 में 26 नवंबर को मुंबई में हुए आतंकी हमलों के साजिशकर्ता तहव्वुर राणा की एनआईए हिरासत की मांग पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। कोर्ट आज ही इस पर फैसला सुनाएगी। आज तहव्वुर राणा की एनआईए हिरासत खत्म हो रही थी, जिसके बाद एनआईए ने उसे कोर्ट में पेश किया था।कोर्ट ने 24 अप्रैल को तहव्वुर राणा को अपने परिवार के सदस्यों से बात करने की अनुमति की मांग खारिज कर दी थी। कोर्ट ने 10 अप्रैल को तहव्वुर राणा को आज तक की एनआईए की हिरासत में भेजा था। एनआईए ने 10 अप्रैल की शाम को तहव्वुर को दिल्ली के पालम वायुसेना अड्डे पर उतरते ही गिरफ्तार किया था। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट से प्रत्यर्पण के खिलाफ राणा की याचिका खारिज किए जाने के बाद उसे भारतीय एजेंसियों की एक टीम उसी दिन अमेरिका से लाई थी।तहव्वुर राणा पाकिस्तानी मूल का कनाडाई नागरिक है। वर्ष 2008 के मुंबई आतंकी हमलों के मुख्य साजिशकर्ताओं में से एक अमेरिकी नागरिक डेविड कोलमैन हेडली उर्फ दाऊद गिलानी का करीबी सहयोगी है।64 वर्षीय तहव्वुर राणा के समर्थन की वजह से उस समय भारत में हेडली की आवाजाही आसान हो गई थी। पाकिस्तान मूल के तहव्वुर राणा और डेविड कोलमैन हेडली बचपन के दोस्त थे और दोनों ने एक ही सैनिक स्कूल से पढ़ाई की थी। तहव्वुर राणा ने डेविड कोलमैन हेडली की मदद के लिए मुंबई में एक एजेंसी खोली थी।

# विदाई समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** ज्योति प्रकाश महिला बी.एड. कॉलेज में दिनांक 26 अप्रैल 2025 को सत्र 2022-24 की छात्राओं के लिए विदाई समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अनुपमा गुप्ता द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।इसके बाद छात्राओं ने सामूहिक रूप से केक काटकर खुशी का इजहार किया। तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत हुई जिसमें डांस, ड्रामा, सॉन्ग और छोटे-छोटे खेलों का आयोजन किया गया। छात्राओं ने बड़े उत्साह और उमंग के साथ अपनी प्रस्तुतियाँ दीं। समारोह में सभी छात्राएँ एवं शिक्षकगण अपनी सक्रिय उपस्थिति से कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिए।

शिक्षकों में अविनाश सिन्हा, सुजीत कुमार, माया त्रिपाठी, अंजना दुबे, सुशील उपाध्याय, कुलदीप पांडे, पवन कुमार शर्मा, सौरभ सिंह एवं राकेश दुबे विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का आयोजन सत्र 2023-25 की छात्राओं द्वारा बेहद सफलतापूर्वक किया गया। महाविद्यालय परिवार की उपस्थिति ने समारोह को और भी यादगार बना दिया। प्राचार्या का संदेश÷ इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अनुपमा गुप्ता ने छात्राओं को आशीर्वचन देते हुए कहा,

÷हमेशा आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ें। कठिनाइयाँ आएंगी, लेकिन धैर्य और परिश्रम से हर चुनौती को पार कर सकते हैं। जहाँ भी जाओ, अपनी पहचान बनाओ और अपने परिवार, समाज एवं महाविद्यालय का नाम रोशन करो। सफलता तुम्हारे कदम चूमे, यही हमारी शुभकामना है।


## कसौधन समाज द्वारा तीन पनशाला का उदघाटन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** भीषण गर्मी के मद्देनजर कसौधन समाज द्वारा गढ़वा शहर के दो स्थानों पर आम राहगीरों की सुविधा के लिए तीन पनशाला की शुरुआत की गई। चिनिया रोड ओल्ड आई टी आई के पास, मेन रोड एवं भवानी अखड़ा रांकी मुहल्ला के आरंभ हुए पनशाला का उद्घाटन अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के अध्यक्ष रविन्द्र जायसवाल, कसौधन समाज के अध्यक्ष उमेश कश्यप, संरक्षक रघुवीर कश्यप, पृथ्वीनाथ कश्यप द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। अध्यक्ष उमेश ने कहा कि समाज के द्वारा हर वर्ष पनशाला खोला जाता है। प्यासे को पानी पिलाना बहुत ही पुनीत कार्य है। मौके पर जय किशोर कश्यप, संतोष कश्यप, विवेक कश्यप, मनीष कश्यप, पंचम सोनी, मुन्ना कश्यप, अभिषेक कश्यप, विमलेश यादव, शुभम केसरी, शुभम गुप्ता, सोनू कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

## नैनीताल का बदलेगा मौसम, बारिश की चेतावनी



**एजेंसी**

**नैनीताल :** तेज गर्मी के बीच अचानक देवभूमि उत्तराखंड का मौसम आने वाले दो-तीन दिनों में बदलने जा रहा है। ऐसे में होने वाली इस बारिश से नैनीताल भी अछूता नहीं रहेगा।मौसम विभाग की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार नैनीताल जनपद में 30 अप्रैल से बारिश शुरु हो सकती है जो 04 मई तक जारी रह सकती है। जनपद में 30 अप्रैल को जहां कुछ जगहों पर काफी हल्की बारिश हो सकती है तो वहीं कहीं कहीं गर्जना के साथ आकाशीय बिजली चमकने की भी संभावना है।इसके बाद 01 मई के दिन नैनीताल जनपद में अनेक स्थानों पर हल्की व मध्यम बारिश होगी। जबकि इसी दिन कुछ जगहों पर गर्जना के साथ आकाशीय बिजली चमकने के अलावा कहीं-कहीं तेज झोंकेदार हवाओं के चलने की चेतावनी हैं।वहीं 02 मई को नैनीताल जनपद के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान है, जबकि इसी दौरान कहीं कहीं गर्जना के साथ आकाशीय बिजली चमकने के अलावा कहीं-कहीं तेज हवाएं भी चलने की चेतावनी जारी की गई हैं।3 व 4 मई को नैनीताल जनपद की कुछ जगहों पर हल्की व मध्यम बारिश हो सकती है।मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के निदेशक विक्रम सिंह का कहना है कि इन स्थितियों में उचित होगा कि किसान अपनी कटी हुई उपज को सुरक्षित स्थान पर रखें। आकाशीय बिजली की गर्जना, झोंकेदार हवाओं के समय घर के अन्दर रहें और खिड़कियों व दरवाजे बंद रखें।आकाशीय बिजली की गर्जना के दौरान बिजली का संचालन करने वाली सभी वस्तुओं से दूर रहे। लोगों को सलाह है कि वे आकाशीय बिजली की गर्जना व झोंकेदार हवाओं के समय सुरक्षित स्थानों व पक्के मकानों में शरण लें, पेड़ों के नीचे शरण ना लें। आकाशीय बिजली की गर्जना व झोंकेदार हवाओं के दौरान जानवरों को बाहर न बांधे।

# परशुराम जन्मोत्सव पर तीन दिवसीय कार्यक्रम शुरू



**एजेंसी**

**जोधपुर :** भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के अवसर पर तीन दिवसीय कार्यक्रम सोमवार से शुरू हो गए है। मंगलवार को शहर में भगवान परशुराम की शोभायात्रा निकाली जाएगी।राजस्थान ब्राह्मण महासभा जोधपुर के अध्यक्ष जगदीश गौड़ ने बताया कि परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में तीस अप्रैल तक विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। पहले दिन आज शाम महर्षि गौतम भवन में गौ रक्षा संकल्प एवं पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद 29 अप्रैल को सुबह साढ़े दस बजे घंटाघर से जालोरी गेट तक एक शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें धर्म और सनातन संस्कृति से संबंधित विभिन्न झांकियां प्रदर्शित की जाएगी।महासभा के उपाध्यक्ष कमल जोशी ने बताया कि परशुराम जन्मोत्सव का समापन समारोह तीस अप्रैल को सेंट्रल एकेडमी स्कूल के पास स्थित परशुराम सर्किल पर महाआरती के साथ संपन्न होगा।वहीं सर्व ब्राह्मण महासभा एवं श्री परशुराम मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में भी तीन दिवसीय विशेष पूजा अर्चना के साथ परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम परशुराम मंदिर में आयोजित किया जा रहा है। महासभा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सत्य प्रकाश बोहरा ने बताया कि सोमवार को मंदिर में सुबह गणपति आमंत्रण कार्यक्रम का आयोजन हुआ।दूसरे दिन 29 अप्रैल को भगवान परशुराम की मूर्ति पर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ दुग्धाभिषेक किया जाएगा। तीस अप्रैल को भगवान परशुराम की विशेष पूजा अर्चना एवं सायं पांच बजे सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा।

# बांग्लादेश दौरे पर न्यूजीलैंड ए टीम की कमान संभालेंगे केली और कार्टर




**एजेंसी**

**वेलिंगटन :** न्यूजीलैंड ए टीम के आगामी बांग्लादेश दौरे के लिए निक केली और जो कार्टर को कप्तान नियुक्त किया गया है। इस दौरे में हाल ही में पाकिस्तान के खिलाफ डेब्यू करने वाले रीस मारिउ और मुहम्मद अब्बास भी टीम का हिस्सा होंगे। निक केली तीन एकदिवसीय मुकाबलों के दौरान टीम की कप्तानी करेंगे, जबकि इसके बाद जो कार्टर चार दिवसीय दो मैचों के लिए नेतृत्व संभालेंगे। केली, मारिउ और अब्बास ने हाल ही में पाकिस्तान के खिलाफ अपने डेब्यू किए थे। ऑलराउंडर मुहम्मद अब्बास ने विशेष रूप से डेब्यू पर केवल 24 गेंदों में सबसे तेज अर्धशतक जड़कर सभी का ध्यान आकर्षित किया था। वहीं, केली और मारिउ प्लंकेट शील्ड में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे।कार्टर ने 2022 में भारत दौरे के दौरान न्यूजीलैंड ए के लिए शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने उस दौरे पर 60.40 की औसत से रन बनाए थे और दो शतक भी जमाए थे, जिसमें उनका करियर बेस्ट 197 रन शामिल था। विकेटकीपर मिच हे भी इस टीम में शामिल हैं, जिन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ हैमिल्टन में नाबाद 99 रनों की पारी खेली थी। उनके अलावा ऑलराउंडर जोश क्लार्कसन को भी टीम में चुना गया है।

गेंदबाजी आक्रमण में इंटरनेशनल अनुभव रखने वाले जैक फोल्क्स और बेन लिस्टर जैसे खिलाड़ी भी शामिल हैं। लेग स्पिनर आदि अशोक, जो पाकिस्तान सीरीज में भी टीम का हिस्सा थे, एक बार फिर चयनित हुए हैं।टीम के कोच बॉब कार्टर ने कहा,कई खिलाड़ियों के लिए यह उपमहाद्वीप की परिस्थितियों का पहला अनुभव होगा, जो उनके कौशल विकास के लिए एक बेहतरीन चुनौती और अवसर साबित होगा।न्यूजीलैंड ए और बांग्लादेश ए के बीच तीन एकदिवसीय मैच 5, 7 और 10 मई को सिलहट में खेले जाएंगे। इसके बाद पहला चार दिवसीय मुकाबला 14-17 मई तक सिलहट में और दूसरा चार दिवसीय मुकाबला 21-24 मई तक ढाका में खेला जाएगा।न्यूजीलैंड ए टीम मुहम्मद अब्बास, आदि अशोक, मैट बॉयल, जो कार्टर (लाल गेंद कप्तान), क्रिस्टियन क्लार्क, जोश क्लार्कसन, जैक फोल्क्स, डीन फॉक्सक्रॉफ्ट, मिच हे, कर्टिस हीफी, निक केली (सफेद गेंद कप्तान), जेडन लेनॉक्स, बेन लिस्टर, रीस मारिउ, डेल फिलिप्स।

## मप्रः कटनी वन मण्डल की 35 हेक्टेयर वन भूमि को अतिक्रमण से किया मुक्त

**भोपाल :** कटनी वन मण्डलाधिकारी गौरव शर्मा के नेतृत्व में कटनी वन मण्डल की 35 हेक्टेयर वन भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया है। कटनी वन मण्डल के वन परिक्षेत्र ढीमरखेड़ा के अंतर्गत शाहडार के घने जंगल के बीच आसपास के ग्रामवासियों के संरक्षण में अन्य जिलों के लोगों द्वारा कई वर्षों से वन भूमि पर अतिक्रमण किया गया था। अतिक्रमणकर्ताओं के विरुद्ध कार्रवाई कर वन अपराध प्रकरण कायम किया गया। कटनी कलेक्टर दिलीप कुमार यादव एवं पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन द्वारा निर्देशित राजस्व विभाग के 5 सदस्यों और पुलिस के 10 सदस्यों की टीम के सहयोग से वन मण्डलाधिकारी शर्मा के नेतृत्व में 70 वनकर्मियों द्वारा वन भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।

# चार धाम यात्रा को सुगम बनाने के लिए हरिद्वार क्षेत्र को 6 जोन में बांटा गया



**एजेंसी**

**हरिद्वार :** चार धाम यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। इसी के चलते एसएसपी ने खुले मंच से जवानों से संवाद किया। पुलिस लाइन में आयोजित ब्रीफ व जनसंवाद के दौरान कई अधिकारियों, कर्मचारियों ने विभाग से जुड़े कई मुद्दों, समस्याओं पर खुले मंच पर अपनी बात रखी।द्धएसएसपी प्रमेन्द्र डोबाल ने चारधाम यात्रा में लगे पुलिस फोर्स को ब्रीफ करते हुए जनपद में चारधाम यात्रा के नोडल अधिकारी एसपी सिटी को नियुक्त किया।श्री डोबाल ने हरिद्वारा को चारधाम यात्रा का मुख्य द्वार होने के कारण हरिद्वार की पुलिस की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए सभी जवानों को अपनी विशेष जिम्मेदारी सतर्कता व कर्तव्यनिष्ठा के साथ निभाने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि रात्रि में ड्यूटी पर नियुक्त पुलिस बल वाहनों को सड़क के किनारे अनावश्यक रूप से पार्क नहीं होने देगें। सभी पुलिस कर्मी यात्रियों से मधुर व्यवहार बनायेंगे तथा अनुशासन बनाये रखेंगे। प्रत्येक सुपर जोनल, जोनल, सेक्टर प्रभारी अपने-अपने सुपर जोन, जोन, सेक्टर में नियुक्त पुलिस बल को भलीभांति ब्रीफ करेंगे। यात्रा के दृष्टिगत चमगादड़ टापू एवं यातायात डायवर्जन होने पर बैरागी कैम्प थाना कनखल को होल्डिंग एरिया चिह्नित किया गया है।उन्होंने बताया कि चारधाम यात्रा को सुगम, सुरक्षित एवं निर्बाध बनाये जाने के लिए हरिद्वार क्षेत्र को 02 सुपर जोन 06 जोन एवं 13 सेक्टर में विभाजित किया गया है। परिजनों से बिछुड़ने वाले श्रद्धालुओं की सहायता हेतु सीसीआर पर खोया-पाया केन्द्र की स्थापना की गई है। श्रद्धालुओं के डूबने की घटनाओं पर रोकथाम व बचाव के लिए जल पुलिस की टीमें विभिन घाटों पर मयमोटर बोट नियुक्त रहेंगी। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर व प्रभारी चौकी हरकी पैड़ी के निर्देशन में जेबकतरे, उठाईगिरे, भिखारियों के विरूद्ध कार्यवाही के लिए विशेष दस्ते की नियुक्ति की गई है।

# प्राइवेट अस्पतालों के लिए बनेंगे महिला सुरक्षा के नियम



**एजेंसी**

**गुरुग्राम :** मेदांता मेडिसिटी अस्पताल में उपचाराधीन एक एयर होस्टेस के यौन उत्पीडऩ के मामले में हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणु भाटिया ने कहा कि हरियाणा के प्राइवेट अस्पतालों में महिलाओं की सुरक्षा के लिए नियम बनाए जाएंगे। अस्पतालों को महिला सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।सोमवार को यहां वन स्टॉप सेंटर के निरीक्षण के बाद पत्रकारों से बातचीत में रेणु भाटिया ने कहा कि हरियाणा के प्राइवेट अस्पतालों में महिला सुरक्षा को लेकर कड़े नियम बनाए जा रहे हैं। किसी भी अस्पताल में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना अस्पताल का दायित्व होगा। रेणु भाटिया ने कहा कि अगर बड़े अस्पतालों में ही महिला मरीजों के साथ इस तरह की हरकत होगी तो महिलाएं कहां सुरक्षित होंगी। इस मामले में उन्होंने पुलिस कमिश्नर विकास अरोड़ा से भी बात की है। साथ ही अस्पताल प्रबंधन से भी जवाब मांगा है। अपने जवाब में अस्पताल प्रबंधन ने यह आश्वस्त किया है कि इस तरह की हरकत दोबारा नहीं होने दी जाएगी।रेणु भाटिया ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा के मद्देनजर अस्पतालों के लिए भी कड़े नियम बनाए जा रहे हैं। यह नियम सभी छोटे व बड़े अस्पतालों के लिए समान होंगे। उन्होंने कहा कि महिला आयोग सुरक्षा को लेकर काफी सतर्क है। उन्होंने पिछले दिनों एक अस्पताल में हुए बच्चा चोरी के मामले की जानकारी देते हुए कहा कि महिला आयोग ने इस बच्चा चोरी मामले में संज्ञान लेकर कड़ी कार्रवाई करवाई। जिसका नतीजा यह निकला कि बच्चा चोरी गैंग अब जेल में है।उन्होंने साफ कर दिया कि महिला सुरक्षा में कोई कोताही नहीं बरती जाएगी। अस्पताल में महिला सुरक्षित रहे चाहे वह अस्पताल स्टाफ हो या कोई मरीज सभी की सुरक्षा के लिए कड़े कदम उठाए जा रहे हैं। बता दें कि पिछले दिनों ट्रेनिंग पर गुरुग्राम आई एक एयर होस्टेस की पानी में डूबने से तबीयत खराब हो गई थी। एयर होस्टेस को इलाज के लिए मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद महिला ने सदर थाना पुलिस को शिकायत देकर कहा था कि जब वह वेंटीलेटर पर थी तो अस्पताल के स्टाफ ने उसके साथ यौन उत्पीडऩ किया था।

## झज्जर : मछली पालन टैंक में गिरने से दो युवकों की मौत

**झज्जर :** जिले के गांव कुतानी में एक मछली पालन टैंक में गिरने से दो युवकों की मौत हो गई। इन दोनों कामगारों ने मछली पालन पॉन्ड (होद) में पानी भरने के लिए ट्यूबवेल की मोटर चलाई और होद किनारे ही आपस में मस्ती करने लगे। इस दौरान उनके पांव फिसल गए और सर के बाल टैंक में जा गिरे। जिससे दोनों की मौत हो गई। वे असम के मूल निवासी थे। गांव कुतानी के श्यामलाल अपनी 5 एकड़ जमीन में मछली पालन का धंधा करते हैं। उनकी इस जमीन में मछली पालन के लिए छह टैंक बने हैं। फिलहाल इनमें से चार में पानी भरा हुआ है और दो खाली हैं। यहां चार युवक काम करते थे। इनमें से प्रमुख कामगार शनिवार को ही अपने पैतृक गांव चला गया था। दो की रविवार को टैंक किनारे मस्ती के दौरान टैंक में गिरने से मौत हो गई। इनमें तीसरे कामगार की घटना पर की नजर पड़ी तो मोबाइल फोन से गांव के सरपंच प्रतिनिधि रविंद्र को जानकारी दी।

# फतेहाबाद : पहलगाम में मारे गए पर्यटकों को दी श्रद्धांजली



**एजेंसी**

**फतेहाबाद :** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष लोगों पर हुए कायराना आतंकी हमले का विरोध में पेस्टीसाइड एंड फर्टिलाइजर एसोसिएशन फतेहाबाद द्वारा सोमवार को श्रद्धांजली सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान पेस्टीसाइड व फर्टिलाइजर एसोसिएशन के सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर इस कायराना हमले में मारे गए पर्यटकों को श्रद्धांजली दी गई वहीं भारत सरकार से इस मामले में कठोर निर्णय लेते हुए घटना के दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिए जाने की मांग उठाई गई। श्रद्धांजलि सभा में ब्लॉक और जिला स्तर पर खाद, बीज व कीटनाशक दवाओं के विक्रेता मौजूद रहे। एसोसिएशन के प्रधान ने कहा कि पहलगाम में हुई घटना ने हर देशवासी को झकझोर कर रख दिया है। पूरे देश में आज आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की आवाज उठ रही है। इस अवसर पर प्रधान कृष्ण गिल्होत्रा, संरक्षक नरेश कुमार टीटू, मंगत मित्तल, साहिल, उपप्रधान पूर्ण कम्बोज, हेमंत बत्रा, शीला, मोहन चौधरी, कुलदीप जिंदल, साहिल झंडई सहित अनेक दुकानदार मौजूद रहे। नई उम्मीद ट्रस्ट ने पहलगाम हमले में मारे गए पर्यटकों को दी श्रद्धांजली। पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजली अर्पित करने के लिए नई उम्मीद वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा सर्वसमाज के सहयोग से लाल बत्ती चौक स्थित अम्बेडकर पार्क में सभा का आयोजन किया गया। ट्रस्ट की संयोजक संगीता प्रणामी जांगड़ा की अध्यक्षता में आयोजित इस श्रद्धांजली सभा में विशेष तौर पर नगरपरिषद की वाइस चेयरमैन सविता टुटेजा व प्रमुख समाजसेवी नेहा मित्तल ने भाग लिया। कार्यक्रम में विशेष तौर पर सामाजिक संस्था जिंदगी के अध्यक्ष हरदीप सिंह, विश्व हिन्दू परिषद से दीपक सरदाना, जीव रक्षा संस्था पाव एंड प्रिंट के अलावा मोबाइल मार्किट यूनियन के सदस्यों, ट्रस्ट सदस्य रोहताश आजाद, सुनील दीक्षित, ज्योति मेहता, विकास गांधी, रवि वर्मा, ज्योति ने भी भाग लिया और इस हमले में मारे गए निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की। ट्रस्ट संयोजक संगीता प्रणामी जांगड़ा ने कहा कि पहलगाम में आतंकियों ने जिस तरह पर्यटकों पर हमला किया, वह मानवता को शर्मसार करने वाला है।